


17 अगस्त 2024 शनिवार

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज



बोले प्रशांत किशोर... अक्टूबर के बाद हुआ उपचुनाव तो ठोकेंगे ताल 2



# सीएम नीतीश का ऐलान... विधानसभा चुनाव से पहले 12 लाख युवाओं को देंगे सरकारी नौकरी

- स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सीएम नीतीश कुमार ने गांधी मैदान में किया झंडोतोलन
- जनता से किया वादा... अगले साल चुनाव से पहले 10 लाख और लोगों को रोजगार देने का है लक्ष्य



**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में विधानसभा चुनाव होने में अभी छह महीने से ज्यादा समय बचा है। इससे पहले ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चुनावी मोड में आ गए हैं। इसकी झलक पटना के गांधी मैदान में आयोजित 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में देखने को मिली। जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जो चीज हमने शुरू की थी, उसे लेकर कुछ लोग क्रेडिट ले रहे हैं जबकि वो तो बीच में जुड़े और अब हमसे अलग भी हो चुके हैं। नीतीश कुमार ने आगे कहा कि अभी तक 5 लाख 16 हजार लोगों को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। इसके अतिरिक्त लगभग दो लाख पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो गई है। अब हमने तय किया है कि इस साल अगले साल चुनाव से पहले युवाओं को 10 लाख की जगह 12 लाख सरकारी नौकरियां दी जाएगी। हमने 2022 में 10 लाख सरकारी नौकरी देने की बात कही थी। अब हम इस संख्या को और बढ़ाने जा रहे हैं। हम लोगों ने उस दौरान 10 लाख रोजगार देने की बात कही थी लेकिन बीते चार वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में 24 लाख लोगों को रोजगार दे दिया गया है। जबकि हमने बात 10 लाख रोजगार देने की की थी। हमारा इस साल और अगले साल चुनाव से पहले 10 लाख और लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य है। इस तरह से अब 10 लाख की जगह 34 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा और 10 लाख सरकारी नौकरी की जगह 12 लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां दी जाएंगी।

## जल्द शुरू होगा दरभंगा एम्स का निर्माण कार्य

सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य के सभी अस्पतालों में मरीजों के खाने के लिए दीदी की रसोई शुरू की गई है। 2003 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने पटना में एम्स बनाने की स्वीकृति दी। बाद में केंद्र सरकार ने दरभंगा में एम्स बनाने की स्वीकृति दी। अब इसका निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होगा। राहगीरों को कोई परेशानी न हो, जाम की समस्या से छुटकारा मिले, इसके लिए एलिवेटेड रोड, ओवरब्रिज समेत कई नए सड़कों का निर्माण हुआ है। आगे भी निर्माण कार्य जारी रहेगा।

## हमारा उम्र 74 है और तुम अभी 69 के ही हो...

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वतंत्रता दिवस पर दानापुर लखनी बीघा महादलित टोला में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में एक दिलचस्प वाकया हुआ जब नीतीश कुमार ने मंच से ही टोला के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति रामाशीष राम से उनकी उम्र पूछी। उसके बाद जैसे ही बुजुर्ग ने अपनी उम्र 69 साल बताई। मुख्यमंत्री मुस्कुराते हुए उससे बातचीत करने लगे। उसे घूमने फिरने की सलाह देने लगे। लखनी बीघा महादलित टोला में सबसे बुजुर्ग व्यक्ति द्वारा झंडा फहराने की परंपरा है। इस बार यह सम्मान 69 वर्षीय रामाशीष राम को मिला। नीतीश कुमार ने रामाशीष को देखकर उनकी उम्र पूछी। जवाब में रामाशीष ने कहा 69 साल। यह सुन नीतीश बोले कि अभी 70 भी नहीं हुआ है। बताइए हमरा तो 74 हो गया है और तुम अभी उनहत्तर (69) में है।

## बांग्लादेश के पीएम युनूस ने पीएम मोदी से की बात, हिंदुओं की सुरक्षा का दिया भरोसा

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में पूर्व पीएम शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद भी वहां पर हालात सामान्य नहीं हो पाए हैं। अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार की भी ढेरों वारदातें हुईं। इसी बीच, शुक्रवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस ने पीएम नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की है। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस का टेलीफोन कॉल आया। उन्होंने वहां की मौजूदा स्थिति के बारे में बताया। इतना ही नहीं पीएम ने आगे लिखा कि लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण और प्रगतिशील बांग्लादेश के लिए भारत के समर्थन को यूनुस ने दोहराया। मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश में हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा, संरक्षा और सुरक्षा का आश्वासन दिया। यूनुस की तरफ से यह आश्वासन बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू समुदाय के सदस्यों पर हमलों की खबरों के बाद आया है। बांग्लादेश से कई ऐसी खबरें आई हैं जिनमें हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हुए हमले के बारे में दिखाया गया है।

### 78वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले पर फहराया राष्ट्रध्वज

# पीएम मोदी की घोषणा... अगले 5 वर्षों में 75000 और मेडिकल सीटें बढ़ाई जाएंगी

- पीएम मोदी बोले- जन-जन की सेवा करना हमारा संकल्प है। जन जन की सेवा से विकसित भारत बनाएंगे
- 140 करोड़ मेरे परिवारजन संकल्प लेकर चल पड़ते हैं, तो 2047 में प्राप्त कर सकते हैं विकसित भारत का लक्ष्य



**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार 11वीं बार दिल्ली के लाल किले पर पहुंचकर तिरंगा झंडा फहराया। इस दौरान लाल किले की प्राचीर से उन्होंने हाथ हिलाकर वहां मौजूद लोगों का अभिनंदन किया। भारत माता की जय के साथ पीएम मोदी ने लाल किले की प्राचीर से अपने संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि जन-जन की सेवा करना हमारा संकल्प है। जन जन की सेवा से विकसित भारत बनाएंगे। हमने देश को नया आत्मविश्वास दिया। अगली पीढ़ी पर काम नहीं टाल सकते। आज आजादी के दीवानों को नमन करने का दिन है। स्वतंत्रता सेनानियों का तहे दिल से नमन है।

उन्होंने कहा, 'मेरे प्यारे देशवासियों, आज जो महानुभाव राष्ट्ररक्षा और राष्ट्रनिर्माण के लिए पूरी लगन और प्रतिबद्धता के साथ देश की रक्षा कर रहे हैं, ऊंचाई पर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। चाहे वे किसान हों, जवान हों, हमारे नौजवानों का हौसला हो, दलित हो पीड़ित हों, वंचित हों... लोकतंत्र के प्रति उसकी श्रद्धा पूरे विश्व के लिए एक प्रेरक घटना है। मैं आज ऐसे सभी को आदरपूर्वक नमन करता हूं।' पीएम मोदी ने कहा, 'प्यारे देशवासियो, इस वर्ष और पिछले कुछ वर्षों से प्राकृतिक आपदा के कारण हम सबकी चिंता बढ़ती जा रही है। प्राकृतिक आपदा में अनेक लोगों ने अपने परिवारजन खोए हैं। संपत्ति खोई है। राष्ट्र ने भी नुकसान झेला है। मैं आज उन सबके प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं और उन्हें विश्वास दिलाना चाहता हूं कि देश इस संकट की घड़ी में उनके साथ खड़ा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अगर हमारे पूर्वज जिनका खून हमारी रगों में है, आज हम तो 140 करोड़ हैं। अगर 40 करोड़ लोग गुलामी की बेड़ियों को तोड़ सकते हैं, आजादी के सपने को पूर्ण कर सकते हैं तो 140 करोड़ मेरे परिवारजन अगर संकल्प लेकर चल पड़ते हैं, कदम से कदम और कंधा से कंधा मिलाकर चल सकते हैं तब चुनौतियां कितनी भी बड़ी क्यों न हों, अभाव की मात्रा कितनी ही तीव्र क्यों न हो, तब भी हर चुनौती को पार करते हुए हम समृद्ध भारत बना सकते हैं। हम 2047 में विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। अगर 40 करोड़ देशवासी अपने पुरुषार्थ से आजादी दे सकते हैं तो 140 करोड़ देशवासी उसी भाव से समृद्ध भारत भी बना सकते हैं।

### पीएम मोदी के भाषण की खास बातें

- पीएम मोदी ने कहा– बांग्लादेश में हालात जल्द ही सुधरेंगे, साथ ही उन्होंने वहां हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर चिंता भी जताई। मोदी ने कहा कि भारत हमेशा बांग्लादेश के विकास और तरक्की का समर्थन करेगा।
- पीएम ने कहा– देश में कम्युनल नहीं, सेक्युलर सिविल कोड चाहिए।
- महिलाओं के खिलाफ अत्याचारों के लिए दी जाने वाली सजाओं का व्यापक प्रचार करने की जरूरत है, ताकि गलत करने वालों को कानून का डर बना रहे।
- मोदी ने कृषि क्षेत्र में बड़े सुधारों पर भी जोर दिया और देश में किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के प्रयासों पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने जैविक खेती को चुनने के लिए किसानों की सराहना की।
- मोदी ने कहा कि देश के छात्र दूसरे देशों में मेडिकल की पढ़ाई करने जाते हैं, जो सही नहीं। इसके चलते अगले पांच वर्षों में 75,000 और मेडिकल सीटें बढ़ाई जाएंगी।
- मोदी ने कहा कि देश 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए अपने प्रयासों में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

## डॉक्टर के साथ हिंसा होने पर अस्पताल के हेड होंगे जिम्मेदार

### केंद्र सरकार ने जारी किया आदेश

**एजेंसी/नई दिल्ली**


कोलकाता डॉक्टर दुष्कर्म-हत्याकांड में डॉक्टरों का गुस्सा उफान पर है। पूरे देश में डॉक्टर और नर्सों ने हड़ताल कर दी है। इस दिशा में बेहद महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केंद्र सरकार ने शुक्रवार को एक आदेश जारी किया है कि किसी डॉक्टर के साथ किसी प्रकार की हिंसा होती है, तो इसके लिए मेडिकल कॉलेज या अस्पताल के हेड जिम्मेदार होंगे।

आदेश में कहा गया है कि स्वास्थ्य कर्मियों के साथ किसी भी प्रकार की हिंसा होने पर घटना की 6 घंटे के अंदर एफआईआर दर्ज करवाई जाए। ऐसा न होने पर मेडिकल कॉलेज के प्रमुख के खिलाफ कार्रवाई भी की जा सकती है। दरअसल, हड़ताली डॉक्टरों की यह सबसे प्रमुख मांग थी कि केंद्र सरकार उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक कानून पास करे। उनके अनुसार आए दिन कहीं न कहीं डॉक्टरों के साथ मारपीट की जाती रहती है। उनके जानमाल के साथ खिलवाड़ किया जाता है। ऐसे में डॉक्टरों की मांग थी कि एक कानून के जरिए केंद्र सरकार पूरे देश में डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए उचित कानून बनाए। हड़ताली डॉक्टरों ने इसके लिए केंद्र सरकार और स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भी लिखा था।

## उदयपुर में झगड़े से बढ़ा तनाव, पुलिस ने किया लाठीचार्ज, इंटरनेट सेवा बंद

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर में शुक्रवार को सरकारी स्कूल के दो छात्रों के झगड़े के कारण तनाव इतना बढ़ा कि गुस्साई भीड़ ने शॉपिंग मॉल में तोड़फोड़ की और पथराव किया। एक गैरेज में खड़ी कारों को आग भी लगा दी। शाम 7 बजे के बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा। इसके बाद कलेक्टर ने शहर में धारा-163 लागू कर दी। संभागीय आयुक्त ने रात 10 बजे से आगामी 24 घंटे तक नेटबंदी का आदेश जारी किया है। शहर में अभी भी हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। घटना सूरजपोल थाना क्षेत्र की है। यहां राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल भट्टियानी चौहट्टा में एक स्टूडेंट ने दूसरे छात्र को चाकू से हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद मामला बढ़ गया।

## जम्मू कश्मीर में तीन, हरियाणा में एक फेज में डाले जाएंगे वोट



**एजेंसी/नई दिल्ली**

जम्मू कश्मीर और हरियाणा में चुनावों का ऐलान कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जम्मू कश्मीर में तीन चरणों में 18 सितंबर से मतदान की घोषणा की है। वहीं हरियाणा में एक अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में पहले चरण का मतदान 18 सितंबर को, दूसरे चरण का मतदान 25 सितंबर को और तीसरे चरण का मतदान एक अक्टूबर को होगा। वहीं मतगणना चार अक्टूबर को होगी। इसी तरह से हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए एक अक्टूबर को मतदान और चार अक्टूबर को मतगणना होगी।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि जम्मू कश्मीर के लोग तस्वीर बदलना चाहते हैं। जम्मू कश्मीर के लोगों ने हिंसा को नकारा है। उन्होंने कहा कि 20 अगस्त को मतदाता लिस्ट जारी होगी। निर्वाचन आयोग को जम्मू-कश्मीर में 30 सितंबर से पहले विधानसभा चुनाव कराने थे। यह समय सीमा सुप्रीम कोर्ट ने तय की थी। आयोग ने चुनाव संबंधी तैयारियों का जायजा लेने के लिए हाल में जम्मू-कश्मीर और हरियाणा का दौरा किया था।

### जम्मू कश्मीर में 200 से ज्यादा पुलिस अफसरों का तबादला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान के ठीक एक दिन पहले पहले पुलिस और सामान्य प्रशासन विभाग में बड़े पैमाने पर अफसरों का तबादला किया गया है। इन अधिकारियों की संख्या 200 से ज्यादा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक जम्मू-कश्मीर में 30 सितंबर से पहले विधानसभा चुनाव कराने हैं। गुरुवार देर रात सामान्य प्रशासन विभाग ने तत्काल प्रभाव से 89 तबादलों का आदेश जारी किया। इनमें पुंछ और बांदीपोरा जिलों के डिप्टी कमिश्नर, सचिव, कमिश्नर, महानिदेशक, प्रबंध निदेशक और कई विभागों के निदेशक शामिल हैं। इस ट्रांसफर प्रोसेस का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी अधिकारी अपने होम डिस्ट्रिक्ट में तैनात न रहे। साथ ही उसे किसी एक पद पर 2 साल से ज्यादा समय न बीता हो। नलिन प्रभात जम्मू-कश्मीर के नए स्पेशल डीजी नियुक्त किए गए हैं। वे मौजूदा डीजीपी आरआर स्वैन के रिटायरमेंट के बाद नए पुलिस महानिदेशक का कार्यभार संभालेंगे।






# एसकेएमसीएच पहुंच रहे हजारों मरीज, ओपीडी संग अब इमर्जेंसी सेवा भी ठप

**केटी न्यूज/पटना**

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में बीते दिनों महिला डॉक्टर से पहले यौन शोषण और फिर हत्या कर दी गई थी। इस मामले को लेकर देश भर के विभिन्न मेडिकल कॉलेज और संस्थानों में डॉक्टरों का विरोध-प्रदर्शन जारी है। इस सिलसिले में उत्तर बिहार के सबसे बड़े अस्पताल श्रीकृष्णा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कोलकाता डॉक्टर हत्या मामले से नाराज चिकित्सक दोषियों को कार्रवाई और डॉक्टरों को सुरक्षा की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं। जूनियर डॉक्टरों का कहना है कि अब जब तक मांग पूरी नहीं होगी। तब तक हड़ताल समाप्त नहीं करेंगे। बीते चार दिन से जारी हड़ताल में ओपीडी प्रभावित



करने के बाद डॉक्टरों ने अब इमरजेंसी सेवा को भी ठप कर दिया है। इसके कारण ढाई हजार से अधिक मरीज प्रतिदिन बिना इलाज कराए ही लौटने को विवश हो गए हैं। वहीं, मुजफ्फरपुर एसकेसीएमएच में पहुंचे अलग-अलग प्रखंड के मरीजों ने अपनी-अपनी दास्तान सुनाई। उन्होंने कहा कि यही हाल रहा तो मरीज की मौत हो जाएगी। हमारी बात को सुनने वाला कोई नहीं है। राज्य सरकार मामले में जल्द पहल कर स्थिति सामान्य करवाने में मदद करे, ताकि मरीज अपना इलाज करवा सकें। जानकारी के मुताबिक, एसकेएमसीएच मेडिकल में जूनियर डॉक्टरों द्वारा बीते चार दिन से ओपीडी सेवा और अब दो दिन से आपातकालीन सेवा बंद किए जाने से परेशानी और भी बढ़ गई है। जूनियर डॉक्टरों का कहना है कि सरकार इस मामले में अगर अब जल्द से जल्द दोषियों पर कार्रवाई, डॉक्टर के लिए प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं करती है तो हम अपनी मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन जारी रखेंगे और अपनी मांग पर अड़े रहेंगे। इससे नीचे हम किसी बात पर नहीं मानेंगे। सरकार इस मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई करे और हमें विश्वास दे ताकि हम सुरक्षित माहौल में काम करते हुए मरीज का इलाज कर सकें। वहीं, अपना इलाज और परिजन का इलाज करवाने के आए हुए मरीजों के परिजनों ने कहा कि बीते तीन दिनों से हड़ताल के कारण परेशानी बढ़ गई है। मरीज अपने दुख को किसी को बता नहीं पा रहे हैं और न ही कोई इलाज हो रहा है। बच्चों के साथ गंभीर मरीजों की अब तो आपात्कालीन सेवा को बंद कर दिया गया है, जिसके कारण अब अधिकतर मरीज लौट कर निजी अस्पताल का सहारा ले रहे हैं। लेकिन गरीब मरीजों का इलाज नहीं हो पा रहा है। अगर हालात ठीक नहीं हुए तो मरीज की हालत और खराब होगी। वहीं दूर दराज से आये हुए मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई मरीज निजी अस्पताल में अपना इलाज कराने के लिए मजबूर हुए। क्योंकि उनके पास दूसरा कोई विकल्प नहीं दिखाई दें रहा था।

# बाहुबली अनंत सिंह को लेकर तेजस्वी ने सीएम नीतीश पर लगाये गंभीर आरोप

**केटी न्यूज/ पटना**

बाहुबली और पूर्व विधायक अनंत सिंह के जेल से निकलते ही बिहार में सियासत गरमा गई है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अनंत सिंह के जेल से निकलते ही सीएम नीतीश कुमार पर बड़ा आरोप लगा दिया है। उन्होंने राघोपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि चुनाव में जिसकी जरूरत मुख्यमंत्री को होता है उसे जेल से निकाल लेते हैं। फिर जेल भिजवा देते हैं। तेजस्वी यादव के इस बयान के बाद सियासत गरमाने लगी है। दो दिन पहले पटना हाईकोर्ट ने बरी किया। इधर, राजनीतिक पंडितों का कहना है कि तेजस्वी यादव इस बात की ओर इशारा कर रहे थे कि अनंत सिंह को जेल भिजवाने के पीछे भी नीतीश कुमार का ही हाथ था। तत्कालीन आईपीएस अधिकारी लिपि सिंह द्वारा की गई कार्रवाई के बाद अनंत सिंह के ठिकाने से एके 47 और बुलेट प्रूफ जैकेट बरामद किया गया था। निचली अदालत से अनंत सिंह को सजा हुई और उन्हें जेल भी जाना पड़ा। दो दिन पहले पटना हाईकोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया। शुक्रवार सुबह ही बेऊर जेल से बाहर निकले है।

## जन सुराज के संस्थापक और चुनावी रणनीतिकार ने किया ऐलान

# बोले पीके... 2 अक्टूबर के बाद हुआ उपचुनाव तो ठोकेंगे ताल

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार विधानसभा के उप चुनाव में जन सुराज से जुड़े सदस्यों की सहमति बनी तो उप चुनाव लड़ना तय है। उक्त बातें शुक्रवार को जन सुराज के संस्थापक और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने पत्रकारों से कहीं। उन्होंने कहा कि आगामी 2 अक्टूबर को जन सुराज राजनैतिक दल के रूप लेने जा रह है। अगर दो अक्टूबर 2024 के बाद बिहार में उप चुनाव हुआ तो जन सुराज से जुड़े साथियों का उप चुनाव लड़ना तय है। वहीं उन्होंने कहा कि दो अक्टूबर से पहले उप चुनाव हुआ तो जन सुराज से जुड़े साथी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतरेंगे।

**नीतीश सरकार पर जमकर बरसे :** उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार की सरकार है, इस सरकार में अफसरशाही हावी है।



जहां प्रखंडों में प्रखंड प्रमुख के की अलग पहचान है। वहीं आज वैसे जनप्रतिनिधि बीडीओ के पीए बने हुए हैं। किसी भी सरकारी विभाग में बिना पैसा दिए, एक भी काम नहीं होता है। यहां तक की बुजुर्गों को मिलने वाले वृद्धा पेंशन में 20 रुपए और इंदिरा आवास योजना में 30 से 35 हजार अफसरों को नजराना देना पड़ता है। आज बिहार की पहचान व्याप्त भ्रष्टाचार से जाना जा रहा है। प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार में अवैध शराब की होम डिलेवरी, अवैध बालू खनन और अनाज माफियाओं का राज्य है। यही कारण है कि बिहार से सबसे अधिक लोगों का पलायन हो रहा है। राज्य सरकार नौकरी के नाम पर लोगों को ठग रही है। आंकड़ों के अनुसार बिहार में महज दो फीसदी ही लोगों को नौकरी मिल सकती है। शेष 98 फीसदी के लोगों को नौकरी या रोजगार मुहैया कैसे कराएंगे। राज्य सरकार बिहार की जनता को सिर्फ ठगने का काम कर रही है। विकास का कार्य काफी दूर है। जनता समझ चुकी है।

### तेजस्वी अपने कार्यकर्ताओं को नहीं समझ पाये

राजद के कार्यकताओं को जन सुराज से जुड़ने के लिए पैसा देकर जोड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव क्या कहना चाहते हैं, वह तो पता नहीं, लेकिन इतना जरूर समझ में आ गया कि तेजस्वी यादव को अपने कार्यकताओं को नहीं समझ पाए। यही कारण है कि आज राजद में भगदड़ मची हुई है। जिसके कारण तेजस्वी यादव परेशान हैं। इससे पूर्व जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर जिले के इमामगंज और बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में जन सभा को सम्बोधित किया। प्रशांत किशोर को इमामगंज और बेलागंज विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित सभा से राजद और हम पार्टी के कार्यकताओं में हलचल मच गई है। क्योंकि इन क्षेत्रों में उप चुनाव होना है। ऐसे में अचानक प्रशांत किशोर का गया आना और इन दिनों सीटों पर सभा करना।

### बेलगाम बस ने ई-रिक्शा को मारी जोरदार टक्कर, 12 साल की बच्ची की मौत

**सुपौल।** सुपौल में बस और ई-रिक्शा की जोरदार टक्कर में ई-रिक्शा परखच्चे उड़ गये। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घटना त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के लालपट्टी स्थित वन इंडिया फेमिली मार्ट के पास की है। जहां पिपरा-त्रिवेणीगंज एनएच 327ई पर तेज गति से सहरसा से जोगबनी जा रही बस यदुवंशी कृष्ण रथ ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद बस पर सवार यात्री और ड्राइवर बस छोड़ मौके से फरार हो गये। आनन-फानन में घायलों को त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को मधेपुरा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। हादसे में 3 लोग घायल हो गये जिसमें एक डेढ़ साल का बच्चा, 12 साल की लड़की और 32 साल की महिला शामिल हैं।दोनों बच्चे घायल महिला के हैं। इस हादसे में उनकी 12 साल की बेटी की मौत हो गयी है जबकि बेटे की हालत गंभीर बनी हुई है वही मां को वेंटिलेटर पर रखा गया है। इनकी पहचान त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के वॉर्ड नंबर 3 निवासी लीलानन्द मंडल की पुत्री निधि कुमारी, पत्नी रीना देवी और पुत्र कृष राज के रूप में हुई है। पत्नी रीना देवी अस्पताल में जिन्दगी और मौत के बीच जूझ रही है।

# बदहाल : अपने विधानसभा क्षेत्र में चार चक्का वाहन से नहीं पहुंच पाये प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी

**केटी न्यूज/पटना**

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी नाव पर चढ़ने को मजबूर हो गए। कारण यह है कि उनके ही विधानसभा तक विकास नहीं पहुंच पाया। दशकों यह राघोपुर विधानसभा की कमान लालू परिवार के हाथों रही है। पहले राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव यहां से विधायक रहे। फिर उनकी पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी यहां से विधायक चुनी गईं। अब नेता प्रतिपक्ष और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव विधायक हैं। आश्चर्य की बात यह है कि दशकों बाद गंगा नदी पर पुल नहीं बन पाया। हालांकि, एक पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। 2023 में ही इसे बनकर तैयार हो जाना था लेकिन अब नहीं हो पाया है। पीपा पुल की व्यवस्था भी तब तक ही रहती, जब तक नदी का जलस्तर काफी कम रहता है। मानसून आते ही आम लोगों के लिए नाव ही एक सहारा है। अब इसे तेजस्वी यादव भी नाव का सहारा लेना पड़ा। उनकी कीमती चार पहिया गाड़ियां खड़ी ही रह गई।नेता प्रतिपक्ष यादव अपने विधानसभा क्षेत्र राघोपुर में दौरा करने पहुंचे। उन्होंने तमाम घाटों का निरीक्षण किया। इसके बाद स्थानीय लोगों से मुलाकात भी की। वही स्थानीय लोगों की समस्या को भी तेजस्वी यादव ने सुना। बता दें कि तेजस्वी यादव के क्षेत्र में हर साल गंगा में पानी अधिक आने के बाद क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति बन जाती है।




# सूबे के 20 प्रतिशत थानों में थानेदार पद पर तैनात होंगी महिलाएं : डीजीपी भट्टी

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के 20 प्रतिशत थानों में होगी महिला थानेदार की तैनाती की जाएगी। यह ऐलान डीजीपी भट्टी ने किया बड़ा एलान बिहार सरकार हमेशा से ही महिलाओं को आगे बढ़ाने को लेकर तत्पर नजर आती है। सूबे के मुखिया यह बात दुहराते हुए भी नजर आते हैं कि हमने महिलाओं को सबसे अधिक आगे बढ़ाने का काम किया है। ऐसे में अब राज्य के मुखिया नीतीश कुमार के निर्देश के उपरांत बिहार के पुलिस महानिदेशक यानी डीजीपी ने बड़ा एलान किया है। बिहार के डीजीपी आरएस भट्टी ने कहा कि अब बिहार की 20 प्रतिशत महिला पुलिस अधिकारी थानों की अगुवाई करेंगी।



डीजीपी ने साफ किया कि बिहार में 20 प्रतिशत महिला अधिकारी के हाथों में थाने की कमान होगी। डीजीपी ने कहा कि बिहार पुलिस में कार्यरत महिलाओं की संख्या करीब 30 हजार हो गई है। उनमें से 223 महिला अधिकारी राज्यभर में थाना प्रभारी या अतिरिक्त थाना प्रभारी के रूप में तैनात हैं। डीजीपी ने कहा कि अब जल्द ही 20 प्रतिशत महिला पुलिस अधिकारी थानों की अगुवाई करेंगी। उन्होंने कहा कि राज्य के हर थाने में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। जहां शिकायत की सुनवाई से लेकर कार्रवाई तक महिला पुलिस अधिकारी ही निष्पादित कर रही हैं। डीजीपी ने कहा कि बिहार पुलिस, बल में महिलाओं की संख्या बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान शहीद होने वाले पुलिसकर्मियों के परिवारों के लिए 25 लाख रुपये का प्रावधान पहले से है जिसे बढ़ाकर डेढ़ करोड़ रुपये करने की तैयारी है।उन्होंने कहा कि अभी तक इसे अंतिम रूप नहीं दिया गया है। लेकिन हम इस दिशा में काम कर रहे हैं। इस संबंध में सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई गई है।

### नवादा में युवक की पीट-पीट कर हत्या

**नवादा।** नवादा में शुक्रवार को नहर के किनारे एक युवक का शव मिला, जिसके बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया। मृतक के चाचा ने हत्या का आरोप लगाया है। वारसलीगंज थानाक्षेत्र के जियापुर गांव के पास नहर किनारे एक युवक की लाश को पुलिस ने बरामद किया है। आशंका है कि पीट-पीट कर युवक की हत्या की गई है। मृतक युवक की पहचान मुकेश चौहान (20) के रूप में की गई है। मृतक के चाचा वाल्मीकि चौहान ने कहा कि एक व्यक्ति खेत में काम करने को लेकर लगातार दबाव बना रहा था। तीन दिन से लगातार घर पर आकर खेत में काम करने के लिए कह रहा था। लेकिन मुकेश चौहान ने काम करने से मना कर दिया था। आशंका जताई जा रही है कि पीट-पीट कर मुकेश की हत्या कर दी गई है।




## राज्य के चयनित 190 पैक्सों में से 120 पैक्सों में जन औषधि केन्द्र होगी स्थापित

# खुशखबरी... पटना में मिलेगी सबसे सस्ती सब्जी, सहकारिता विभाग 15 जगहों पर लगाएगी स्टॉल

- सूबे के 20 जिलों के 300 प्रखंडो में प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समितियों का हुआ गठन

**केटी न्यूज/पटना**

पटनावासियों को जल्द ही सस्ती सब्जियां मिलेंगी। सहकारिता विभाग की सूचना भवन समेत 15 जगह पर सस्ती सब्जियों का स्टॉल लगाएगी। पहले यह व्यवस्था सचिवालय के पास थी। लेकिन, किसी कारणवश इसे बंद कर दिया गया था। अब सहकारिता विभाग ने कहा कि जल्द ही पटना के सूचना भवन समेत 15 जगह पर स्टॉल लगाए जाएंगे। इतना ही नहीं बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन योजना योजनान्तर्गत राज्य के 20 जिलों के 300 प्रखंडो में प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समितियों का गठन किया जा चुका है, जिसमें 41,728 से सब्जी उत्पादक किसान सदस्य बन चुके हैं। पटना,



तिरहुत एवं मिथिला सब्जी संघों द्वारा योजना के प्रारंभ (मार्च 2019) से अब तक 74,251 एम.टी. के सब्जी व्यवसाय से 130 करोड़ रुपए का टर्नओवर प्राप्त किया गया है। सहकारिता विभाग के मंत्री प्रेम कुमार ने एलान किया है कि राज्य के चयनित 190 पैक्सों में से 120 पैक्सों में जन औषधि केन्द्र की स्थापना की जाएगी। इसके लिए स्वीकृति प्रदान कर दी गई। वर्तमान में 18 पैक्सों को ड्रग लाइसेंस और 10 को स्टोर कोड तथा 08 पैक्सों में जन औषधि केन्द्र का संचालन प्रारंभ हो गया है। नियुक्ति के लिए अधियाचना आयोग से कई गई है।

### विभिन्न पदों पर निकलेंगी वेकेंसी

मंत्री प्रेम ने वैकेंसी का भी जिक्र किया। कहा कि सहकारिता विभाग में 133 निम्नवर्गीय लिपिक की नियुक्ति के लिए अधियाचना बिहार कर्मचारी चयन आयोगी से की गई है। जल्दी ही वैकेंसी निकलेगी। वहीं वर्ष 2023-24 में सहकारिता विभाग अंतर्गत 15 सहायक निबंधक, 4 जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, 231 अंकेक्षक, 62 कार्यालय परिचारी, 15 निम्नवर्गीय लिपिक की नियुक्ति की गई है। बिहार राज्य सहकारी बैंक एवं जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक द्वारा विभिन्न संवर्ग में कुल 157 पदाधिकारियों-कर्मियों की नियुक्ति की गई है। 7056 गोदाम निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। मंत्री प्रेम कुमार ने कहा सहकारी समितियों में भंडारण क्षमता का सृजन राज्य के सहकारी समितियों में 7056 गोदाम निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिससे 15.67 लाख एम.टी. भंडारण क्षमता का सृजन हो चुका है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2023-24 में 169 करोड़ की लागत से 325 गोदाम निर्माण का कार्य प्रगति में है। वर्ष 2024-25 में 205 गोदाम का चयन कर गोदाम निर्माण हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। इससे 2.36 लाख एमटी भंडारण क्षमता का सृजन हो सकेगा। मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 83064 किसानों के बीच केसीसी ऋण मद में 247.92 करोड़ रुपए का केसीसी. ऋण निर्गत किया गया है था वहीं इस वित्तीय वर्ष में (2024-25) अबतक 11879 किसनों के बीच 40.36 करोड़ रुपए का केसीसी ऋण निर्गत किया गया है।

# शराब माफियाओं से सांटगांठ के आरोपी उत्पाद अधीक्षक के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी, फरार

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के उत्पाद अधीक्षक दिलीप पाठक के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हो गया है। वारंट जारी होते ही उत्पाद अधीक्षक अपना मोबाइल बंद कर फरार हो गए है। पुलिस की एक टीम उन्हें गिरफ्तार करने के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

उनपर शराब कारोबारियों से सांट गांठ का आरोप लगा है तथा औद्योगिक थाने में कांड संख्या 132/24 दर्ज कराया गया था। जिसके अनुसार वे लंबे समय से शराब कारोबारियों से मिलीभगत कर यूपी के सीमा से बिहार के बक्सर के रास्ते अलग-अलग जिलों में मोटी रकम लेकर शराब की सप्लाई कराते थे।

## ♦ एसपी मनीष कुमार ने कहा- जांच में उत्पाद अधीक्षक पर लगे आरोपों की हुई है पुष्टि, होंगे गिरफ्तार

**शराब कारोबारियों का उत्पाद अधीक्षक कर रहे थे मदद :** 21 जून 2024 को औद्योगिक थाने की पुलिस ने वीरकुंवर सिंह सेतु से यूपी के रास्ते बिहार के बक्सर की सीमा में प्रवेश करने के बाद एनएच 922 पर शराब लदी एक के बाद एक तीन गाड़ियां पकड़ी थी। सबसे पहले शराब से भरी एक स्कार्पियो पर पुलिस की नजर पड़ी, जिसके चालक से पूछताछ के आधार पर शराब लदी एक इंडिका कार और



एक होंडा सिटी कार को भी पुलिस ने जब्त कर अनुसंधान शुरू किया। इस दौरान डुमरांव अनुमंडल के अमसारी गांव में हुए जहरीली शराब कांड के दो मुख्य आरोपी मुन्ना सिंह के साथ उसके एक और शागिर्द की संलिप्तता इस शराब की खेप को लाने में सामने आई। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर 23 जून 2024 को थाने लाई। पुलिस पूछताछ में शराब कारोबारी मुन्ना सिंह ने बताया कि उत्पाद अधीक्षक दिलीप पाठक

2016 में शराबबंदी कानून लागू होने के बाद से ही बक्सर यूपी के अलग-अलग बॉर्डर से शराब लदी वाहन को यूपी से बक्सर में लाने में सहयोग करते थे। जिसके एवज में एक मोटी रकम उनको देना होता था। उस समय उत्पाद विभाग में ही वह दारोगा के पोस्ट पर तैनात थे।

### पटना के बड़े शराब कारोबारी के मोबाइल से खुला कई राज

उक्त शराब कारोबारी के बयान के आधार पर अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने पटना के रहने वाले एक बड़े शराब कारोबारी मनीष उर्फ मरांडी को बक्सर से ही गिरफ्तार किया। जिसके मोबाइल नंबर से उत्पाद चेकपोस्ट पर तैनात उत्पाद विभाग के सिपाही शेषनाथ यादव को उन तीनों गाड़ियो की तस्वीर एवं नंबर शेयर किया गया था। जिसे उत्पाद विभाग की चेकपोस्ट से बिना जांच किये छोड़ दिया गया था। लेकिन, चेकपोस्ट से आगे बढ़ते ही औद्योगिक थाने की पुलिस ने तीनों वाहनों को जब्त कर लिया था। उक्त सिपाही का फोन जब्त कर पुलिस ने जब जांच आगे बढ़ाया तो उत्पाद विभाग के ही एक और सिपाही रामाशंकर सिंह के साथ कुल 8 लोगों की मिलीभगत इस खेल में सामने आई। इसी दौरान गिरफ्तार लोगों के मोबाइल से उत्पाद अधीक्षक दिलीप पाठक एवं कारोबारियों के बीच सांटगांठ के अलावे मोटी रकम के लेनदेन करने का पुलिस को कई पुख्ता प्रमाण मिला है। जिसके बाद बक्सर एसपी मनीष कुमार ने उत्पाद अधीक्षक के गिरफ्तारी का वारंट जारी कर दिया। गिरफ्तारी से बचने के लिए वे फरार हो गए है।



“ उत्पाद अधीक्षक दिलीप पाठक की शराब माफियाओं के साथ सांटगांठ थी। जांच में इस बात की पुष्टि हो गई है। उनके खिलाफ डिजीटल साक्ष्य भी है। दोषी पाए जाने के बाद उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। पुलिस गिरफ्तारी के लिए अलग अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। कानून तोड़ने वाला एक आम आदमी हो या दुर्दान्त अपराधी या बड़े अफसर सभी के लिए एक ही कानून है।

– मनीष कुमार, एसपी, बक्सर

## एक नजर

### कोरानसराय पुलिस ने ढाई घंटे में बाइक चोरी का किया उद्भेदन, चोर गिरफ्तार

**डुमरांव।** कोरानसराय पुलिस ने महज ढाई घंटे के अंदर बाइक चोरी की एक घटना का सफल उद्भेदन करने के साथ ही चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। गिरफ्तार चोर बसगीतिया का रहने वाला है तथा हाल ही में हत्या के एक मामले में जेल से बाहर आया है। मिली जानकारी के अनुसार डुमरांव थाना क्षेत्र के सिकठा गांव निवासी अरविंद कुमार चौबे गुरूवार को अपने किसी नजदीकी



रिश्तेदार से मिलने कोरानसराय थाना क्षेत्र के बसगितिया गांव गए थे। कीचड़ की वजह से उन्होंने अपनी काले रंग की पल्सर बाइक बसगीतिया गांव के सामने मुख्य सड़क पर खड़ा कर दिया। थोड़ी देर बाद जब वे अपने रिश्तेदार से मिलकर लौटे तो उनकी बाइक वहां से गायब थी। उन्होंने आस पास में काफी खोजबीन के बाद पुलिस को इस घटना की जानकारी दी। कोरानसराय में चोरी की बढ़ घटनाओं से परेशान पुलिस ने इस घटना को चुनौती के रूप में लिया तथा तुरंत तफ्तीश शुरू की। इस दौरान पुलिस को पता चला कि बसगीतिया का अभिषेक कुमार उर्फ छोटू यादव उक्त बाइक को तेजी से ले जाते हुए देखा गया। इसके बाद पुलिस ने मुखबिरों के माध्यम से यह पता करवा लिया कि वह फिलवक्त डुमरांव रेलवे स्टेशन के पास स्थित बाइक स्टैंड के पास है। जिसके बाद पुलिस ने बिना देर किए तत्काल वहां पहुंची तथा छोटू को चोरी की बाइक के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि वह रामपुर चिमनी भट्ठा के पास हुए बसगीतिया के ही एक व्यक्ति के हत्याकांड में आरोपित था तथा हाल ही में जेल से बाहर आया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवश्यक पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। इस घटना के बाद लोगों में इस बात की उम्मीद जगी है कि अब कोरानसराय में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर लगाम लगेगा।

### डीएम के निरीक्षण में गायब मिली सेविका, शो-कॉज

**डुमरांव।** जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने शुक्रवार को डुमरांव नगर परिषद के नया भोजपुर के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 179 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में आंगनबाड़ी केंद्र पर सेविका अनुपस्थित पाई गई। साथ ही बच्चों की उपस्थिति पंजी में नौ अगस्त 2024 के बाद उपस्थिति दर्ज नहीं की गई थी। आंगनबाड़ी केंद्र से संबंधित पंजिया भी निरीक्षण के क्रम में उपलब्ध



नहीं कराया गया। डीएम ने उक्त सेविका से शो-कॉज का निर्देश दिया। इसके बाद डीएम ब्रह्मपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत निमेज के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 171 का निरीक्षण किये। निरीक्षण के क्रम में मात्र 20 बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित पाए गए। जुलाई से पूर्व की पंजी उपलब्ध नहीं कराई गई। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित बच्चों में से लगभग 60 प्रतिशत बच्चे पोशाक में नहीं पाए गए। उपरोक्त बिंदुओं पर आंगनबाड़ी सेविका से स्पष्टीकरण पूछा गया। आंगनबाड़ी केंद्रों का अनुश्रवण नहीं करने के कारण बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, डुमरांव एवं जिला प्रोग्राम प्राधिकारी, बक्सर से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी डुमरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी ब्रह्मपुर एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## खबरें फटाफट

### करंट की चपेट में आ युवक की मौत

**बक्सर।** सिकरौल थाना क्षेत्र स्थित दिवान के बड़का गांव में करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया। उसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया। बताया जा रहा है कि गांव के हरेराम सिंह के पुत्र राज कुमार उर्फ गुड्डू सिंह घर में खराब हुए बिजली उपकरण ठीक करने के दौरान युवक करंट के चपेट में आ गया। जहां युवक की हालत को देख परिजन उसे इलाज के लिए निजी क्लीनिक में ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### भूमि सर्वे को ले हुई समीक्षा बैठक

**केसठ।** प्रखंड में भूमि सर्वे की कार्य को ले पंचायत सरकार भवन में बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा, पंचायत मुखिया अरविंद कुमार यादव, राजद नेता सुनिल कुमार यादव सहित अन्य ने सीओ अभिषेक गर्ग और सर्वे कर्मियों के साथ बैठक किया। इस दौरान लोगों के बीच सर्वे से जुड़ी दस्तावेज की जानकारी दी गई साथ ही प्रखंड में तीन आमीन एक कानूनगो और एक नोडल पदाधिकारी की नियुक्ति की गई है। बीडीओ ने बताया कि लोगों को कम कार्यालय का चक्कर काटना पड़े, इसको लेकर प्रखंड प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय रूप से काम कर रही है।

## प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से लोगों में गहराने लगा आक्रोश

# जानलेवा बना स्टेशन रोड, पूरे दिन में 11 ई-रिक्शा पलटे; आधा दर्जन जख्मी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव का स्टेशन रोड अब जानलेवा बन गया है। शुक्रवार को पूरे दिन स्टेशन रोड में ई रिक्शा, टेम्पो तथा बाइक पलटते रहे। यह घटना राज हाई स्कूल के खेल मैदान के पास स्थित लजीज रेस्टोरेंट के ठीक सामने तथा वरूणा स्वीट्स के सामने हुई। पूरे दिन में करीब एक दर्जन वाहन पलटे है। गनीमत रही कि किसी यात्री या राहगीर को गंभीर चोटें नहीं आई। ई-रिक्शा या टेम्पो पलटने से यात्रियों को हल्की चोटें जरूर आई है।

पूरे दिन वाहनों के पलटते रहने के बावजूद स्थानीय प्रशासन व संबंधित लोग बेफिक्र बने रहें। जिस कारण वाहन चालकों के साथ ही ही स्थानीय लोगों में व्यवस्था के प्रति आक्रोश गहरा गया है। लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से मुख्य पथ जानलेवा बना है। बावजूद प्रशासन इसकी मरम्मत तक नहीं करवा रहा है। जिससे किसी दिन बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

**दोपहर तक पलट चुके थे कई वाहन :** सड़क खराब होने के कारण राजहाई स्कूल के समीप स्थित पेट्रोल पंप के पास आधा दर्जन ई-रिक्शा पटल गई। जिसके कारण दर्जनभर लोग जख्मी हो गए। हालांकि, वहां मौजूद लोगों ने घटना के बाद यात्रियों को सकुशल बाहर निकाला। सबसे





### ♦ तीन दिन पहले ही स्टेशन रोड में गड्ढों की मरम्मत की हुई थी खानापूर्ति

अधिक जख्मी महिलाएं हुई। जिन्हें प्राथमिक इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

**एसडीओ के निर्देश पर तीन दिन पहले हुई थी खानापूर्ति :** बता दें कि इस गंभीर समस्या की खबर आपके लोकप्रिय डिजीटल अखबार केशव टाइम्स ने पूर्व में भी प्रमुखता से प्रकाशित की थी। तब डुमरांव एसडीओ राकेश कुमार ने कहा था कि इस पथ का मरम्मत कराने का निर्देश एनएचएआई के अधिकारियों को दे दिया गया है। अगले दिन ही एनएचएआई द्वारा गड्ढों की भराई करवाई गई। लेकिन, यह महज खानापूर्ति ही साबित हुआ। 24 घंटे बाद ही फिर से गड्ढें उभर आए तथा लोगों की समस्या जस की तस बनी हुई है।

**गुरूवार को भी दुर्घटनाग्रस्त होते रहे वाहन :** गुरूवार को स्वतंत्रता दिवस के दिन भी इस पथ पर कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुए। स्टेशन रोड के गड्ढें में तब्दील होने से सबसे अधिक परेशानी स्कूली छात्र छात्राओं खासकर छात्राओं का हो रही है। पुराना भोजपुर की छात्रा नंदनी कुमारी, रागिनी कुमारी आदि ने बताया कि उन्हें पढ़ाई के लिए हर दिन डुमरांव आना पड़ता है। सड़क पर उभरे गड्ढें के कारण हर समय दुर्घटना ग्रस्त होने का खतरा बना रहता है।

### बाजार में भी खराब है स्थिति, आए दिन हो रही हैं दुर्घटनाएं

ऐसा नहीं कि स्टेशन रोड में सिर्फ ईदगाह से राज हाई स्कूल के खेल मैदान तक ही सड़क जर्जर है। बल्कि बाजार में हरिजी के हाता से लेकर लंगटू महादेव मंदिर तक करीब 400 मीटर के दायरे में इस पथ पर सैकड़ों छोटे-बड़े गड्ढें उभर आए है। जिस कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। सबसे अधिक दुर्घटनाओं के शिकार किशोर व युवा बाइक चालक हो रहे है। व्यापार



मंडल के पास पीसीसी सड़क का एक हिस्सा धंस गया है। जिस कारण यहां बड़े वाहनों के पलटने का खतरा भी बना हुआ है।

“ एनएच 120 पर उभरे गड्ढों की मरम्मत का निर्देश एनएचएआई को दिया गया है। उन्हें हिदायत दी जाएगी कि शीघ्र गड्ढों की मरम्मत करवा परिचालन व्यवस्था दुरूस्त करें। लापरवाही बरतने पर उनपर कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।

– राकेश कुमार, एसडीओ, डुमरांव




## बरौनी-कानपुर तेल पाइप लाइन में चोरी का प्रयास, एफआईआर दर्ज

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

बिहार के बरौनी से यूपी के कानपुर तक बिछाए गए पाइप लाइन से तेल चोरी का प्रयास किया गया है। हालांकि, समय रहते ग्रामीणों ने हो हल्ला कर चोरों को भगा तेल चोरी होने से बचा लिया। यह घटना गुरूवार की रात ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव के बधार में हुई।

बता दें कि इस रास्ते ही जमीन के नीचे से पाइप बिछा तेल की सप्लाई कानपुर से बरौनी तक की जाती है। गुरूवार की रात कुछ अज्ञात लोग रघुनाथपुर के बधार में पहुंच पाइप लाइन की खुदाई करने लगे थे। उनकी मंशा तेल चोरी करने का था। ग्रामीणों ने जब रात के अंधेरे में पाइप लाइन के पास लोगों की आवाज सुनी तथा लाइट जलते देखा तो दूर से ही आवाज से पूछने लगे कि वहां कौन है। लेकिन, उधर से कोई जबाव नहीं आया। अलब्ता तेल चोरी का प्रयास करने वाले चोर भाग खड़े हुए। इसके बाद ग्रामीणों ने इसी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने रात में ही छानबीन शुरू कर दी। उक्त जगह पर मिट्टी कटाई के निशान पुलिस को मिले हैं। इस संबंध में ब्रह्मपुर पुलिस अज्ञात चोरों पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष सुरेश प्रसाद ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## शर्मनाक : झंडोत्तोलन के बाद मिठाई नहीं मिलने पर छात्रों ने शिक्षक को दौड़ाकर पीटा, जांच में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्वतंत्रता दिवस के दिन संविधान निमार्ता रहे स्व. सच्चिदानंद सिन्हा के पैतृक गांव मुरार में महज लड्डु के लिए गुरू शिष्य का रिश्ता शर्मसार हो गया। छात्रों ने मुरार उच्च विद्यालय के एक शिक्षक को बीच सड़क पर दौड़ाकर पिटा। पीड़ित शिक्षक पंकज ने इस मामले में मुरार पुलिस को लिखत आवेदन दिया है। उनके आवेदन पर पुलिस जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार झंडोतोलन के बाद गेट के पास खड़े कुछ पूर्ववर्ती छात्र शिक्षकों से मिठाई की मांग कर रहे थे। जबकि शिक्षक उन्हें यह कह वहां से हटा रहे थे कि पूर्ववर्ती छात्रों को मिठाई नहीं मिलेगी। इसी बात पर



शिक्षकों तथा छात्रों के बीच नोंक झोंक व हाथापाई होने लगी। जिसमें एक शिक्षक फिसलकर गिर गए। इसे देख वहा पंकज कुमार नामक शिक्षक पहुंचे तथा छात्रों को वहां से खदेड़ दिए। बाद में जब वे अपने घर लौट रहे थे तो स्कूल से कुछ आगे मुख्य मार्ग पर ही छात्रों का एक गुट उनसे उलझ गया तथा मारपीट करने लगे। पीछे से आ रहे शिक्षकों को देख छात्र भागे। वही, कुछ शिक्षक तत्काल घटना की जानकारी मुरार पुलिस को दिए। घटना से गुरू शिष्य का रिश्ता शर्मसार हो गया है। वहीं, ग्रामीणों की मानें तो पहले इस विद्यालय में सभी को स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस पर मिठाई मिलती थी। यही कारण है कि छात्र शिक्षकों से मिठाई की मांग कर रहे थे, जिस पर शिक्षकों ने दुर्व्यवहार कर उन्हें वहां से भगा दिया। जबकि प्रधानाध्यापक सुशील कुमार ने आरोपों को मनगढंत बताया। इस संबंध में मुरार थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय ने कहा कि शिक्षक के साथ मारपीट की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर गई थी। उन्होंने कहा कि आवेदन की जांच की जा रही है। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।




### डुमरांव कृषि कॉलेज में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन, कलाकारों ने बांधा समां

# देश भक्ति गीतों की सरिता में देररात तक झूमते रहे नगरवासी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शहीदों की याद में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन कृषि कॉलेज के सभागार में आयोजित किया गया। इस मौके पर आए कलाकारों ने गीत-संगीत की ऐसी शमा बांधी की लोग झुमने पर मजबूर हो गए। वहीं देश भक्ति गीतों की सरिता में बहते रहे डुमरवासी।

मालूम हो कि 16 अगस्त सन 1942 को डुमरांव थाना पर तिरंगा फहराने के दौरान चार जवान कपिलमुनी, रामदास सोनार, रामदास लोहार व गोपालजी शहीद हो गए थे। उन्हीं की याद में हर साल शहीद दिवस मनाया जाता है और इस



अवसर पर राजकीय समारोह का आयोजन किया जाता है। सुबह में जहां शहीदों को याद कर उनकी मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की जाती है और शहीद के परिजनों को सम्मानित किया जाता है, वहीं तिरंगा यात्रा और प्रभातफेरी निकाला जाता है। फिर संध्या में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित होती है। इस वर्ष भी एक शाम शहीदों के नाम पर बाहर से कलाकारों को बुलाया जता है। इसका आयोजन अनुमंडल प्रशासन करता है। इस मौके पर आए कलाकारों ने देश भक्ति गीत शुरूआत है प्रीत जहां की रीत सदा मैं गीत वहां का गाता हूं, भारत का रहने वाला हूं भारत की बात बताता हूं। जैसे ही गाना शुरू हुआ हॉल तालियों से गुंज उठा। फिर हर करम अपना करेंगे, दिल दिया है जान भी देंगे ऐ वतन तेरे लिये जैसे ही शुरू हुआ लोग खड़े हो गायक की हौसला अफजाई करते हुए देश भक्ति में डूब गए। महिला कलाकर द्वारा कुछ फिल्मी लगमें सुनाए गए, जिसमें उसने सुनो सजना पपिहे ने पुकार कर कहा, संभल जाओं चमन वालों की आए दिन बहार के। जैसे ही गीत गाना शुरू किया लोग झुमने लगे। फिर दूसरे कलाकारों ने भोजुरी से लेकर हिन्दी फिल्मों के बेहतरीन गीतों को गाकर लोगों में देशभक्ति की जज्बा जगाते रहे। देर रात लोगों की फरमाईस पर भी फिल्मी गीतों से शमा बंधता रहा। फिर कलाकार द्वारा चुटकुले को सुनाकर लोगों को जमकर हंसाया। मौके पर भूतपूर्व सैनिकों को भी आमंत्रित किया गया था, जो कार्यक्रम में समय देकर लोगों शहीदों के परिवार और लोगों को साहस दिया। मौके पर एसडीओ राकेश कुमार, एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी, बीडीओ, सीओ, सीडीपीओ नप ईओ,शहीद स्मारक समिति कपिलमुनी द्वार के संयोजक संजय चंद्रवंशी, गोपाल प्रसाद गुप्ता, महेन्द्र राम, एस गांधी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## अमर शहीदों को नमन कर प्रभारी मंत्री ने किला मैदान में फहराया तिरंगा, राज्य सरकार के लाभकारी योजनाओं की दी जानकारी

# 78वां स्वतंत्रता दिवस पर चहुंओर दिखा राष्ट्रभक्ति का जज्बा

- समाहरणालय व महदह के दलित बस्ती में डीएम ने किया झंडोतोलन
- डुमरांव के राज हाई स्कूल मैदान में एसडीओ ने झंडा फहरा ली परेड की सलामी

**केटी न्यूज/बक्सर/डुमरांव**

देश का 78 वां स्वतंत्रता दिवस गुरूवार को हर्षोल्लास संपन्न हो गया। इस मौके पर जिलेभर में राष्ट्रभक्ति का जज्बा दिखा। बक्सर का मुख्य समारोह किला मैदान में आयोजित हुआ था। जहां राज्य सरकार के नगर विकास एवं आवास तथा विधि मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री नीतीन नवीन ने झंडोत्तोलन किया। इसके पूर्व प्रभारी मंत्री ने कवलदह पोखरा स्थित कारगिल शहीद स्मारक पर अमर शहीदों को माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री ने जिले वासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देने के साथ ही सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को सरकारी अथवा निजी सूचीबद्ध अस्पतालों में निःशुल्क इलाज कराया जाता है। बक्सर जिले में कुल 11 लाख 87 हजार 600 लाभार्थियों का चयन किया गया है, जिसमें 6 लाख 25 हजार लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। आयुष्मान कार्ड वितरण में बक्सर जिला 52.56 प्रतिशत उपलब्धि के साथ पूरे बिहार में चौथे स्थान पर है। वर्तमान में सभी सहज वसुधा केंद्रों पर निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। जबकि भव्या कार्यक्रम अंतर्गत ओपीडी कंसल्टेशन में बक्सर जिला को राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। पुराना अस्पताल बक्सर में 20 बेड का एनआईसीयू का निर्माण कराया जा रहा है। कायाकल्प के तहत सदर अस्पताल बक्सर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमरी, ब्रह्मपुर एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बक्सर को सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है, जिसमें शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बक्सर को पूरे राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। बाल हृदय योजना कार्यक्रम अंतर्गत बक्सर जिले के कुल 25 बच्चों का वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में अभी तक निःशुल्क ओपन हार्ट सर्जरी कराया गया है।

**प्रभारी मंत्री ने कई अन्य योजनाओं की दी जानकारी :** प्रभारी मंत्री ने इसके बताया कि बक्सर जिला के कुल 2 लाख 60 हजार 102 लाभुक परिवारों को राशन कार्ड निर्गत किया गया है। बक्सर जिले में सभी राशन कार्डधारियों का शत प्रतिशत आधार सीडिंग करा दिया गया है। जिले में गरीब माताओ एवं बहनों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कुल 1,09,446 गरीब परिवारों को उज्वला गैस योजना का लाभ दिया गया है।

**उद्यमी योजना के तहत हुआ है 147 लाभुकों का चयन :** मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत जिले में सूक्ष्म एवं लघु उद्योग को बढ़ावा देने हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 147 आवेदकों के चयन के विरुद्ध 96 लाभुकों को प्रथम किस्त एवं 42 लाभुकों को द्वितीय किस्त तथा 02 लाभुकों को तृतीय किस्त का भुगतान किया जा चुका है। इसके अलावे उन्होंने मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं कुशल युवा प्रोग्राम। बिहार सरकार द्वारा लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम, ग्रामीण विकास विभाग योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, अमृत सरोवर योजना, जल जीवन हरियाली योजना, पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, स्मार्ट क्लास योजना, संबल योजना, निकृष पंप हाउस योजना समेत कई अन्य योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। मौके पर डीएम अंशुल अग्रवाल, एसपी मनीष कुमार, डीडीसी डॉ. महेन्द्र पाल, सदर एसडीओ धीरेन्द्र कुमार मिश्र, बक्सर नगर परिषद के ईओ अमित कुमार समेत कई अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी व कर्मी के अलावे सैकड़ो गणमान्य व स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

**साहोपारा में प्रभारी मंत्री की उपस्थिति में हुआ झंडतोलन :** किला मैदान बक्सर में झंडोतोलन के बाद प्रभारी मंत्री स्थानीय प्रखंड के चुरामनपुर पंचायत अंतर्गत साहोपारा महादलित टोला पहुंचे। जहां, उनकी उपस्थिति में महादलित टोले के वृद्ध व्यक्ति मोतीलाल राम के द्वारा झंडोतोलन किया गया।

**समाहरणालय परिसर में डीएम ने किया झंडोतोलन :** डीएम अंशुल अग्रवाल ने समाहरणालय परिसर में झंडतोलन किया। इस दौरान उन्होंने जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देने के साथ ही लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर डीडीसी डॉ. महेन्द्र पाल समेत जिला स्तरीय पदाधिकार व समाहरणालय कर्मी मौजूद रहे।

**शाम में आयोजित हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम :** 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की पावन संध्या पर नगर भवन, बक्सर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा कराया गया। इस कार्यक्रम में बक्सर जिले के विद्यालयों, सांस्कृतिक संस्थानों एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा राष्ट्रभक्ति आधारित गायन, नृत्य एवं एकांकी नाटक जैसी कलाओं के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों एवं सांस्कृतिक संस्थानों के द्वारा भी अपनी प्रस्तुति दी गई। इसके अतिरिक्त ख्याति प्राप्त गजल गायक नवेंदु भट्टाचार्य गजल गा लोगों को तालिया बजाने पर मजबूर कर दिया।



स्वतंत्रता दिवस के मौके पर किला मैदान में झंडोत्तोलन के बाद सलामी देते प्रभारी मंत्री, डीएम, एसपी, एसडीओ, एसडीपीओ व अन्य।

## डुमरांव राज हाई स्कूल में एसडीओ ने झंडा फहरा ली परेड की सलामी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव में भी स्वतंत्रता दिवस की धूम मची रही। मुख्य समारोह राज हाई स्कूल के खेल मैदान में आयोजित हुआ। जहां, एसडीओ राकेश कुमार ने झंडा फहराया तथा परेड की सलामी ली। परेड में चयनित स्कूल कॉलेजों के एनसीसी कैडेट, एनएसएस के वोलंटियर के अलावे झांकियां शामिल थी। वही स्कूली-कालेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। एसडीओ ने अपने संबोधन में अनुमंडलवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी तथा कहा कि आज बिहार तेजी से आगे बढ़ रहा है।



उन्होंने बिहार के प्रगतिपथ पर बढ़ने में सरकारी योजनाओं को महत्वपूर्ण बताया और सरकार प्रायोजित लाभकारी योजनाओं की जानकारी उपस्थित लोगों को दी। इसके पहले एसडीओ ने अनुमंडल कार्यालय परिसर में झंडोतोलन किया। जबकि डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने अनुमंडल पुलिस कार्यालय में, नगर परिषद कार्यालय में चेयरमैन सुनीता गुप्ता ने, डुमरांव थाना में थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत ने, संत जोसफ सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल में निदेशक डॉ. रमेश सिंह ने, सभापति मिश्रा इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन व अनंतविजयम एकेडमी में निदेशक चंदन मिश्रा ने, राइजिंग सन इंटरनेशल स्कूल में निदेशक ब्रह्मा ठाकुर, लेजेंड स्कूल में डायरेक्टर सिंकू सिंह, सुमित्रा महिला कॉलेज में प्राचार्य डॉ. शोभा सिंह, मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान में जिलाध्यक्ष रामबहादूर सिंह, कैंब्रिज स्कूल में डायरेक्टर टीएन चौबे ने झंडतोलन किया। इसके अलावे भी सभी सरकारी व निजी स्कूलों, कोचिंग संस्थानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, कार्यालयों में झंडोतोलन किया गया। वही, बड़ी संख्या में लोगों ने अपने आवासीय परिसर में भी झंडा फहरा देश की आजादी की वर्षगांठ मनाई।

## झलकियां...


बक्सर प्रखंड अंतर्गत महदह पंचायत के महादलित टोले में अवस्थित सामुदायिक भवन पर जिला पदाधिकारी की उपस्थिति में टोलें के वृद्ध व्यक्ति श्री बुच्चा राम के द्वारा झंडोतोलन किया गया।


कैंब्रिज स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।


डुमरांव स्थित अनंतविजयम् एकेडमी में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।


नगर परिषद कार्यालय परिसर में झंडोत्तोलन करती मुख्य पार्षद, ईओ व अन्य।


बक्सर एनसीसी कार्यालय में कार्यक्रम का आनंद लेते अधिकारी व अन्य।


स्वतंत्रता के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद नंदन सिंह ने न्यायालय परिसर में राष्ट्रध्वज को सलामी दी। संघ भवन में सभी न्यायाधीश एवं अधिवक्ताओं के बीच बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बबन ओझा ने झंडे को सलामी दी। वहीं, जिला उपभोक्ता आयोग में सेवानिवृत न्यायाधीश वेद प्रकाश सिंह ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी। विधिक सेवा सदन में जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने झंडे को सलामी दी। मौके पर न्यायाधीशों, महासचिव बिंदेश्वरी प्रसाद पांडे, शिवम कुमार, हरेंद्र पांडेय, विनय कुमार पांडे , दीपेश कुमार ,सुधीर कुमार, सुमित कुमार आदि सैकड़ो लोगों उपस्थित थे।

## केसठ में नीले गगन तले शान से फहराया गया तिरंगा

**केसठ।** प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को 78वा स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव से लेकर शहर तक लोग जश्न में डूबे रहे। सरकारी कार्यालयों से लेकर निजी संस्थानों तक, स्कूलों से लेकर घर-घर व चप्पे-चप्पे पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा शान से लहराता नजर आया। प्रखंड में भक्ति के रंग में सराबोर लोग आजादी के तराने गा रहे थे।

अमर सेनानियों, महापुरुषों व शहीदों के सम्मान में कसीदे गढ़े जा रहे थे तथा उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर अपनी कृतज्ञता जता रहे थे। प्राप्त जानकारी के पंचायत भवन, मनरेगा भवन और पंचायत सरकार भवन में पंचायत मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान, बीपीएम जीविका धर्मवीर कुमार गुप्ता, अनुसूचित मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक लाल बाबू प्रसाद, पीएचसी में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार कृषि कार्यालय में कृषि समन्वयक हरिशचंद्र पासवान, केवाईपी एवं मनरेगा सहित अन्य परिसरों में बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने झंडातोलन किया। इस मौके पर क्षेत्र के विभिन्न सरकारी गैर सरकारी विद्यालयों आदि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमे नन्हें मुन्ने बच्चों ने अपने प्रदर्शन से लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर अपने संबोधन में बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने कहा कि आज पूरा देश शान ए आजादी का 78वा स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। उन्होंने कहा कि इसी दिन के लिए कई वीर शहीदों ने अपनी जान की आहुति दी है, तब हम लोगों को आजादी मिली। इस दौरान आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा के अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न घरों पर लोगों ने झंडातोलन किया।




## हेरिटेज विद्यालय, अहरौली में धूमधाम से मना 78वां स्वतंत्रता दिवस

# बच्चों के रंगारंग कार्यक्रम ने मोहा लोगों का मन

**केटी न्यूज/बक्सर**

सदर प्रखंड के अर्जुनपुर अंतर्गत हेरिटेज विद्यालय में गुरुवार को धूमधाम के साथ 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। साथ ही, स्कूली बच्चों ने उत्साह के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



स्वतंत्रता दिवस समारोह की शुरूआत विद्यालय के अध्यक्ष प्रेम पाठक के द्वारा तिरंगा फहराकर की गई। जिसके बाद विद्यालय के निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार पाठक की गरिमामय उपस्थिति में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जिसके कारण पूरे विद्यालय में देशभक्ति का माहौल बन गया। वहीं, डॉ. प्रदीप पाठक ने स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्प अर्पित करने के बाद अपने संबोधन में छात्रों को देशभक्ति और अनुशासन के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमें अपने देश की प्रगति और समृद्धि के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

इसके बाद विद्यालय के छात्र छात्राओं ने स्वतंत्रता संग्राम और भारतीय संस्कृति पर आधारित विभिन्न नृत्य, गीत और नाटक प्रस्तुत किए। बच्चों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। साथ ही, विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के नायकों को समर्पित कविताएं और भाषण भी प्रस्तुत की गई। जिसमें उन्होंने आजादी की कीमत और उसे बनाए रखने की जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्या डॉ सुषमा पाठक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अंततः इस खुशी के मौके पर सभी के बीच मिठाईयां वितरित की गईं और स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गईं।

हेरिटेज विद्यालय का यह स्वतंत्रता दिवस समारोह बच्चों और शिक्षकों के लिए प्रेरणादायक और यादगार बना। इस आयोजन ने सभी को देशप्रेम और राष्ट्रीय एकता के महत्व को फिर से याद दिलाया।

इस अवसर पर विद्यालय के उपनिदेशक सह प्रबंधक सुदीप पाठक, कार्यालय प्रमुख रविंद्र नारायण मिश्रा एवं शिक्षक सुरेंद्रनाथ पांडेय, गणेश दत्त तिवारी, डॉ. श्रीनिवास चतुर्वेदी, राकेश रंजन, मनीष पांडेय, मीनू कुमारी, चंदाचार्य शर्मा, विजेंद्र मिश्रा, राजा बाबू, विजय चौबे, विमलाकर मिश्रा, सतीश कुमार, ओम प्रकाश, रजनी कांत, अलका सिन्हा, शशि पाण्डेय, शुभ्रा, सुरभी, खुशी, नंदिनी, अभिजीत कुमार, विवेक कुमार नंदन कुमार पाठक सुमन जायसवाल, स्मिता पांडेय, मोनीका कुमारी, प्रीति, अंशु, प्रियंका, प्राची समेत सभी शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा।



## शहीदों की याद में शहर में निकली तिरंगा यात्रा

**डुमरांव।** हर वर्ष की तरह इस साल भी शहीदों की याद में 101 मीटर लंबा तिरंगा यात्रा शहर में निकाली गई। राजगढ़ से शुरू होकर यात्रा शहीद पार्क पर जाकर समाप्त हुई। इस दौरान तिरंगा यात्रा में शामिल नौजवान भारत माता की जय के साथ शहीदों के नाम का जयकारा लगते हुए आगे बढ़ रहे थे। इस दौरान शहर की महिलाएं छतों पर खड़ी होकर तिरंगा यात्रा का आनंद लेते हुए पुष्प वर्षा करती रहीं। इस मोहक दृश्य की प्रस्तुती देखने के लिए रोड के किनारे बाजार करने के लिए शहर में आए लोग भी इसका आनंद उठाते रहे।यात्रा में विभिन्न सरकारी व निजी स्कूल के छात्र-छात्रा इसमें शामिल होकर शमा बांध दिया था। पैदल चल रहे और वाहन में बैठे नौजवान शहीदों की याद में एकांकी भी प्रस्तुत कर रहे थे। यात्रा में शहर के समाजसेवी भी नौजवानों से कम नहीं थे।

### शहीदों के सम्मान में आयोजित हुआ राजकीय समारोह, 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान शहीद हुए थे डुमरांव के चार वीर सपूत

# शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले...

♦ शहीद दिवस पर शहीदों को किया गया याद, जनप्रतिनिधि सहित जिला प्रशासन रहा मौजूद

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का यही बांकी निशां होगा। कुछ इसी अंदाज में शुक्रवार को डुमरांव में पूरे राजकीय समारोह के तहत शहीद दिवस मनाया गया। यह शहीद दिवस सन 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान शहीद हुए डुमरांव के चार अमर सेनानियों के सम्मान में हर वर्ष आयोजित होता है। भारत माता को आजादी दिलाने के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले डुमरांव के अमर शहीद कपिलमुनि, गोपाल जी, रामदास सोनार और रामदास लोहार की बलिदान बिहार के लिए गौरवपूर्ण है। 16 अगस्त शहीद दिवस शहरवासियों के जोश और उत्साह



का दिन है। युवाओं के इस एहसास के साथ पूरा बिहार आगे बढ़ रहा है। शुक्रवार को शहीद दिवस पर आयोजित राजकीय समारोह को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक डॉ अजीत कुमार सिंह उर्फ अजीत कुशवाहा ने अपने संबोधन में कही।

उन्होंने कहा कि देश के लिए शहीद होने वाले अमर सेनानियों पर नाज है। उनके भाव को अपने जीवन मे पूरी तरह उतारे तभी उन वीरों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी सहित शहरवासियों ने शहीद पार्क में स्थापित शहीदों की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। क्रांतिकारी शहीदों को गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें नमन किया गया। डीएम अंशुल अग्रवाल ने कहा कि जिस विरासत को हमारे शहीदों ने सौंपा हैं, उसका विकास हो और भविष्य सुधरे इस पर काम करने की जरूरत हैं। आजादी के दीवानों ने देश को आजाद कराने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उन्हीं की बदौलत आज हम आजाद भारत में खुली सांस ले रहे हैं। वहीं एसडीओ राकेश कुमार ने कहा कि देश को गुलामी की जंजीरों से आजाद कराने वाले स्वतंत्रता सेनानी और शहीदों को हम भूल नहीं सकते। उनकी आत्मा को तभी शांति मिलेगी जब आजाद भारत के लोग सुख-शांति से रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान विधायक व जिला प्रशासन ने शहीद के परिजनों को अंग वस्त्र व गांधी टोपी देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम का संचालन अनुराग मिश्रा ने किया। मौके पर एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी, बीडीओ संदीप पांडेय, नप के इओ मनीष कुमार, शहीद स्मारक समिति के संयोजक संजय चंद्रवंशी, गोपाल गुप्ता, शंभू चंद्रवंशी, शत्रुघ्न गुप्ता, सोनू राय, दिलीप चंद्रवंशी सहित अन्य उपस्थित थे।



शहीद के परिजनों को सम्मानित करते डीएम।



रैली में शामिल स्कूली छात्राएं।

## त्याग एवं वीरता से भरी है अमर सेनानियों की गाथा: विनोद राय

**डुमरांव।** शहीद दिवस पर जदयू के प्रदेश महासचिव सह होटल व्यवसायी विनोद राय शहीद पार्क पहुंच अमर सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि डुमरांव के अमर शहीदों की गाथा वीरता से भरी है। जब पूरे देश में अंग्रेजी हुकूमत के आगे कोई मुंह खोलने को तैयार नहीं था तब हमारे अमर सेनानियों ने ब्रिटिश हुकूमत के संगीनों का बेखौफ सामना किया था। तब अंग्रेजों के थाना पर झंडा फहराने के दौरान हमारे चारों वीर सपूतों ने अपनी बलिदानी दी थी।

हालांकि, उनका बलिदान व्यर्थ नहीं गया तथा क्रांतिकारियों ने थाना पर भारत का झंडा गाड़ने के साथ ही थाना को जला उनके बलिदान का बदला ले लिया था। डुमरांव के अमर सेनानियों की वीरता ही थी कि गोली



बंदूक से लैस अंग्रेजी पुलिस को भागकर जान बचानी पड़ी। उन्होंने कहा कि अमर सेनानियों की गाथा वीरता से भरी है तथा भावी पीढ़ी को प्रेरणा देने वाली है। बता दें कि विनोद राय के नेतृत्व में ही राजकीय समारोह का कार्यक्रम आयोजित हुआ था।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए स्व. हरिहर पहलवान

**नावानगर।** स्थानीय पंचायत अंतर्गत भड़कुड़ा गांव निवासी स्व. हरिहर पहलवान को उनकी दूसरी पुण्यतिथि पर याद किया गया। इस अवसर पर उनके पैतृक गांव भड़कुडा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रृद्धांजलि सभा में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व प्रबुद्धजनों ने शामिल हो स्व. पहलवान के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि स्व. हरिहर पहलवान सामाजिक सारोकर वाले स्वभाव के व्यक्ति थे। इलाके के सारे लोग उनके व्यवहार के कायल थे। बिना किसी भेदभाव के न्याय पसंद बातों को करने में कोई परहेज नहीं करते थे। मौके पर प्रिंस कुमार, बिनोद यादव, पिंटू यादव, रामावतार सिंह, पुत्र संतोष यादव, सुनील यादव सहित क्षेत्र के लोगों ने बढ़चढकर भाग लिया।










## खबरें फटाफट

### अमर शहीदों को किया गया याद

छपरा। हाई स्कूल सह इंटर कॉलेज अमनौर में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया । मौके पर प्रभारी प्राचार्य योगेंद्र राम ने ध्वजारोहण किया ।मंच संचालन अनीश कुमार सिंह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन विश्वनेक समदर्शी और सुरजीत कुमार ने किया। एनसीसी के गजेंद्र कुमार ने एनसीसी का प्रतिनिधित्व किया। पराग त्रिपाठी और चंदन कुमार सिंह ने बच्चो का उत्साह बढ़ाया। अध्यापक अनीश कुमार सिंह ने कहा कि यह भारत का तिरंगा देश के शान का प्रतीक है। शहीदों के बलिदान के कारण हम आजादी की इस खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने छात्रों को देश के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने के लिए प्रेरित किया। मौके पर धृति कना प्रसाद,विभा कुमारी, प्रियंका कुमारी,पूनम कुमारी,पशुपति कुमार,अरविंद राम,गजेंद्र सिंह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य उपकेंद्र इटहिया पर शान से लहराया तिरंगा

छपरा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश के सरकारी और गैरसरकारी संस्थानों ने भारत का 78वां स्वंतत्रता दिवस मनाया। सदर प्रखंड स्थित इटहिया स्वास्थ्य उपकेंद्र के प्रांगण में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। झंडातोलन वरीय एएनएम रामावती देवी के द्वारा किया गया। झंडातोलन के उपरांत राष्ट्रगान के साथ देश के वीर सपूतों के जय जय कार के साथ उपस्थित सभी आंगनवाड़ी सेविकाओं और आशा कार्यकताओं ने राष्ट्र और समाज के प्रति अपनी कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक पालन करते हुए देश और समाज को स्वस्थ और आरोग्य रखने का संकल्प लिया ।रामावती देवी ने कहा कि यह झंडोत्तोलन कार्यक्रम उनके सेवाकाल का अंतिम झंडोत्तोलन कार्यक्रम है तीन दशकों से अपने क्षेत्र और समाज के लिये वे अपने कर्तव्यों के साथ सदैव तत्पर रहीं।

**अजीमाबाद थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव स्थित सोन नदी के किनारे बधार में लावारिश हालत में मिला शव**

# भोजपुर में तीन दिन से गायब थे एक ही परिवार के तीन लोग, मिला शव

- ♦ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपी को किया गिरफ्तार
- ♦ आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क किया जाम



**केटी न्यूज/आरा**


भोजपुर जिले में तीन दिनों से लापता एक ही परिवार के तीन लोगों का हत्या कर फेंका गया शव बरामद हुआ है। उनका शव अजीमाबाद थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव स्थित सोन नदी के किनारे बधार से गुरुवार की सुबह बरामद किया गया है। लापता एक ही परिवार के तीन लोगों का हत्या कर फेके गए शव के मिलने के बाद गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। उधर घटना की सूचना मिलते ही एसपी प्रमोद कुमार,पीरो डीएसपी राहुल कुमार सिंह एवं अजीमाबाद थानाध्यक्ष घटनास्थल पर पहुंचे मृतकों के परिवार वालों से मिल घटना की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस द्वारा पटना से एफएसएल की टीम एवं रोहतास के डेहरी से डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया गया। जिसके बाद दोनों टीमों द्वारा घटनास्थल से कई साक्षी संकलन भी किया गया है। जानकारी के अनुसार मृतकों में अजीमाबाद थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव निवासी स्व.राज कुमार चौधरी की 53 वषीर्या पत्नी शांति देवी उर्फ शांति कुंवर, 31 वर्षीय पुत्र बुधन चौधरी एवं 29 वर्षीय पुत्र सुदन चौधरी शामिल है। इसमें मेड़ता का शांति कुमार उर्फ शांति कुंवर नूरपुर गांव के अहिमन चक स्थित आंगनबाड़ी में सहायिका के रूप में कार्यरत थी। जबकि दोनों बेटे पेशे से मजदूर थे। वही इस मामले में एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि अजीमाबाद थाना के नूरपुर गांव से सटे सोन नदी के बधार में एक ही परिवार की डेड बॉडी मिलने की सूचना प्राप्त होती है। उसके बाद घर वालों के द्वारा बताया गया 12 तारीख को ही इनके पड़ोसी भोला चौधरी और उनके लड़कों के द्वारा चेतावनी दी गई की कल तुम्हारा परिवार सुबह नहीं देख पाएगा ।आरंभिक जांच और घर वालों के निशानदेही पर दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### शवों से आने लगा था गंध, भूमि विवाद में हत्या की जतायी जा रही है आशंका

घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार की देर शाम करीब साढ़े बजे बुधन चौधरी अपने घर से घूमने के लिए सोन नदी के किनारे निकला था पर घर वापस नहीं लौटा। जिसके बाद मंगलवार की सुबह उसका बड़ा भाई सुधन चौधरी एवं उसकी मां शांति देवी उर्फ शांति कुंवर उसे खोजने के लिए निकले थे। लेकिन वे दोनों भी घर नहीं लौट। जिसके बाद उन दोनो के चचेरे भाई भाई राहुल चौधरी द्वारा स्थानीय थाना में तीनों के गुमशुदगी होने का आवेदन दिया गया था। इसी बीच गुरुवार की सुबह जब स्थानीय ग्रामीण गांव के दक्षिण स्थित सोन नदी के किनारे बधार में की ओर गए तो उन्हें बदबू जैसी गंध आने लगी। जिसके बाद वे लोग वहां पहुंचे और देखा कि लापता तीनों मां बेटों का अलग-अलग जगह पर हत्या कर फेंका गया शव पड़ा देखा। इसके बाद उनके द्वारा इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन फौरन वहां पहुंचे और तीनों शवो को देख उनकी पहचान की। इसके पश्चात उनके द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच शौक को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदस्य अस्पताल में करवाया। इधर मृतका शांति देवी उर्फ शांति कुंवर की गौतमी फुलवंती कुंवर ने बताया कि 10 दिन पूर्व पड़ोसी द्वारा उनके जमीन में छज्जा निकाला जा रहा था जिसको लेकर विवाद हुआ था उसे समय अप पड़ोसी द्वारा धमकी दी गई थी कि मैं तुम्हारे पूरे परिवार को जान से मार दूंगा। इसी बीच सोमवार के शाम बुधन चौधरी घर से खेत की ओर घूमने निकला था और वापस नहीं लौटा था इसके बाद मंगलवार को उसकी मां व बड़ा भाई दोनों उसे खोजने के लिए निकले थे और वे दोनों भी नहीं लौटे। वहीं दूसरी तरफ मृतका शांति देवी उर्फ शांति कुंवर की गोतनी फुलवंती कुंवर ने उक्त पड़ोसी पर ही दस दिन पूर्व हुए विवाद को लेकर तीनों मां-बेटों को लापता कर व उनकी हत्या कर उनके शवो के फेक जाने की बात कही है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## मामूली विवाद में मैकेनिक को मारा छूरा, इलाजरत

**केटी न्यूज/आरा**



शहर के टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा स्थित हनुमान टोला मोहल्ले में गुरुवार की रात फोन पर महिला से बात करने का झूठा आरोप लगाकर एक गाड़ी मैकेनिक को छुरा मार दिया गया। घायल मैकेनिक को छुरा गले पर मारा गया है। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार घायल मैकेनिक टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा स्थित हनुमान टोला मोहल्ला निवासी ललन चौधरी का 18 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार है। वह पेशे से गाड़ी मैकेनिक है एवं रमना मैदान स्थित गाड़ी बनाने का काम करता है। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। वही घटना की सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर घायल मैकेनिक की मां सुभागो देवी ने बताया कि मोहल्ले की ही एक महिला का पति कुछ दिनों से उनके बेटे पर झूठा आरोप लग रहा है।

## पिता ने पुत्री की पीट-पीटकर की हत्या, सनसनी

**केटी न्यूज/आरा**




भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के सुरौंधा कॉलोनी गांव में बुधवार सुबह पिता ने पुत्री की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर गांव एवं आसपास की इलाके में सनसनी मच गई है। उधर घटना की सूचना मिलते ही कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मृत बच्ची की मां से मिलकर घटना की जानकारी ली। उसके बाद पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार मृत बच्ची कोईलवर थाना क्षेत्र के सुरौंधा कॉलोनी गांव निवासी आदित्य महतो की डेढ़ वषीर्या पुत्री अनुष्का कुमारी है। वही गिरफ्तार आरोपी पिता आदित्य महतो है। इधर मृत बच्ची के नाना पारस महतो ने बताया कि उसकी मां आलू कोल्ड स्टोर में काम करती है और वह प्रतिदिन की भांति बुधवार को भी कम पर गई हुई थी। वही उसका पिता आदित्य महतो नशा करता है। बुधवार की दोपहर वह नशा करके आया तो देखा कि वह घर में रो रही है। जिसके बाद वह उसे दो तल्ले छत पर ले गया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। जिससे उसे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। बुधवार की देर शाम करीब आठ बजे जब उसकी मां कम से वापस घर लौटी तो उनकी अन्य बच्चो ने इसकी जानकारी उसे दी। जिसके बाद वह मेडिकल स्टोर से दवा लेकर आई और उसे दवा खिला दिया। इसके बाद उसने कहा कि कल आरा ले जाकर दिखा दूंगी। इसी बीच गुरुवार की दोपहर करीब बारह बजे उसने दम तोड़ दिया। जिसके बाद परिजन द्वारा इसकी सूचना स्थानीय स्थान को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया।

## एक नजर

### हर्षोल्लास से मना 78वां आजादी का पर्व, शान से लहराया तिरंगा




छपरा। पूरे देश के साथ-साथ छपरा में भी 78वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए।इस अवसर पर बिहार के सूचना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री सुमित कुमार सिंह के द्वारा राजेंद्र स्टेडियम छपरा में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर आयुक्त, सारण प्रमंडल, डीआईजी सारण, जिलाधिकारी सारण अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष भी उपस्थित रहे। साथ ही उक्त अवसर पर माननीय मंत्री जी द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करनेवाले योग्य व्यक्तियों/महिलाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। जिले के विभिन्न विद्यालयों में भी धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया ।सदर प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मानोपुर जहाँगीरपुर के ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रधानध्यापक अशोक कुमार राय के साथ शिक्षक दिग्विजय नारायण सिंह,दीनबन्धु गांधी,चन्द्र भूषण कुमार,मोजिबुल हसन,रणवीर सिंह,रामनारायण राम,शीला कुमारी,सुनीता कुमारी,अंजू कुमारी,मनोज कुमार,दिलीप कुमार उपस्थित थे।नवसृजित प्राथमिक विद्यालय सुजान छपरा में प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार पांडेय ने ध्वजारोहण किया,जिसके बाद बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रूप में प्राथमिक विद्यालय मरहियाँ की शिक्षिका आशिमा नन्दा ने बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण कर उन्हें सम्मानित किया।इस मौके पर शिक्षक संतोष कुमार और पीयूष तिवारी उपस्थित थे। नवसृजित प्राथमिक विद्यालय चंदेल टोला डुमरी में प्रधानाध्यापक विनोद कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया। मौके पर पंकज गुप्ता,अमित शर्मा,रीना कुमारी,विजय कुमार,अफसाना परवीन आदि शिक्षक उपस्थित थे। दिघवारा प्रखण्ड के प्राथमिक विद्यालय बरबन्ना दिघवारा में शिक्षक दिलीप कुमार सिंह एवं ज्योति कुमारी ने ध्वजारोहण किया।प्राथमिक विद्यालय परसा में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर शिक्षक सुनील सिंह,शाहिदा निशा,लक्ष्मी कुमारी,सरोज कुमारी,शाहनवाज हुसैन,इरशाद अंसारी उपस्थित थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में सम्मानित किए गए विश्वनेक समदर्शी

छपरा। सारण जिला प्रशासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रेक्षा गृह में मनाया गया। जिसमे सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ के भाग लिया। छपरा का संगीत संस्थान, नटराज संगीत कला के बच्चों ने भी उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। संगीत शिक्षक विश्वानेक समदर्शी और विवेक समदर्शी के मार्गदर्शन में बच्चो ने छपरा के प्रख्यात महेंद्र मिश्र जी से प्रेरित गीत ( हसीं हसीं पनवा ) को नृत्य के साथ प्रस्तुत करके मन को मोह लिया। जिसमे भैरवी सौम्या,रीता कुमारी,फरहीन,हर्षा,तन्नू ,स्वस्तिका, दीपिका और इनके साथ भाव नृत्य की प्रस्तुति दी सौम्या कुमारी, प्रेरणा, शशिकला,श्वेता,अदिति नंदनी और राजनंदिनी ने किया। संस्थान के निर्देशक कौशलेश गर्ग ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक वर्ष कार्यक्रम आयोजित करना बहुत ही सराहनीय कदम है। इससे बच्चो को अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए बेहतरीन मंच मिलते रहता है। इससे बच्चों की प्रतिभा निखकर सामने आती है।



## बलिया जनपद में धूमधाम से मनाया गया 78वां स्वतंत्रता दिवस, ध्वाजारोहण के बाद जिलाधिकारी ने दिया संदेश

# वीर बलिदानियों को याद रख आजादी की महत्ता को समझें

- जिलाधिकारी ने अपने आवास के बाद कलेक्ट्रेट में किया ध्वजारोहण
- बोले डीएम- इस क्रांतिकारी धरती पर ध्वजारोहण करना मेरे लिए गर्व की बात

**केटी न्यूज / बलिया**

जिले में 78वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों पर ध्वजारोहण के बाद विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने अपने आवास पर ध्वजारोहण करने के बाद कलेक्ट्रेट में झंडा फहराया। कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित नेता जी सुभाषचन्द बोस की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित किया। जिलाधिकारी ने वहाँ मौजूद सेनानी परिजनों, कलेक्ट्रेट कर्मियों व समस्त जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, मेरे लिए गौरव की बात है कि इस क्रान्तिकारी बलिया की धरती पर ध्वजारोहण करने का सौभाग्य मिला। यहां की क्रान्ति की वीर गाथा पढ़ने व याद रखने योग्य है। हम सब अपने वीर बलिदानियों को याद रखते हुए इस आजादी की महत्ता को समझें और इसे अक्षुण्य बनाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकार के साथ कर्तव्य का पालन बहुत जरूरी है। इसलिए जो जिस क्षेत्र में हैं, अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी व निष्ठा से करे और बलिया के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कराएं। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामविचार पाण्डेय ने अपने सम्बोधन में आजादी की लड़ाई में बलिया के योगदान का सजीव वर्णन किया। एडीएम डीपी सिंह, डिप्टी कलेक्टर अभिनेन्द्र सिंह, कृष्णकांत विश्वकर्मा, अनवर राशिद फारूखी, साहित्यकार शिवकुमार कौशिकेय, कवि फतेहचंद बेचैन सहित कलेक्ट्रेट स्टॉफ मौजूद थे। संचालन कलेक्ट्रेट संघ के अध्यक्ष कौशल उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर संकल्प संस्था के आशीष त्रिवेदी के नेतृत्व में रंगकर्मियों ने देशभक्ति पर आधारित शानदार गीत का गायन किया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज व गुलाब देवी बालिका विद्यालय की बालिकाओं ने भी अद्भुत देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में एसपी विक्रांत वीर, सीडीओ ओजस्वी राज, नगरपालिका अध्यक्ष संतलाल उर्फ मिठाई लाल सहित अन्य लोग मौजूद थे। संचालन साहित्यकार डॉ शिवकुमार सिंह कौशिकेय ने किया।



### क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

**बलिया।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें 70 बालक तथा 40 बालिकाओं में प्रतिभाग किया। बीएसए मनीष सिंह ने इसको हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार ने दोंनो वर्ग के छह-छह विजेताओं को पुरस्कृत हर उनकी हौसलाआफजाई की। बालक वर्ग में जेपी राजभर ने प्रथम, साहब सिंह ने द्वितीय, अनुभव यादव ने तृतीय, दीपक प्रसाद ने चौथा, प्रदीप कुमार ने पांचवा व शिवनारायण राजभर ने छठवां स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में संध्या यादव ने पहला,, अंजली कुमारी ने दूसरा, माधुरी कुमार ने तीसरा, नेहा यादव ने चौथा, श्रेया संतोष ने पांचवा व नन्दनी गोंड ने छठवां स्थान प्राप्त किया। दिव्या यादव को सांस्त्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर गणेश पाठक, एनवाईके के उप निदेशक कपिलदेव, क्रीडाधिकारी जवाहर सिंह यादव, उप क्रीडाधिकारी अजय साहू, जावेद अख्तर, गयासुद्दीन, कबड्डी कोच सोनिया आदि मौजूद थीं। संचालन स्टेडियम के अरविंद सिंह ने किया।



### शहिद पार्क चौक में बनेगा आडिटोरियम: दयाशंकर सिंह

**बलिया।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने शहर के शहीद पार्क चौक में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने ध्वजारोहण किया। इसके बाद उन्होंने सेनानी रामविचार पांडेय जी को अंगवस्त्र व मिष्ठान देकर सम्मानित किया। क्रांतिवीरों के शिलापट्ट पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। जिला प्रशासन की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि काफी यातनाएं झेलने के बाद हम सबको यह आजादी मिली है। इसलिए महान और विकसित भारत बनाने के साथ इस आजादी को अक्षुण्य बनाए रखने का संकल्प हम सब लें। स्वच्छता का पाठ पढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि अपने आसपास स्वच्छता का विशेष ख्याल रखें। अगर कहीं भ्रष्टाचार दिखे तो उसे रोकने की दिशा में पहल करें। इस प्रकार के छोटे-छोटे प्रयास से हम देश के विकास में अपना अहम योगदान दे सकते हैं। उन्होंने आजादी की लड़ाई में बलिया के योगदान को भी सबसे साझा किया। शहीद पार्क चौक को और बेहतर बनाने और वहां ऑडिटोरियम बनाने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजने का निर्देश जिला प्रशासन को दिया।

### 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर एसपी ने किया ध्वजारोहण

**बलिया।** 78 वें स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने कैम्प कार्यालय पर ध्वजारोहण करने के बाद पुलिस लाईन में क्वार्टर गार्द पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया।तत्पश्चात उपस्थित अधिकारी व कर्मचारीगण को कर्तव्य व निष्ठा की शपथ दिलायी। इस अवसर पर एसपी ने सम्बोधित करते हुए ईमानदारी व मेहनत से कर्तव्यों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया। वही जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण की सराहना की। इसके बाद गृह मंत्रालय भारत सरकार व पुलिस महानिदेशक उप्र द्वारा सराहनीय कार्य के लिए जनपद के कुल 39 अधिकारी व कर्मचारी गण को पदक/सम्मान चिन्ह दिया गया। वही सात अधिकारी/कर्मचारी गण को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसपी ने पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा आरक्षी अर्जुन यादव सर्विलांस सेल बलिया को पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिह्न सिल्वर से सम्मानित किया गया।



### स्वतंत्रता दिवस पर निकाली गई साइकिल रैली, एनसीसी कैडेट्स ने नशा मुक्ति का दिया संदेश

**बलिया।** 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 90 व 93 यूपी बटालियन एनसीसी बलिया के कर्नल अनिल चौधरी, प्रशासनिक अधिकारी एवं लेफ्टिनेन्ट कर्नल आरएस. पुनिया प्रभारी कमान अधिकारी 90 यूपी बटालियन के नेतृत्व में एनसीसी भवन बलिया से साइकिल रैली कैडेटों ने निकाली। वहीं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अनिल चौधरी ने झंडारोहण किया। इस अवसर पर 90 एवं 93 बटालियन एनसीसी के कुल



100 सीनियर डिविजन एवं सीनियर विंग के कैडेटों ने विभिन्न चौराहों का भ्रमण करते हुए जननायक चन्द्रशेखर यूनिवर्सिटी गए। इसके बाद पुनः एनसीसी भवन पर आकर समाप्त हो गया। इस दौरान कैडेटों ने नशा से मुक्ति के लिए शपथ ली एवं समाज को नशा मुक्ति का संदेश दिया। उनके जलपान, मेडिकल सुविधा हेतु एम्बुलेन्स एवं ट्राफिक कन्ट्रोल हेतु स्कोर्ट की भी व्यवस्था सुनिश्चित करायी गई। प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अनिल चौधरी ने बताया कि हर वर्ष 15 अगस्त को पूरे देश में उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है, 1947 में इसी दिन भारत ने अंग्रेजी शासन से आजादी प्राप्त की थी। स्वतंत्रता दिवस हमारे देश के दीर शहीदों को याद करने और उनके समर्थन में एकजुट होने का अवसर प्रदान करता है। इस दिवस को हम सभी भारतवासी राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाते है। एनसीसी कैडेटो द्वारा तालिया बजाकर बड़े हर्ष व उल्लास के साथ भारत माता की जय का गगनभेदी नारा लगाया गया।

### इन्हें मिला गृह मंत्रालय द्वारा अति उत्कृष्ट सेवा पदक

**बलिया।** स्वतंत्रता दिवस पर सारनाथ प्रसाद पुलिस लाईन अतिउत्कृष्ट सेवा पदक, वकील सिंह थाना फेफना अति उत्कृष्ट सेवा पदक, शंकर सिंह यादव थाना फेफना अति उत्कृष्ट सेवा पदक, अरविन्द कुमार सिंह थाना भीमपुरा अतिउत्कृष्ट सेवा पदक, रमेश चन्द्र यादव थाना सिकन्दरपुर अतिउत्कृष्ट सेवा, शोभनाथ यादव थाना नगरा अति उत्कृष्ट सेवा पदक, कपिल देव राम थाना रेवती अति उत्कृष्ट सेवा पदक, इस्तखार अहमद थाना फेफना अति उत्कृष्ट सेवा पदक, शिवभुवन दुबे कोतवाली अति उत्कृष्ट सेवा पदक, राजेश राम भीमपुरा अति उत्कृष्ट सेवा पदक, लक्ष्मी नारायण कुशवाहा डायल 112 अति उत्कृष्ट सेवा पदक,सर्वजीत सिंह यादव पुलिस लाईन अति उत्कृष्ट सेवा पदक, सुभाष चन्द्र यादव पुलिस लाईन अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किए गए।

#### उत्कृष्ट सेवा पदक

**बलिया।** पुरेन्द्र कुमार तिवारी प्रधान लिपिक उत्कृष्ट सेवा पदक, मूलचन्द्र चौरसिया थाना गड़वार उत्कृष्ट सेवा पदक, रोहित कुमार प्रधान लिपिक उत्कृष्ट सेवा पदक, विजय प्रकाश यादव पुलिस लाईन उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किए गए।

#### सराहनीय सेवा पदक

यतेन्द्र पाण्डेय पुलिस लाईन सराहनीय सेवा पदक

#### जिम्मेदार नागरिक का प्रशस्ति पत्र

**बलिया।** विष्णु शंकर सिंह द्वारा 10 अगस्त 2024 को यूपी-112 पर एक्सीडेंट की सूचना दी गयी। जिस पर यूपी 112 द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई। एक जागरुक व जिम्मेदार नागरिक होने का दायित्व निभाकर एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिसके लिए उन्हें यूपी-112 मुख्यालय द्वारा उन्हे कॉलर के रुप में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

#### अति उत्कृष्ट व उत्कृष्ट सेवा पदक

सुभाष चन्द्र यादव उत्कृष्ट पदक, राम आसरे यादवअति उत्कृष्ट सेवा पदक, बृज किशोर दुबे अति उत्कृष्ट सेवा पदक, राम बदन सेहरा अति उत्कृष्ट सेवा पदक, मधुकर पाठक अति उत्कृष्ट सेवा पदक मो इस्माइल अति उत्कृष्ट सेवा पदक, जयप्रकाश सिंह कुशवाहा अति उत्कृष्ट सेवा पदक, रामधनी मिश्र अति उत्कृष्ट सेवा पदक, चन्द्रजीत सिंह अति उत्कृष्ट सेवा पदक, सभाजीत यादव अति उत्कृष्ट सेवा पदक, हरिद्वार अति उत्कृष्ट सेवा पदक, केसार अहमद अति उत्कृष्ट सेवा पदक, विनोद कुमार पाण्डेय अति उत्कृष्ट सेवा पदक, चन्द्रकेश यादव अति उत्कृष्ट सेवा पदक, दिनेश कुमार शुक्ल अतिउत्कृष्ट सेवा पदक, सुर्यप्रकाश यादव अतिउत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किए गए।

## अपना सब कुछ न्योछावर करने वाले अमर शहीदों पर फख्र है: शमीम खान

**बलिया।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादूल मुस्लिमीन पार्टी के कैंप कार्यालय बहेरी में झंडारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें पार्टी के प्रदेश महासचिव मोहम्मद शमीम खान व जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान के हाथों झंडारोहण संपन्न हुआ। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महासचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि देश की आजादी के लड़ाई में हर समाज हर धर्म, हर वर्ग के लोगों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सदियों तक गुलामी को इस मुल्क ने झेला है, आज हमारा देश आजादी की फिजा को महसूस कर रहा है और निरंतर तरक्की की तरफ बढ़ रहा है, हमें फख्र है अपने उन अमर शहीदों पर जिन्होंने इस मुल्क के



लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। समाज और ये पूरा देश अपने अमर शहीद सेनानियों का हमेशा कर्जदार रहेगा। लेकिन अफसोस होता है कि जिन लोगों ने अपना सब कुछ इस मुल्क के लिए न्योछावर कर दिया, ऐसे सेनानियों की वर्तमान व पूर्ववर्ती सरकारों ने उपेक्षा किया है, ना तो उन्हें उचित सम्मान ही मिला ना ही उन्हें पर्याप्त सहायता राशि। आज जो भी जीवित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हमारे बीच में मौजूद हैं,ये राष्ट्र और समाज की धरोहर हैं, आज वो उम्र के ऐसे पड़ाव पर हैं ना तो वह अपने लिए, खाना बना सकते हैं,ना कपड़ा धो पहन सकते हैं,न ही आवागमन कर सकते हैं,ऐसे लोगों को हर समय एक सहयोगी की जरूरत रहती है,जो आज के इस आधुनिक परिवेश में बगैर पर्याप्त आर्थिक व्यवस्था के संभव नहीं है। मैं चाहता हूं कि प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी द्वारा ऐसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को मासिक सहायता न्यूनतम एक लाख किया जाना चाहिए। इस अवसर पर जिला प्रमुख महासचिव महताब आलम, जिला कोषाध्यक्ष आबिद अली,जिला संगठन मंत्री मुदस्सिर अंसारी, जिला सचिव फरीद अहमद मुराद,राज अहमद, सनाउल्लाह खान, पूर्व पूर्वांचल सचिव कलिका प्रसाद, जिला संयुक्त सचिव अब्दुल्लाह अंसारी नेहाल अहमद, शकील अहमद मौजूद रहे।

## डॉक्टर रेप हत्या कांड: चिकित्सकों ने पीएम को भेजा पाती

- सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग
- 17 व 18 अगस्त को दो घण्टे कार्य से विरत रहेंगे डॉक्टर
- 17 अगस्त को होगा प्रदर्शन

**केटी न्यूज / बलिया**

कोलकाता में महिला डॉक्टर रेप हत्या कांड मामले में बलिया के आक्रोशित चिकित्सकों का प्रतिनिधिमंडल आइएमए के बैनर तले जिलाधिकारी से मिला। इस दौरान डॉक्टरों के सुरक्षा के लिए प्रभावी कानून बनाने एवं महिला चिकित्सक प्रकरण की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की प्रधानमंत्री से मांग की। कोलकाता में महिला जूनियर डाक्टर के साथ बलात्कार तथा उसकी निर्मम हत्या के खिलाफ आईएमए नर्सिंग होम एसोसिएशन एवं प्रान्तीय चिकित्सा संघ बलिया के सभी चिकित्सकों ने घोर आक्रोश व्यक्त किया। इसके साथ ही पश्चिम बंगाल सरकार एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन के कार्यशैली पर गंभीर सवाल एवं संदेह व्यक्त किया कि पीड़िता को न्याय मिलेगा या नहीं। प्रधानमंत्री को भेजे गए पत्र में मांग किया है कि सीबीआई द्वारा इस घटना की त्वरित एवं निष्पक्ष जाँच करते हुए घटना में शामिल सभी अभियुक्तों को अतिशीघ्र गिरफ्तार करते हुए न्यायालय द्वारा कठोरत्तम सजा दिलवाने की कार्यवाही की जाए। अब समय आ गया है कि एक मजबूत केन्द्रीय मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट अतिशीघ्र लागू किया जाए। हिन्दुस्तान के सभी सरकारी एवं प्राइवेट चिकित्सालयों को आधिकारिक तौर पर सुरक्षित क्षेत्र घोषित करते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये जाए। हमारी उपरोक्त सभी मांगो के शीघ्र पूरा नही करने पर सभी चिकित्सा राष्ट्रव्यापी हड़ताल के लिए मजबूर होंगे। आखिर कब तक मरीजों की जान बचाने के लिए दिन रात अपना जीवन समर्पित करने वाले चिकित्सक अपनी जान इज्जत बचाने के लिए अपनी सुरक्षा के लिए हमेशा आशंकित रहेंगे। हम सभी चिकित्सकों को आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आप हमारी सभी मांगों पर सकारात्मक एवं शीघ्र कार्यवाही करेंगे। हम सभी अपने प्रिय प्रधानमंत्री एवं अपने देश की सरकार की त्वरित एवं सकारात्मक प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे है। डॉ. बीके गुप्ता ने बताया कि हम 17 और 18 अगस्त को सुबह छः से आठ बजे तक समस्त चिकित्सकीय कार्य बंद कर अपना विरोध प्रदर्शित करेंगे। साथ ही 17 अगस्त को नगर के शहीद पार्क चौक में धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा। इस मौके पर आई एम ए के अध्यक्ष डॉ. डी. राय, सचिव डॉ. ए के गुप्ता, बलिया नर्सिंग होम एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ राजेश केजरीवाल, सचिव डॉ. बीके. गुप्ता, डॉ अजित सिंह, आदि शामिल थे।

### कारागार मंत्री ने राइफल क्लब में किया ध्वजारोहण

**गाजीपुर।** आजादी के 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने राइफल क्लब में ध्वजारोहण किया। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक डॉ० इरज राज की उपस्थिति में वहां लगाई गई प्रदर्शनी को गौरपूर्वक उन्होंने देखा। विभिन्न विद्यालयों से आए हुए छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मंत्री का मन मोह लिया।

### पुलिस ने मंगलसूत्र पर हाथ साफ करने वाले को दबोचा

**फेफना।** स्थानीय थाना पुलिस एक अभियुक्त गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी का एक मोबाईल व एक मंगलसूत्र का लाकेट बरामद किया है। अभियुक्त विशाल राजभर पुत्र लक्ष्मण राजभर कल्याणीपुर को डुमरी मोड़ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की जमातलाशी लेने पर उसके कब्जे से चोरी का एक मोबाईल व एक मंगलसूत्र लाकेट बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार विरूद्ध थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में भेजा गया।









## सीडीपीओ ने टीकाकरण केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**गाजीपुर।** सीडीपीओ अरूण कुमार दूबे ने शुक्रवार को ब्लाक अंतर्गत बीएचएसएंडी ( वीलेज हेल्थ मेमिटेशन एंड न्यूट्रेशन डे) टीकाकरण केंद्रों का औचक निरीक्षण के सिलसिले में धमक पड़े। जिसके चलते कर्मचारियों में हडकंम्प मच गया,इस दौरान कुपोषित बच्चों के सर्वे में लापरवाही पाए जाने के साथ ही कुपोषितों के सर्वे-टीकाकरण को ई- कवच पोर्टल पर अपलोड न किए जाने से सीडीपीओ नाराज हो गये,इसे गंम्भीरता से लेते हुए उन्होंने ए एन एम, आशा समेत छह को नोटिस जारी कर दिया।साथ ही? उन्होंने उक्त पाचों के मानदेय को अवरुद्ध करने के लिए एक पत्र उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दिया,उनके इस सख्त रूख के चलते कर्मचारियों में हडकंम्प मचा हुआ है,साथ ही उन्होंने सख्त हिदायत दिया कि नोटिस का संतोषजनक जबाब न देने पर सम्बन्धित के खिलाफ कठोर कार्यवाई की जाएगी ।






# खुशखबरी : बुंदेलखंड में इतनी होगी हरियाली कि लोग भूल जाएंगे सूखा

- केन बेतवा लिंक से सिंचित होगा ढाई लाख हेक्टेयर से अधिक रकबा, लाखों की बुझेगी प्यास
- सीएम योगी का निर्देश, योजना में हमीरपुर को भी करें शामिल



**केटी न्यूज/ लखनऊ**

शौर्य और संस्कार की धरती, बुंदेलखंड। यह धरती उत्तर प्रदेश का स्वर्ग बने, यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संकल्प है। इसे वह कई बार सार्वजनिक रूप से बोल भी चुके हैं। इस संकल्प को पूरा करने के लिए योगी-1.0 से शुरू सिलसिला योगी-2.0 में भी उसी शिद्दत से जारी है। डिफेंस कॉरिडोर, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, इस एक्सप्रेसवे के किनारे इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, कानपुर और झांसी के बीच नोएडा से भी बड़ा इंडस्ट्रियल हब बनाने, यहां के नामचीन किलों को एडवेंचर टूरिज्म के लिए विकसित करने जैसी योजनाएं इसका प्रमाण हैं। इंडस्ट्री के अलावा बुंदेलखंड का सबसे बड़ा संकट पानी है। चाहे शुद्ध पेयजल की बात हो या खेतों के सिंचाई। योगी सरकार का इस पर भी समान रूप से फोकस रहा है। अर्जुन सहायक नहर के साथ अन्य छोटी और मझोली परियोजनाओं के पूरा होने से यहां सिंचन क्षेत्र का रकबा बढ़ा है। खेत तालाब योजना से न केवल यहां के जमीन के जल धारण की क्षमता बढ़ी है बल्कि सूखे के समय खेतों की सिंचाई और मवेशियों की प्यास भी बुझ रही है। फिलहाल बुंदेलखंड के लोगों और खेतों की प्यास बुझाने की सबसे बड़ी और महत्वाकांक्षी योजना केन बेतवा लिंक परियोजना है। नदी जोड़ो योजना के तहत आज से करीब दो दशक पहले यह सपना तबके प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने देखा था। योगी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में ही मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से जुड़ी इस परियोजना को लेकर गंभीर पहल की। दोनों प्रदेशों और केंद्र में भाजपा की सरकार होने के नाते इन पहलों के नतीजे भी सकारात्मक रहे। तीनों सरकारों में इस बाबत समझौता भी हो चुका है।

### सिंचाई और पेयजल के संकट का हो जाएगा स्थायी समाधान

दशकों से पेयजल और सिंचाई संकट का सामना कर रहे इस क्षेत्र के लिए यह परियोजना किसी वरदान से कम नहीं होगी। अर्से यह क्षेत्र सूखे का शिकार है। इस कारण क्षेत्र में व्यापक गरीबी के कारण अन्य जिलों की तुलना में यहां से पलायन भी बहुत ज्यादा है। अगर यह परियोजना तय समय, आठ साल में पूरी हुई तो इस पूरे क्षेत्र में सिंचाई और पेयजल के संकट का स्थायी समाधान हो जाएगा। परियोजना की अहमियत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इसके जरिये 10 .62 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचाई की जद में आएगी। इसके अलावा 62 लाख लोगों को पीने का पानी नसीब होगा। परियोजना के तहत उत्तर प्रदेश में दो बैराज और मध्य प्रदेश की नदियों पर सात बांध बनाए जाएंगे। 103 मेगावाट हाइड्रो पावर और 27 मेगावाट सोलर पावर का उत्पादन होगा।

## सीएम योगी ने पूर्व पीएम स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

# देश को सुशासन, इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्रामीण विकास का मॉडल अटल जी ने दिया: योगी

- तीन बार देश का प्रधानमंत्री बनने के साथ ही भारत की राजनीतिक अस्थिरता को अटल जी ने किया था दूर
- आज अटल जी की स्मृतियां, उनकी कविताएं और भारतीय राजनीति के उनके मूल्य एवं सिद्धांत सदैव हमें एक नई प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे

**केटी न्यूज/ लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी ने आधुनिक भारत की नींव रखी थी। तीन बार देश का प्रधानमंत्री बनने के साथ ही उन्होंने भारत की राजनीतिक अस्थिरता को दूर किया था। सीएम योगी ने कहा कि 25 दिसंबर 1924 को जन्में अटल जी का लगभग छह दशक का सार्वजनिक जीवन पूर्णतः निष्कलंक रहा।

उन्होंने भारतीय राजनीति को एक नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। सीएम योगी ने अटल जी को भारतीय राजनीति का अजातशत्रु करार देते हुए कहा कि भारतीय राजनीति में उनकी पहचान एक सर्वमान्य चेहरे के रुप में थी।



सीएम योगी ने शुक्रवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की छठी पुण्यतिथि पर लोकभवन में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि देश को सुशासन, इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्रामीण विकास का मॉडल अटल जी ने दिया था। सीएम योगी ने कहा कि अटल जी की सरकार में चलाए गए अंत्योदय के कार्यक्रम उनकी दूरदर्शिता को प्रदर्शित करते हैं। अटल जी की स्मृतियों को नमन करते हुए सीएम योगी ने कहा कि स्वतंत्र भारत में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सानिध्य में अटल जी ने अपने सार्वजनिक जीवन का शुभारंभ किया था। 1957 में वह बलरामपुर (वर्तमान में श्रावस्ती) से पहली बार सांसद चुने गए थे। उन्होंने कहा कि अटल जी को लगातार 10 बार लोकसभा एवं दो बार राज्यसभा में जाने का अवसर प्राप्त हुआ था, जिसमें वह पांच बार लखनऊ से सांसद चुने गए थे। सीएम योगी ने कहा कि आज अटल जी हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी स्मृतियां, उनकी कविताएं और भारतीय राजनीति के उनके मूल्य एवं सिद्धांत सदैव हमें एक नई प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि भारत को एक वैश्विक महाशक्ति के रुप में स्थापित करने के लिए अटल जी द्वारा किए गए प्रयासों को देश कभी विस्मृत नहीं कर सकता है। सीएम योगी ने कहा कि अटल जी के सत्प्रयासों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए कृतज्ञ राष्ट्र ने उन्हें भारत रत्न की उपाधि से भी सम्मानित किया।

कार्यक्रम में सीएम योगी के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में राज्यसभा सदस्य डॉ दिनेश शर्मा, पूर्व जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह और भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

## खबरें फटाफट

### आज स्वास्थ्य सेवाएं ठप रहेंगी

पीडीडीयू नगर। आरजी मेडिकल कॉलेज कोलकाता में रेजीडेन्ट डाक्टर की नृशंस हत्या के विरोध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर 17 अगस्त को जिले में चिकित्सकीय सेवाएं ठप रहेंगी। यह जानकारी देते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के चंदौली सचिव डॉक्टर आरके श्रीवास्तव और उपाध्यक्ष डा. राजीव ने बताया कि 17 अगस्त की सुबह छह बजे से 18 अगस्त को सुबह छह बजे तक आपातकालीन और आंतरिक रोगी सेवाओं को छोड़कर सभी चिकित्सा सेवाओं को 24 घंटे के लिए ठप रखा जाएगा।

### प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**गाजीपुर।** लुदर्स कान्वेन्ट बालिका इण्टर कालेज गाजीपुर के प्रांगण में देश का 78वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनायी गयी। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लूदर्स चर्च के पल्ली पुरोहित फादर एण्टनी तथा विशिष्ट अतिथि स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर के इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष, डॉ0 अशोक कुमार चटर्जी रहे। अतिथियों द्वारा झण्डारोहण एवं छात्राओं के परेड की सलामी ली गयी। तत्पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पौधा प्रदान कर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। तद्नन्तर इस अवसर पर डॉ0 चटर्जी ने अपनी माँ की स्मृति में विद्यालय की हाईस्कूल टापर्स 15 छात्राओं को गोल्ड मेडल तथा गाइड एवं एन0सी0सी0 छात्राओं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर संस्कृत, अंग्रेजी एवं हिन्दी में अपने विचार एवं मनोद्गार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर लाल, पीला, हरा एवं नीला दल की छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों के माध्यम से रंगारंग मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। डॉ0 चटर्जी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में छात्राओं के कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए विद्यालय के प्रति अपने लगाव, शिक्षा के महत्व एवं उनके उत्तरदायित्वों पर प्रकाश डालकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

## एक नजर

### समायोजन की मांग को लेकर कोविड कर्मचारी मुखर, डीएम व सीएमओ कार्यालय का किया घेराव

**चंदौली।** समायोजन की मांग को लेकर कोविड कर्मचारियों का आक्रोश मुखर होता जा रहा है। कोविड कर्मियों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी व



सीएमओ दफ्तर का घेराव किया। कर्मचारियों ने समायोजन की मांग उठाई। जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे और एसीएमओ डा. आरबी शरण ने इसको लेकर पहल करने का भरोसा दिलाया। एनएचएम के तहत कोविड काल में नौकरी पाने वाले कोविड कर्मियों की हाजिरी 31 जुलाई के बाद से नहीं लग रही है। अस्पतालों में कार्यरत कर्मी अब घर बैठ गए हैं। इनमें चिकित्सक और मेडिकल स्टाफ शामिल हैं। बजट की कमी का हवाला देते हुए उन्हें अब ड्यूटी पर न आने को कह दिया गया है। इससे कर्मियों में आक्रोश पनप रहा है। दर्जनों की संख्या में कोविड कर्मी शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय पहुंचे। वहां सीएमओ मौजूद नहीं थे। ऐसे में एसीएमओ डा. आरबी शरण से वार्ता की। इसके बाद कर्मी कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे से मुलाकात की। इस दौरान डीएम पहल का भरोसा दिलाया। कर्मियों की मानें तो स्वास्थ्य विभाग में मेडिकल स्टाफ की जबर्दस्त कमी है। ऐसे में उनके हटने के बाद प्राइवेट स्टाफ रखकर काम कराया जा रहा है, लेकिन उन्हें समायोजित नहीं किया जा रहा है। एनएचएम मुख्यालय से भेजे गए पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि जिलास्तर पर जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी जरूरत के हिसाब से कोविड कर्मियों की सेवा ले सकते हैं, लेकिन जनपद स्तर पर अधिकारियों की ओर से इस दिशा में कोई पहल नहीं की जा रही है। कोविडकर्मियों ने इस तहत से समायोजन की मांग की है, ताकि भविष्य में उनकी नौकरी को लेकर दोबारा कोई खतरा न रहे। चेताया कि यदि मांगों पर विचार नहीं किया गया तो लखनऊ में एनएचएम कार्यालय का घेराव करेंगे।

### कोलकाता की घटना पर सांसद बोलीं- लोग प्रोटेस्ट कर भूल जाते हैं, कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए



**जौनपुर।** पश्चिम बंगाल की युवा प्रशिक्षु डॉक्टर से बलात्कार की घटना ने पूरे देश में भूचाल मचा रखा है जगह-जगह इसको लेकर डॉक्टर हड़ताल पर भी हैं डॉक्टरों की मांग है की प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के साथ हुए जघन्य हत्याकांड की उच्च स्तरीय जांच हो और दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। इस मामले में मछलीशहर से समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज का बड़ा बयान सामने आया है। जौनपुर में जिलाधिकारी से मिलने पहुंचीं प्रिया सरोज ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हर बार महिलाओं के साथ यही होता है लोग प्रोटेस्ट करते हैं। सरकार सुनती नहीं है और लोग भूल भी जाते हैं। इस मामले पर स्ट्रांग एक्शन लेना चाहिए। सरकार को कुछ नए रूल सरकार को लागू करना चाहिए साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रधानमंत्री द्वारा लाल किले से 15 अगस्त को महिला सशक्तिकरण पर भाषण देने पर उन्होंने कहा, कि भाषण देने से कुछ नहीं होता है उसे अमल में लाने के लिए कुछ करना पड़ता है। सरकार कोई काम नहीं कर रही है, कोई तगड़ा एक्शन नहीं ले रही है। इनका भाषण सिर्फ एक्शन में होता है। यह सिर्फ अपने कार्यकताओं का ध्यान दे रहे हैं।लेकिन जहां जनता की बात आती है यह पीछे हो जाते हैं।

# गले मे तख्ती डाल दो वृद्ध महिलाएं अपने जिंदा होने का सबूत लेकर पहुंची जौनपुर डीएम कार्यालय

**केटी न्यूज / जौनपुर**

जिलाधिकारी कार्यालय पर उस समय अजीबो- गरीब मामला सामने आया जब दो बृद्ध महिलाएं अपने गले में तख्ती टांग कर अपने जिंदा होने का सबूत दे रही थी। और कह रही थी साहब मैं जिंदा हूं। इन दोनों महिलाओं के गले में तख्तियों पर लिखा हुआ है साहब मैं जिंदा हूं।दोनों विधवा बृद्ध महिलाएं बहुत ही गरीब है तथा पेंशन से ही इन दोनों महिलाओं का जीवन यापन चलता है। लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के चलते सरकारी दस्तावेजों में इनको मृत घोषित कर दिया गया है।दोनो बृद्ध महिलाओं को अपने जिंदा होने का सबूत देना पड़ रहा है।तहसील स्तर के अधिकारियों के चक्कर लगाकर थक हार चुकी अब यह दोनों महिलाएं भाजपा के जिला पंचायत सदस्य के




साथ अपने जिंदा होने का सबूत देने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची है। दरअसल शुक्रवार की सुबह करीब 11:00 बजे जिलाधिकारी कार्यालय पर खंड विकास कार्यालय जलालपुर क्षेत्र के गांव बीवनपुर निवासी शांति देवी पत्नी स्व. जयराम एवं केवला देवी पत्नी स्व. श्रीराम निषाद अपने गले में तख्ती टांग कर डीएम साहब से गुहार लगाने पहुंची थी। साहब हम लोग जिंदा है हमारी पेंशन बहाल करा दीजिए।डीएम कार्यालय के बाहर यह नजारा देखने के लिए वहां भीड़ जुट गई। हालांकि डीएम रविंद्र कुमार मादंड से मिलने के बाद बुजुर्ग महिलाओ ने बताया कि हमारी बातों को गंभीरता से सुना और पूरा भरोसा दिलाया कि आप लोग अपने घर जाइए आप लोगों की पेंशन चालू हो जाएगी। इन बुजुर्ग महिलाओं के साथ आए जलालपुर क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के जिला पंचायत सदस्य पवन गुप्ता ने बताया कि ये महिलाएं बेहद गरीब है इनके पास जीवन यापन का कोई रास्ता नहीं हैं। अब इनका जीवन सिर्फ बृद्धा पेंशन के सहारे ही चलता है। पवन गुप्ता ने कहा अधिकारियों से हमने कई बार गुहार लगाई लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई।उन्होंने कहा कि सोचने वाली बात यह है कि मैं खुद भारतीय जनता पार्टी मैं रहकर जिला पंचायत सदस्य होने के बावजूद मेरी भी बातों को नजरअंदाज कर दिया जा रहा है। अधिकारी सिर्फ आश्वासन ही दे रहे हैं उन्होंने कहा कि मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं कि जब हम जैसे भाजपा के कार्यकर्ताओं का यह हाल है तो आम जनता का क्या हाल होगा। उन्होंने कहा कि आखिरकार थक हार कर इन महिलाओं को लेकर मैं खुद ही डीएम साहब के पास आया हूं। और डीएम साहब ने मिलने के बाद पूरा आश्वासन तो दिया है। लेकिन देखने की बात यह होगी कि क्या आखिर इन बुजुर्ग महिलाओं की पेंशन इस बार चालू हो जाएगी या फिर वैसे ही वादों में पड़ी रहेगी।

### पुलिस कस्टडी से वाहन सहित पशु तस्कर हुए फरार

**चंदौली ।** बलुआ थाना क्षेत्र के मथेला पुलिया के पास से पशु तस्कर पुलिस के कब्जे से वाहन छीनकर भाग निकले। मामला बीते बुधवार रात का है। जिसमें बलुआ पुलिस की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा होने लगा है।

बलुआ थाना प्रभारी के नेतृत्व में बलुआ पुलिस को बुधवार को बड़ी कामयाबी हाथ लगी जब दो वाहनों में चार पशुओं के साथ दो पशु तस्कर गिरफ्त में आये थे।गिरफ्तार तस्करों पर थाने में मुकदमा दर्ज करने के बाद पशुओं को गोशाला छोड़ने के लिए उसी वाहन से रवाना कर दिया गया। लापरवाही यह हुयी कि गाड़ी में मात्र एक पुलिसकर्मी को बैठाया गया। मथेला पुलिया के पास तस्करों ने पुलिसकर्मी को धक्का देकर गाड़ी से नीचे गिरा दिया और मय वाहन फरार हो गए।




## स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चंदौली जनपद में जगह जगह ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित

# शहीदों को याद कर पूरे जिले में शान से लहराया तिरंगा

**केटी न्यूज / चंदौली**

जिले में स्वतंत्रता दिवस बृहस्पतिवार को हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सरकारी और अर्द्ध सरकारी कार्यालयों के साथ ही शिक्षण संस्थानों व अन्य संगठनों ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। वहीं राष्ट्रगान किया गया। साथ ही विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर वीर बलिदानियों को याद किया गया।

इस क्रम में जनपद न्यायाधीश सुनील कुमार चतुर्थ ने न्यायालय भवन पर ध्वजारोहण किया। वहीं जिले के प्रथम नागरिक जिला पंचायत अध्यक्ष दीनानाथ शर्मा ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह, सरिता



सिंह, अपर मुख्य अधिकारी अमित राज सिंह, प्रशासनिक अधिकारी आनंद सिंह के साथ जिला पंचायत कार्यालय पर तिरंगा फहराया। वहीं जिला पंचायत परिसर में पौधारोपण भी किया गया। डेमोक्रेटिक बार में अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह व जन्मेजय सिंह सिविल बार एसोसिएशन में अध्यक्ष राकेश रतन तिवारी अजय मौर्या ने ध्वजारोहणकर तीरगें झंडे को सलामी दी। इसके अलावा जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, एसपी आदित्य लांग्हे ने पुलिस लाइन में, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय पर डीआरएम राजेश गुप्ता ने ध्वजारोहण किया।

इसके अलावा अन्य कार्यालयों पर सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्षों ने तिरंगा फहराया। सपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर, कांग्रेस कार्यालय पर धर्मेंद्र तिवारी भाजपा कार्यालय पर काशीनाथ सिंह बसपा कार्यालय पर घनश्याम प्रधान के अलावा महेंद्र टेक्निकल इंटर कॉलेज में प्रमोद सिंह आलोक इंटर कॉलेज में डॉक्टर आनंद कुमार अभिषेक नर्सिंग कॉलेज में डॉक्टर संजय यादव के अलावा चंदौली अस्पताल पर डॉक्टर बीके वर्मा, गुरुकुल स्कूल में इसरार अहमद ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद विभिन्न कॉलेजों में संस्कृत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जहां बच्चों ने आजादी का जश्न मनाया। चंदौली नगर के वरिष्ठ नागरिको पुलिस चौकी के पास बृहस्पतिवार को ध्वजारोहणकर झंडे को सलामी दी। जहां पर संतोष तिवारी, सेवानिवृत्ति जिला भूमि संरक्षण अधिकारी इंजीनियर रामकेश सिंह यादव, हरिद्वार सिंह त्रिभुवन नारायण सिंह, शिवबचन सिंह राकेश सिंह आदि शामिल रहे।

### बीआरपी इंटर कॉलेज में मना स्वतंत्रता दिवस

जौनपुर। 16 अगस्त ।विगत वर्षों की भाती इस वर्ष भी बीआरपी इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता की 78वीं वर्षगांठ धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक हरिश्चंद्र श्रीवास्तव ने काली प्रसाद कुलभास्कर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। तदुपरांत प्रबंधक हरीश चंद्र श्रीवास्तव प्रधानाचार्य डा प्रमोद श्रीवास्तव ने झंडारोहण किया ।इसके उपरांत प्रधानाचार्य डॉ प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने आजादी के संकल्प की बच्चो को शपथ दिलाई।

## सुभाषितम्

चोट मारने के लिए लोहे के गर्म होने की प्रतीक्षा न करें बल्कि इसे चोट मार-मार कर गर्म करें। -विलियम बी. स्प्रेग

## राजनीति की गैंगवार चरम अवस्था में

कोलकाता के सरकारी अस्पताल में प्रशिक्षक महिला चिकित्सक की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई। मृतक महिला डॉक्टर की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दावा किया है। उसके शरीर पर चोटों के निशान है। इस अपराध में एक से अधिक लोग शामिल होने की संभवना जताई गई हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जो सीमन पाया गया है, उससे ऐसा प्रतीत हो रहा है, एक से अधिक लोगों ने उसके साथ बलात्कार किया। कोलकाता पुलिस जब निर्धारित समय पर जांच पूरी नहीं कर पाई। तब पश्चिम बंगाल सरकार ने सीबीआई से जांच कराने पर सहमति दी। न्यायपालिका ने भी सीबीआई से जांच कराए जाने का आदेश किया। इस मामले की जांच अब सीबीआई कर रही है। पश्चिम बंगाल की सरकार और पुलिस सीबीआई को सहयोग कर रही है। कोलकाता के मेडिकल कॉलेज के सभी डॉक्टर घटना के विरोध में हड़ताल पर हैं। इस घटना की देशभर में प्रतिक्रिया हुई है। देश भर के सभी मेडिकल कॉलेजों मैं धरना प्रदर्शन और हड़ताल हुई। ड्यूटी डॉक्टरों ने सुरक्षा की मांग की। पश्चिम बंगाल की इस घटना से पूरा देश उद्वेलित है। इस घटना के बाद जिस तरह से पश्चिम बंगाल में राजनीति शुरू हुई है। नेशनल मीडिया इस घटना पर जिस तरह की कवरेज कर रहा है। उसने राजनीति को एक गेंगवार के स्वरूप में बदल दिया है। जिस तरह से एक गैंग दूसरी गैंग के इलाके में कब्जा करने के लिए सभी जायज और नाजायज तरीकों का उपयोग करते हुए अपना इलाका बढ़ाना चाहते हैं। ठीक वही स्थिति वर्तमान में पश्चिम बंगाल में दिख रही है। भारतीय जनता पार्टी ने इसे एक मुद्दा बना लिया है। भाजपा ने ममता बनर्जी और वाम दल को निशाना बनाकर आंदोलन और प्रदर्शन किया जा रहा है। छात्रों को ढाल बनाकर एक तरह से राजनीति की गेंगवार का हमला माना जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने बुधवार को अस्पताल में घुसकर भारी तोड़फोड़ की। वहां पर जिस तरह आतंक और दहशत का माहौल बनाया गया। वह आश्चर्यचकित करने वाली घटना है। ममता बनर्जी राजनीति की इस गेंगवार में शुक्रवार को स्वयं प्रदर्शन करने सडकों पर उतरी हैं। उनका कहना है, सीबीआई जल्द से जल्द घटना की जांच करें। आरोपियों को फांसी की सजा दिलाए। भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफा मांगा है। भाजपा ममता बनर्जी के खिलाफ आंदोलन कर रही है। रही-सही कसर राज्यपाल सीबी आनंद ने आंदोलनकारियों के पास पहुंच कर पूरी कर दी है। राज्यपाल महोदय के ऊपर खुद ही महिला छेड़छाड़ के आरोप हैं। आंदोलनकारियों को संवैधानिक पद पर रहते हुए उकसाने का काम कर रहे हैं। भारतीय राजनीति में पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह न्यायपालिका और मीडिया का उपयोग राजनीति के लिए किया जा रहा है, वह आश्चर्यचकित करने वाला है। न्यायपालिका और मीडिया के माध्यम से विपक्षियों पर हमला करने की एक नई प्रक्रिया शुरू हुई है। पश्चिम बंगाल इसमें सबसे आगे है। भारत में वाम दल केडर बेस पार्टी है। दूसरी पार्टी भारतीय जनता पार्टी है। जिसका राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और पार्टी का अपना कैडर है। अन्य दलों के पास ऐसा कोई कैडर नहीं है। पश्चिम बंगाल में जब भारतीय जनता पार्टी और वाम दल आमने-सामने होते हैं। तो यह मुंबई की गैंगवार की तरह लड़ाई झगड़ा और हिंसा में परिवर्तित हो जाती है। पिछले कई वर्षों से पश्चिम बंगाल और कोलकाता में यही स्थिति देखने को मिल रही है। इस गैंगवॉर में जब न्यायपालिका और मीडिया लिप्त हो तो इसका राष्ट्रीय स्तर पर असर पडना तय है। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में हुई इस घटना की जांच सीबीआई कर रही है। सीबीआई की जांच पर भाजपा ही संतुष्ट नहीं हैं? जो घटना कोलकाता में हुई है। उससे भी वीभत्स घटना बिहार के मुजफ्फरनगर में 12 अगस्त को हुई है। जहां पर एक नाबालिक लड़की के साथ अपहरण कर-के उसकी हत्या की गई। उसके गुप्तांग में 50 से अधिक चोट के निशान हैं। वहां डबल इंजन की सरकार है। सरकार और मीडिया चुप है। अन्य राज्यों में आए दिन इसी तरह की घटनाएं होती हैं।

## चिंतन-मनन

## ध्वनि का प्राणी शरीर पर प्रभाव

यह जानकर खुश होगें की ध्वनि का प्रभाव प्रत्येक जीव के शरीर पर पड़ता है। वर्तमान औधोगिकी करण और तकनीकि से ध्वनि प्रदूषण अधिक मात्रा में बढ़ रहा है। इस ध्वनि प्रदूषण के परिणाम देखते हुये नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. राबर्ट कॉक ने सन 1925-26 में एक बात कही थी एक दिन ऐसा आयेगा, जब पूरे विश्व में स्वस्थ्य का सबसे बड़ा शत्रु ध्वनि प्रदूषण होगा। यह ध्वनि प्रदुषण दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। मानव का मन, मस्तिष्क और शरीर बहुत संवेदन शील हैं। यह ध्वनि तरगों के प्रति भी बेहद संवेदन शील है। जैसे जब कोई संगीत सहित, गीत गाता है,या वाद्य बजाता है तो मन अपने आप उस पर केन्द्रित हो जाता है उसे सुनते ही अंग-अंग थिरकने लगता है, मन प्रसन्नता से भर जाता है, शरीर में आनंद की लहर छा जाती है। इसके विपरीत कानो को अप्रिय लगने वाली तेज ध्वनि सुनाई देती है तब मानव को शारीरिक और मानसिक दोनो तरह की परेशानी होती है। जिससे व्यक्ति का मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है एवं स्वस्थ्य खराब हो जाता है। वह बहरा और पागल भी हो सकता है। डेसी बल ध्वनि की तीव्रता नापने की इकाई है। इसका अविष्कार ग्राहमबेल बैज्ञानिक ने किया था। आधुनिक वैज्ञानिकों का कहना है कि 150 डेसीबल की ध्वनि बहरा भी बना सकती है। 160 डेसीबल की ध्वनि त्वचा जला देती है। 180 डेसीबल की ध्वनि मौत की नींद सुला सकती है। 120 डेसीबल की ध्वनि ह्रदयगति बढ़ना प्रारंभ हो जाती है। जिससे ह्रदय रोग एवं उच्च रक्त चाप की बीमारी जन्म लेती है। हर मानव को 60 डेसीबल तक की ध्वनि वाले वातावरण में रहना चाहिए प्रदूषण की श्रेणी में 75 डेसीबल से अधिक की ध्वनि शोर आता है। ध्वनि प्रदुषण से आंखों की पुतली का मध्य छिद्र फैल जाता है, आमाशय और ऑतों पर घातक प्रभाव से पाचन क्रिया बिगड़ जाती है। इससे शरीर की प्रति रोधी क्षमता घट जाती है, ग्रनथियों से हार्मोन्स का श्राव अनियमित हो जाता है, स्नायु खिच जाते है, शरीर में थकान, मानसि तनाव, चिड़चिड़ापन, अनिद्रा, स्मरण शक्ति कमजोर हो जाती अतः हमें तेज ध्वनि से बचना चाहिए।

# महिला डॉक्टर से दुष्कर्म-हत्या से जुड़े सवाल

-ललित गर्ग

कोलकाता के एक मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के दुराचार, बलात्कार व बर्बर हत्या पर स्वाभाविक ही देशभर के आमजन में तीखी प्रतिक्रिया एवं डॉक्टरों तीव्र रोष, गम और गुस्सा है, उसे समझा जा सकता है। जीवन-रक्षा करने वाले अस्पतालों एवं जीवन-रक्षक डाक्टरों पर हो रहे हमले, बर्बर एवं वीभत्स घटनाएं चिन्तनीय है। यह सरकारों एवं पुलिस की असफलता, लापरवाही एवं कोताही को ही दर्शा रही है। ऐसी घटनाओं में पुलिस की भूमिका अनेक सवाल खड़े कर रही है। कोलकाता की इस घटना ने एक बार फिर इस तथ्य की ओर ध्यान खींचा है कि अस्पतालों में डॉक्टरों को किस तरह के खतरों के बीच काम करना पड़ता है। डॉक्टर अपनी सुरक्षा को लेकर भी डरे एवं सहमे हुए हैं। लेडी डॉक्टर्स ही नहीं, पुरुष डॉक्टर भी तरह-तरह के हमलों की आशंकाओं एवं असुरक्षा के बीच जीते हैं। सबसे बड़ी बात यह कि घटना के बाद भी पुलिस संतोषनक कार्रवाई नहीं कर सकी। डॉक्टरों की बुनियादी मांग यह है कि इस घटना की निष्पक्ष और विश्वसनीय जांच सुनिश्चित की जाए। यह घटना दर्दनाक होने के साथ-साथ अमानवीयता एवं क्रूरता की पराकाष्ठा थी, क्योंकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में महिला डॉक्टर की आंखों, मुंह और प्राइवेट पार्ट से खून बहने के अलावा उसके शरीर पर चोट के कई निशान मिलने की बात कही गई है। इस त्रासद एवं खौफनाक घटना के विरोध में देशभर में गुस्साए और फिक्रमंद डॉक्टर बेमियादी हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे अस्पतालों में चिकित्सा सेवाएं चरमरा गयी हैं एवं सभी हिस्सों में ओपीडी सेवाएं बाधित एवं प्रभावित हो रहीं। जाहिर है, इससे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब चूंकि इस मामले का संज्ञान लेते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट ने इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी है और राज्य पुलिस को सारे कागजात बुधवार 10 बजे तक सीबीआई को सौंपने की हिदायत दी है, तो उम्मीद की जानी चाहिए कि मामले की संतोषजनक जांच होगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या अस्पतालों में सिर्फ डॉक्टर ही खतरे में होते हैं? डॉक्टरों के साथ नर्स, अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं रोगी भी कहां सुरक्षित है? हालांकि हड़ताली डॉक्टरों ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा को मुद्दा बनाया है, लेकिन नर्स और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों पर हमले कभी इतना बड़ा मुद्दा क्यों नहीं बनते? मसला मरीजों की सुरक्षा का भी है। 2024 में अस्पतालों में हुए यौन हमलों के हर पांच में से चार मामलों में पीड़ित महिला मरीज रही हैं। सवाल यह भी है कि अस्पतालों में ओवरचार्ज के रूप में मरीजों पर होने वाले वित्तीय हमलों को क्यों चर्चा से बाहर रखना चाहिए? आखिर अस्पतालों में बनते असुरक्षा के माहौल का यह भी एक अहम पहलू है। हमारे अस्पताल हर तरह से सुरक्षित होने चाहिए और इसके लिए सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए। संभवतः इसीलिए हड़ताली डॉक्टरों की एक प्रमुख मांग यह है कि हेल्थकेयर वर्कर्स की सुरक्षा के लिए देश में एक नया केंद्रीय कानून बनाया जाए। बढ़ते डॉक्टरों पर हमलों के कारण उनका डर और उनकी चिंता जायज है। लेकिन जहां तक केंद्रीय कानून की मांग है तो सवाल यह है कि क्या कोलकाता में लेडी डॉक्टर पर हुआ हमला कड़े कानूनों की कमी का परिणाम माना जा सकता है? सच यह है कि ज्यादातर राज्यों में मेडिकेयर सर्विस पर्सन्स और मेडिकेयर सर्विस इंस्टीट्यूशंस (हिंसा या क्षति या संपत्ति के नुकसान की रोकथाम) अधिनियम पहले से ही लागू है। अब तो हर अस्पताल में डाक्टरों पर हमलों के लिये चेतावनी के बोर्ड देखने को मिलते है कि ऐसी घटनाओं को अपराध मानते हुए उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। मगर इन राज्यों में भी इसके तहत दर्ज मामलों में दस फीसदी ही आरोप तय होने के बाद अदालत तक पहुंच पाते है। जाहिर है, मूल समस्या कानून में नहीं, उस पर अमल में है। अदालत ने उचित ही आंदोलित डॉक्टरों को उनके पवित्र एवं पावन दायित्व का एहसास कराया है और उनसे अपने काम पर लौटने की अपील की है। आखिर किसी जालिम की करतूत की सजा बेकसूर मरीजों को क्यों मिलनी चाहिए? इसलिये न्याय मांगते डॉक्टरों को भी सोचना चाहिए कि इंसाफ का तकाजा क्या यह भी नहीं है कि किसी मरीज से नाइंसाफी न हो? इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के एक अध्ययन के अनुसार, 75 प्रतिशत से अधिक डॉक्टरों को काम पर हिंसा का सामना करना पड़ता है। तूतीकोरिन में एक महिला डॉक्टर की हत्या एक गर्भवती महिला के पति ने की थी, जिसे गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। उसे दूसरे अस्पताल में रेफर किया गया था, लेकिन उसे स्थानांतरित किए जाने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पति ने तीन साथियों के साथ महिला डॉक्टर के परामर्श कक्ष में प्रवेश किया और उस पर तलवार से हमला किया। 2014 में, पंजाब के मनसा जिले में एक लड़के की मौत के बाद एक डॉक्टर के क्लिनिक को जला दिया गया था, जिसे तृतीयक अस्पताल में रेफर किया गया था, लेकिन उसकी मौत हो गई। भारत भर में डॉक्टरों के खिलाफ हिंसा की असंख्य घटनाएं लगभग हर दिन सामने आती हैं, जिनमें से कुछ में गंभीर चोटें भी आती हैं। यहां तक कि देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली जैसे संस्थान भी इससे अछूते नहीं हैं। पश्चिम बंगाल में बात केवल राजनीतिक हिंसा एवं आक्रामकता की ही नहीं है बल्कि कुशासन एवं अराजकता की भी है। वहां आमजनता के साथ साथ अस्पतालों की सुरक्षा भी खतरे में है। इसका एक उदाहरण चुनाव से पहले कोलकाता के एनआरएस मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 10 जून की रात को सामने आया था, वह भी एक काला अध्याय ही था। इलाज के दौरान एक बुजुर्ग मरीज की मृत्यु के बाद एक वर्ग विशेष के लोगों ने डॉक्टरों पर हमला बोल दिया था, जिससे कई डॉक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। भारत में डॉक्टर को लगभग भगवान का दरजा मिला हुआ है। ऐसे में, आमतौर से उन पर हमला किसी ऐसे निरंकुशता और असंवेदनशीलता की प्रतिक्रिया के रूप में देखा जाना चाहिए, जो तंत्र से पोषित एवं संरक्षित होता है। उसकी हिंसा का समर्थन नहीं किया जा सकता, पर इसे किसी शून्य की उपज भी नहीं कह सकते। लेकिन ताजा घटना में महिला ट्रेनी डॉक्टर के साथ जो हुआ, उसने तो सारी सीमाएं लांघ दी है। इस हत्याकांड ने एक बार फिर पश्चिम बंगाल सरकार एवं पुलिस-प्रशासन को सवालों के कठघरे में खड़ा कर दिया है। खुद अदालत ने सवाल किया कि आखिर शुरूआत से ही हत्या के बजाय अस्वाभाविक मौत के नजरिये से जांच क्यों की गई? फिर 9 अगस्त को घटी इस घटना में उसने जिस आरोपी को हिरासत में लिया है, वह एक पुलिस का वॉलंटियर बताया जाता है और उसे इस अस्पताल में अक्सर मंडराते देखा जाता था। इतने संवेदनशील मामले में अतिरिक्त सक्रियता बरतकर कोलकाता पुलिस न सिर्फ पीड़ित परिवार के भरोसे का संरक्षण कर सकती थी, बल्कि डॉक्टरों को भी यह यकीन दिला सकती थी कि अपराधी चाहे कोई भी हो चंद घंटों के भीतर वे सलाखों के पीछे होंगे! मगर बंगाल पुलिस ने कहीं न कहीं कोताही बरती। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का उसे यह अल्टीमेटम देना कि रविवार तक जांच पूरी हो, वरना मामला सीबीआई को सौंप देंगे, आखिर क्या ध्वनित करता है? दरअसल, यह सिर्फ एक राज्य की पुलिस की बात नहीं है। लोगों की निगाहों में राज्य-दर-राज्य पुलिस की छवि इतनी कमजोर हो चली है कि जघन्य अपराधों की जांच में भी लोग उसकी पेशेवर काबिलियत पर आसानी से भरोसा नहीं करते और उसमें राजनीतिक कोण देखने लगते हैं। निस्संदेह, इसके लिए पुलिस के साथ-साथ राजनीतिक नेतृत्व भी बराबर के दोषी हैं।

# हिंडनबर्गः क्या सचमुच दाल में काला है

-मुस्ताअली बोहरा

एक पुरानी कहावत है कि धुंआ वहीं से निकलता है जहां चिंगारी होती है। ऐसा ही कुछ हिंडनबर्ग-अडानी-सेबी के मामले भी है। हिंडनबर्ग की अडानी को लेकर जो पहली रिपोर्ट आई थी उसके कोई कार्रवाई नहीं होने की बात का जिक्र करते हुए अब नई रिपोर्ट आ गई। ताजा रिपोर्ट में निशाना सेबी पर साधा गया है। हिंडनबर्ग ने अपनी ताजा रिपोर्ट में दावा किया है कि मार्केट रेगुलेटर सेबी चीफ माधबी पुरी बुच की उन विदेशी फंडों में हिस्सेदारी है जिनका अडानी समूह इस्तेमाल करता है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आने के बाद अडानी समूह ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। अडानी समूह ने कहा है कि सेबी प्रमुख या उनके पति धवल बुच के साथ उनका कोई व्यावसायिक रिश ?ता नहीं है। सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच ने भी संयुक्त बयान जारी कर हिंडनबर्ग के आरोपों को बेबुनियाद और सच से परे बताया है। अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने नई रिसर्च रिपोर्ट में दावा किया कि गौतम अडानी की कंपनियों में गड़बड़ी के खुलासे के बाद भी सेबी ने कार्रवाई नहीं की और इसके पीछे भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड चीफ माधबी पुरी बुच का स्वार्थ है। इस आरोप के बाद माधबी ने अपने पति धवल बुच के साथ संयुक्त बयान जारी कर हिंडनबर्ग के इस दावे को सिरे से नकार दिया। इसके बाद हिंडनबर्ग ने फिर पलटवार करते हुए कहा कि बुच दंपती की सफाई अपने आप में सबूत है कि दाल में कुछ काला है। इधर, हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बहाने विपक्ष को सरकार को घेरने का मौका मिल गया है। हिंडनबर्ग ने करीब डेढ़ साल पहले अडानी ग्रुप को निशाना बनाते हुए कई खुलासे किए थे। इसके बाद नई रिपोर्ट से सेबी चीफ पर हमला बोला है। सेबी ने पहली रिपोर्ट पर हिंडनबर्ग को नोटिस भेजा था। माना जा रहा है कि इसी वजह से हिंडनबर्ग ने इस बार सेबी पर ही निशाना साध दिया। नई रिसर्च रिपोर्ट में माधबी बुच और उनके पति धवल बुच पर आरोप लगाया है कि दोनों ने अडानी ग्रुप में गुप्त निवेश करके मनी लॉन्ड्रिंग में उसकी मदद की है। चूंकि माधबी और धवल दंपती के हित अडानी ग्रुप के साथ जुड़े हैं, इस कारण जब माधबी को सेबी का चेयरपर्सन बनाया गया तो उन्होंने घोटाले की रिपोर्ट के बावजूद अडानी ग्रुप के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि गौतम अडानी के भाई विनोद अडानी ने कथित तौर पर बिजली उपकरणों के ओवर-इनवॉइसिंग से अर्जित पैसे को निवेश करने के लिए विदेशी संस्थाओं का इस्तेमाल किया। अडानी के सहयोगियों से जुड़ी मॉरीशस और बरमूडा की संस्थाओं के जरिए निवेश किया गया है। रिपोर्ट कहती है कि विनोद अडानी ने जो निवेश किए, उनमें बुच दंपती की भी हिस्सेदारी थी। इधर, इन आरोपों का जवाब देते हुए बुच दंपती ने कहा है कि हिंडनबर्ग ने उनके जिस निवेश की बात की है वो तो 2015 का है जब दोनों भारत में रह भी नहीं रहे थे। उन्होंने संयुक्त बयान में कहा कि माधबी ने उसके दो साल बाद सेबी ज्वॉइन की थी, वो भी संस्था की प्रमुख नहीं बल्कि एक पूर्णकालिक सदस्य के रूप में। जिस फंड में निवेश का जिक्र हिंडनबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में किया है, उसका सुझाव धवल के दोस्त और चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर अनिल आहूजा ने दिया था। 2018 में आहूजा ने फंड के सीआईओ पद से इस्तीफा दिया तो बुच दंपती ने निवेश के सारे पैसे निकाल लिए। आहूजा के मुताबिक, बुच दंपती के पैसे कभी भी अडानी ग्रुप की किसी कंपनी में किसी भी तरीके से नहीं लगाए गए थे। हालांकि, बुच दंपत्ति के जवाब पर हिंडनबर्ग ने कहा कि बुच दंपती ने अपनी सफाई में ये तो स्वीकार किया है कि उसकी रिपोर्ट में दिए गए तथ्य सही हैं। हिंडनबर्ग ने पूछा है कि बुच के बयान में पूर्ण पारदर्शिता के प्रति प्रतिबद्धता का वादा किया गया है। इसे देखते हुए क्या वह परामर्श ग्राहकों की पूरी सूची तथा सिंगापुरी परामर्श कंपनी, भारतीय परामर्श कंपनी और किसी अन्य संस्था के जरिये किए गए अनुबंधों का विवरण सार्वजनिक करेंगी, जिसमें उनका या उनके पति का हित हो सकता है? हिंडनबर्ग ने कहा, अंततः, क्या सेबी चेयरपर्सन इन मुद्दों की पूर्ण, पारदर्शी तथा सार्वजनिक जांच के लिए प्रतिबद्धता दिखाएंगी ? हिंडनबर्ग ने कहा है कि सेबी की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच अडानी समूह के ऑफशोर फंड्स में शामिल थे। रिपोर्ट ने अडानी समूह की दस कंपनियों में म्यूचुअल फंडों अथवा बिग मनी के 41,814 करोड़ रुपये के निवेश पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हिंडनबर्ग रिसर्च ने कहा कि दस्तावेजों के मुताबिक सेबी की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और उनके पति अडानी से जुड़ी गुप्त विदेशी कंपनियों में हिस्सेदार हैं। हिंडनबर्ग ने बताया है कि उस समय उस फंड में बुच की कुल हिस्सेदारी 872762.65 डॉलर की थी। रिपोर्ट में फर्म ने बुच और उनके पति पर आरोप लगाया कि वह अपने पति के नाम का इस्तेमाल करके दस मिलियन डॉलर का निवेश किया है। बुच ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट का खंडन किया। हिंडनबर्ग ने बुच की प्रतिक्रिया पर रिएक्शन दिया है। हिंडनबर्ग ने कहा कि बुच के जवाब से बरमूडा-मॉरीशस में निवेश की पुष्टि भी हुई है। हिंडनबर्ग ने कहा कि बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड की चेयरपर्सन बुच और उनके पति धबल बुच ने बरमूडा तथा मॉरीशस में अस्पष्ट विदेशी कोषों में अघोषित निवेश किया था। उसने कहा कि ये वही कोष हैं जिनका कथित तौर पर विनोद अदानी ने पैसों की हेराफेरी करने तथा समूह की कंपनियों के शेयरों की कीमतें बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया था। दूसरी तरफ, बुच ने अपने स्टेटमेंट में कहा कि सेबी ने हिंडनबर्ग रिसर्च के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की है। इसके लिए सेबी ने हिंडनबर्ग को 46 पेज का कारण बताओ नोटिस जारी किया था, अब फर्म ने उसके जवाब में सेबी और हमारे चरित्र हनन करने की कोशिश की है। सेबी ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों का खंडन किया और कहा है कि अडानी समूह के खिलाफ लगाए गए आरोपों की सेबी ने विधिवत जांच की। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नियामक ने करीब सभी मामलों की जांच पूरी कर ली। जिन केसों में जांच पूरी हो गई है, उनमें एक्शन शुरू हो गया। इस मामले की जांच के लिए सेबी ने सैकड़ा भर से ज्यादा समन, ग्यारह सौ पत्र और ईमेल जारी किए। हिंडनबर्ग की नई रिपोर्ट सामने आने के बाद सियासत में भी भूचाल आ गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ह्यबड़े घोटालेह्न की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति के गठन की जरूरत बताया है। खरगे ने ह्यएक्सह्न पर लिखा,ह्यजनवरी 2023 की हिंडनबर्ग रिपोर्ट के खुलासे के बाद सेबी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहयोगी अडानी को सुप्रीम कोर्ट ने क्लीन चिट दे दी थी। हालांकि, सेबी प्रमुख से जुड़े एक लेन-देन के बारे में नए आरोप सामने आए हैं।

# वन नेशनः वन इलेक्शन

- ओमप्रकाश मेहता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदरदास मोदी जी ने लाल किले की प्राचीर से एक बार पुनः अपनी सरकार का यह संकल्प दोहराया कि देश में स्थानीय संस्थाओं से लेकर राष्ट्रीय स्तर के सभी चुनाव एक साथ करवाए जाएगें और यह प्रक्रिया पांच साल बाद अर्थात 2029 के चुनावों से शुरू कर दी जाएगी। केन्द्रीय प्रतिरक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी भी यही घोषणा पहले भी कर चुके है, अर्थात अब यह सरकार इस देश में साल भर तक चलते रहने वाले विभिन्न चुनावों पर खर्च होने वाली भारी धनराशि और समय से मुक्ति दिलाने की ओर अग्रसर है, यद्यपि देश की आजादी के बाद पच्चीस से भी अधिक वर्षों तक एक साथ चुनाव कराने की ही प्रक्रिया जारी थी, जो 1971 तक चली बाद में फिर देश में विभिन्न स्तर के चुनाव उनकी कालावधि के अनुसार अलग-अलग सम पर होने लगे, अब प्रधानमंत्री ने पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद की कमेटी का प्रस्ताव स्वीकार कर देश में फिर से सभी चुनाव एक साथ कराने की अनुशंसा पर अपनी स्वीकृति की मोहर लगा दी है और सरकार की ओर से कहा जा रहा है कि पांच साल बाद अर्थात 2029 में होने वाले लोकसभा चुनावों के समय पूरे देश की विभिन्न संस्थाओं के चुनाव भी करा लिए जाएगें और इसके लिए बाकायदा संसद से कानून में संशोधन करावाकर तैयारी पूरी की जाएगी। सरकार की दलील है कि इस प्रक्रिया के लागू होने से देश को चुनावों पर खर्च होने वाले करोड़ों रूपए की बचत के साथ समय की भी बचत होगी और फिर चुनी हुई सरकारें पूरे मनोयोग से जनहित के फैसले ले सकेगी। वर्तमान में स्थिति यह है कि देश में हरसमय किसी न किसी संस्था या जनसंस्थओं के चुनाव चलते रहते है, इसके कारण सरकार पूरे मनोयोग से जनहितैषि योजनाओं पर ध्यान नही दे पाती और पांच साल की अवधि में सिर्फ एक या दो साल ही ठीक से सरकार चल पाती है, बाकी समय चुनावी तिकड़मों में नष्ट हो जाता है, इन्हीं सब कारणों से मोदी सरकार यह फैसला लेने जा रही है, जिसका उन्होंने आज अपने स्वतंत्रता दिवस के सम्बोधन में जिक्र किया।

इस समस्या का समाधान खोजने के लिए मोदी सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति गठन किया था, जिसने विगत 14 मार्च को अपनी 18,626 पन्नों की रिपोर्ट केन्द्र राष्ट्रपति को सौंपी है, इस रिपोर्ट में बताया गया था कि एक देश-एक चुनाव के प्रस्ताव पर समिति ने 62 राजनीतिक दलों से चर्चा की, जिसमें से 32 दलों ने प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की, जबकि पन्द्रह राजनीतिक दलों ने इस प्रस्ताव का विरोध किया, इस तरह 47 दलों ने ही इस प्रस्ताव पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की, शेष दलों ने अभी तक कोई जवाब प्रस्तुत नही किया है। यह महत्वपूर्ण जानकारी केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने संसद में दी। इस प्रस्ताव को प्रस्तुत करने वाली केन्द्र सरकार का कहना है कि यदि देश के सभी चुनाव एक साथ करवा लिए जाए तो चुनाव जीतने वाले दलों की संस्थाऐं पूरे पांच साल बिना किसी अवरोध के जनहित के कार्य पूरे कर सकती है, उसे किसी भी तरह की अड़चन पैदा नही होगी, वह अपने चुनावी घोषणा पत्र को मूर्तरूप दे सकेगी, जबकि मौजूदा हालातों में चूने हुए दलों व उनकी संस्थाओं का काफी समय व पैसा प्रचार व अन्य कार्यों पर खर्च हो जाता है और यह राशि करोड़ों अरबों में होती है, यदि इस राशि को किसी भी तरीके से बचा लिया जाता है तो यह राशि जनहित के अन्य कई महत्वपूर्ण कार्यों पर खर्च की जा सकी है साथ ही चुनावों पर खर्च होने वाली राशि से अन्य कार्य भी सम्पन्न हो सकते है, इसीलिए मोदी सरकार के साथ राज्यों की भाजपा सरकारें इस पर गंभीर चिंतन कर चूकी है।

## आज का राशिफल

**मेष** आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपको ऑफिस के साथ ही घर में हर प्रकार का सपोर्ट प्राप्त होगा।

**तुला** आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपको दिल और दिमाग के संतुलन से सफलता मिलेगी।

**वृषभ** आज लाभ और सम्मान का दिन है और आपको हर कार्य में भाग्य का साथ मिलेगा।

**वृश्चिक** आज करियर में लाभ होने की उम्मीद है। पॉलिटिक्स में आपकी रुचि बढ़ेगी।

**मिथुन** आज लाभ होगा और आपका आर्थिक मामलों में से जुड़ा कोई फैसला पूरा होगा।

**धनु** ऑफिस में आज आपको बहुत काम करना होगा। भागदौड़ करने से आपको लाभ होगा।

**कर्क** आज लाभ होगा और आपका मन शुभ कार्य में लगेगा। आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

**मकर** आज आपके सम्मान में वृद्धि होगी। एक बार आप अपने काम को एक के बाद एक निपटाने लगेंगे।

**सिंह** आज लाभ होगा और दिन सम्मान से भरा होगा। आपको खुशी का एहसास होगा।

**कुंभ** आज आपको सुबह से ही आपको किसी शुभ समाचार का इंतजार करना पड़ेगा।

**कन्या** आज भाग्य साथ देगा और किसी क्रिएटिव काम में आपकी रुचि बढ़ेगी और भाग्य का साथ मिलेगा।

**मीन** दिन लाभ से भरा होगा। आप जिन बातों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे, दोपहर में वही आपको खुशी देगी।

## विशेष

### सूत ना कपास जुलाहों में लठा-लठी

महाराष्ट्र में कुछ ही महीनो में चुनाव होने जा रहे हैं। विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी और एनडीए के सहयोगी दलों के बीच में मुख्यमंत्री पद और सीटों के बंटवारे को लेकर अभी से लठा-लठी शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शिवसेना के एकनाथ शिंदे,प्रकाश आंबेडकर, उद्धव ठाकरे, देवेंद्र फडणवीस, अजित दादा पवार, नाना पटोले, बालासाहेब थोराट, वर्षा गायकवाड मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं। चुनाव जीतेंगे या हारेंगे, किस गठबंधन की जीत होगी। किस गठबंधन की हार होगी। अभी दूर-दूर तक इसका पता नहीं है। लेकिन सभी मुख्यमंत्री बनने के लिए अपने-अपने दांव पेंच चला रहे हैं।

### औरंगजेब और अहमद शाह अब्दाली के बीच महाराष्ट्र की जंग

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना, बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना के एकमात्र वारिस हैं। भारतीय जनता पार्टी ने अब उनके मुकाबले में दो ओर वारिश खड़े कर दिए हैं। राज ठाकरे को भारतीय जनता पार्टी ने एनडीए गठबंधन में शामिल कर लिया है। एनडीए गठबंधन में शामिल होने के बाद राज ठाकरे को लगता है, कि वह भाजपा के सहयोग से असली शिवसेना बनकर उभरेंगे। एकनाथ शिंदे भी अपने आप को शिवसेना का उत्तराधिकारी मानकर चल रहे हैं। वह महाराष्ट्र के वर्तमान मुख्यमंत्री हैं। उद्धव ठाकरे पूर्व मुख्यमंत्री हैं। भारतीय जनता पार्टी के अमित शाह ने शिवसेना को बांटने के बाद अब उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के बीच की लड़ाई सड़कों पर ला दी है।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1577: फ्रांस में छठा धर्मयुद्ध समाप्त हुआ. 1743: रूस और स्वीडन के बीच संधि हुई जिससे क्यूमेन नदी तक का क्षेत्र रूस को मिल गया. 1850: ब्रिटेन ने अफ्रीका में गोल्ड कोस्ट के किले डेनमार्क से खरीद लिए, 1943: द्वितीय विश्व युद्ध में मित्र राष्ट्रों ने सिसली इटली पर पूरा नियंत्रण कर लिया. 1947: पहली ब्रिटिश टुकड़ी भारत से वापस गई. 1949: इंडोनेशिया गणतंत्र घोषित. 1964: फिलीपीस मिडांनाओ द्वीप पर भूकंप से आठ हजार से अधिक लोग मारे गए. 1985: पूर्वी बेरूत में एक वाहन में विस्फोट से पचास लोग मारे गए तथा 80 अन्य घायल हो गए. 1987: पूर्व नाजी उप प्रमुख रूडोल्फ हेस का निधन हुआ. 1988: पाकिस्तान के राष्ट्रपति जियाउल हक और अमरीकी राजदूत अर्नाल्ड राफेल विमान दुर्घटना में मारे गए. 1991: फलीस्तीन मुक्ति संगठन से अलग हुए गुट ने यासर अराफात को हटाए जाने की मांग की.

## दैनिक पंचांग

17 अगस्त 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 05.39 बजे से |
| चंद्र | धनु में | कन्या | 07.51 बजे से |
| मंगल | वृष में | तुला | 10.02 बजे से |
| बुध | सिंह में | वृश्चिक | 12.16 ब.से |
| गुरु | वृष में | धनु | 14.32 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मकर | 16.37 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कुंभ | 18.24 बजे से |
| राहु | मीन में | मीन | 19.57 बजे से |
| केतु | कन्या में | मेष | 21.27 बजे से |
| | | वृष | 23.07 बजे से |
| | | मिथुन | 01.06 बजे से |
| | | कर्क | 03.19 बजे से |

राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक

शनिवार 2024 वर्ष का 230 वां दिन दिशाशूल पूर्व ऋतु वर्षा।
विक्रम संवत् 2081 शाक संवत् 1946
मास श्रावण पक्ष शुक्ला
तिथि द्वादशी 08.06 बजे को समाप्त।
नक्षत्र पूर्वाषाढ़ा 11.49 बजे को समाप्त। योग प्रीति 10.47 बजे को समाप्त। करण बालव 08.06 बजे तदनन्तर कौलव 19.04 बजे को समाप्त। चन्द्रायु 12.5 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 13° 19'
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872074
जूलियन दिन 2460539.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1446
महीना सफर तारीख 12
विशेष प्रदोष व्रत, शनि त्रयोदशी, मलयालम नव वर्ष।


| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 06.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagruti4u.com, Bangalore



# इंजीनियरिंग के बाद सिर्फ एमबीए नहीं, ये कोर्सेस भी कर सकते हैं आप

**हर व्यक्ति के लिए करियर इंपोर्टेंट होता है। हर फील्ड में कई सारे ऑप्शन होते हैं। करियर ग्रोथ के लिए आप इंजीनियरिंग के बाद एमबीए के अलावा अगर कुछ करना चाहती हैं तो हम आपको बताएंगे कुछ ऐसे कोर्स जो आप सेलेक्ट कर सकती हैं और अपना करियर बना सकती हैं।**



## स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग

यह एक पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स होता है और यह 2 साल का कोर्स है। यह इंजीनियरिंग कोर्स आपको कंसीडरेशन और डिजाइन का एनालिसिस, स्ट्रक्चरल स्टेबिलिटी, जनरल सेफ्टी, कंस्ट्रक्शन रिलायबिलिटी, विद स्टैंडिंग सिस्मिक फोर्सेस और बिल्डिंग फेलियर को समझने और विश्लेषण करने में मदद करता है। कई टॉप कॉलेज इस कोर्स के लिए एंट्रेंस एग्जाम भी करवाते हैं।

## रोबोटिक कोर्स

यह कोर्स आप भारत के अलावा किसी अन्य देश से भी कर सकती हैं। यह एक लॉन्गटर्म रिसर्च ओरिएंटेड कोर्स है और आप इस क्षेत्र से जुड़ने के बाद कुछ शॉर्ट टर्म कोर्स कर सकते हैं जैसे आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, एडवांस रोबोटिक्स सिस्टम जैसे क्षेत्र में शानदार करियर बना सकती हैं। इस कोर्स को कंप्लीट करने के लिए 4 साल का समय लगता है।

## प्रोडक्ट डिजाइनर

प्रोडक्ट डिजाइनर वह होता है जो डिजाइनिंग पर वर्क करता है। जो लोग रोजमर्रा के उपयोग में आने वाले उत्पादों के डिजाइन करने और विकसित करने का काम करते हैं वह प्रोडक्ट डिजाइनर होता है। किसी भी प्रोडक्ट को ग्राहक की पसंद के अनुसार बेहतर बनाने के लिए प्रोडक्ट डिजाइनर सबसे बड़ी भूमिका निभाते हैं और किसी भी प्रकार के प्रोडक्ट्स को डिजाइन करना एक लर्निंग टास्क भी होता है। एक प्रोडक्ट डिजाइनर कोर्स करने में 1 से 4 साल भी लग सकते हैं। यह कोर्स करके आप मार्केटिंग कंपनी में भी जॉब कर सकती हैं।



# युवाओं को नए अवसर प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है क्वांटम इंजीनियरिंग

**आधुनिक समय में क्वांटम तकनीक उभरता हुआ क्षेत्र है। यह क्षेत्र युवाओं को नौकरी के नए अवसर प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जिस वजह से युवाओं का भी इस क्षेत्र की ओर रुझान बढ़ रहा है।**

इंजीनियरिंग में करियर को आगे बढ़ाने के लिए क्वांटम कंप्यूटिंग भी कमाल की विधा है, यह आने वाले भविष्य की एक रोमांचक तकनीक है, और इस क्षेत्र में कौशल वाले पेशेवरों की भारी मांग है। अगर आप क्वांटम कंप्यूटिंग जॉब्स और करियर बनाने में रुचि रखते हैं, तो यहां आपके लिए कुछ दिलचस्प टिप्स दिए गए हैं –

दरअसल, क्वांटम तकनीक वह शाखा है, जो खास तौर पर क्वांटम मैकेनिक्स का इस्तेमाल करके नई तकनीकों को विकसित करती है। यह क्वांटम बिट्स का (क्यूबिट्स) इस्तेमाल करके तेज, अद्भुत गणना और सुरक्षित संचार साधने की कोशिश करती है, जिससे कंप्यूटिंग और संचार क्षेत्रों में युवाओं के लिए नए स्तर की संभावनाएं उत्पन्न हो रही हैं।

आधुनिक समय में क्वांटम तकनीक उभरता हुआ क्षेत्र माना जा रहा है। यह क्षेत्र युवाओं को नौकरी के नए अवसर प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जिस वजह से युवाओं का भी इस क्षेत्र की ओर रुझान बढ़ रहा है।

## यहां से करें क्वांटम तकनीक में कोर्स

अगर आप क्वांटम तकनीक के क्षेत्र में अपना भविष्य संवारना चाहते हैं, तो आप भारतीय प्रबंधन संस्थान, भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान और दिल्ली विश्वविद्यालय समेत अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों से क्वांटम तकनीक के क्षेत्र में शैक्षणिक योग्यता को पूरा कर सकते हैं। कई विश्वविद्यालयों और संस्थानों में क्वांटम साइंस और टेक्नोलॉजी के लिए विशेष पाठ्यक्रम तैयार किए गए हैं, जो छात्रों को क्वांटम तकनीक के क्षेत्र में मार्गदर्शन कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त बीएससी एवं एमएससी के छात्रों के लिए भी इस क्षेत्र में विकल्प मौजूद हैं।

क्वांटम कंप्यूटिंग के मूल सिद्धांतों को समझना, जैसे कि सुपरपोजिशन, उलझाव और क्वांटम सर्किट। ऑनलाइन कोर्स, किताबें और ब्लॉग पोस्ट आपके ज्ञान को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।


## क्वांटम तकनीक की स्पेस एवं डिफेंस में भी है संभावनाएं

स्पेस एवं डिफेंस के क्षेत्र में सुरक्षा के लिहाज से क्वांटम तकनीक बेहद कारगर है। क्वांटम तकनीक के क्षेत्र में शैक्षणिक योग्यताओं को पूरा करने के पश्चात आप नासा, डीआरडीओ और इसरो जैसे संस्थानों से अपने करियर की शुरुआत कर सकते हैं। इन संगठनों में तकनीकी और अनुसंधान से संबंधित जानकारी के साथ-साथ आपको क्वांटम तकनीक का भी ज्ञान होना जरूरी है। क्वांटम तकनीक के क्षेत्र में जानकारी के साथ आपको स्पेस क्षेत्र में कुछ नया करने का अवसर मिल सकता है।

क्वांटम कंप्यूटिंग के कई एप्लिकेशन के बारे में जानें, जैसे कि मशीन लर्निंग, सिमुलेशन, क्रिप्टोग्राफी और सामग्री विज्ञान। अपने पसंद के क्षेत्र में गहन ज्ञान विकसित करना आपको अलग दिखाएगा।

## क्वांटम तकनीक से विभिन्न क्षेत्रों में मिलेगा अवसर

आपने क्वांटम तकनीक से संबंधित सभी पात्रताओं को पूरा कर लिया है, तो आप निजी क्षेत्र में भी अवसरों को तलाश कर सकते हैं। आप इस क्षेत्र में निजी कंपनियों और स्टार्टअप्स में नौकरी, अनुसंधान और उत्पादों को विकसित करने में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। सुपर कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा और नैनो-तकनीकी जैसे क्षेत्रों में क्वांटम तकनीक का इस्तेमाल तेजी से हो रहा है, जिससे निजी कंपनियां संचार को सुरक्षित रखने के लिए नए उत्पादों और सेवाओं का निर्माण कर रही हैं। इसके अलावा युवाओं को कुशल बनाने के लिए भारत सरकार इस क्षेत्र में स्टार्टअप को बढ़ावा दे रही है।



### क्वांटम तकनीक के क्षेत्र में शैक्षणिक योग्यता

- क्वांटम साइंस और टेक्नोलॉजी में एमएससी
- क्वांटम कंप्यूटिंग में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा
- क्वांटम इंजीनियरिंग में बीटेक एमटेक
- क्वांटम सूचना और कंप्यूटिंग में शॉर्ट-टर्म कोर्स
- क्वांटम तकनीक में डॉक्टरेट



# जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन कोर्स करने के बाद आप चुन सकते हैं ये करियर ऑप्शन

**आज के समय में अधिकतर यंगस्टर जर्नलिज्म की फील्ड में अपना करियर बनाना चाहते हैं। इसे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। जर्नलिज्म करने के बाद आप अलग-अलग मीडिया और कम्युनिकेशन इंडस्ट्री के साथ जुड़ सकते हैं और अपना एक बेहतरीन करियर देख सकते हैं।**

आमतौर पर, लोग यह सोचते हैं कि जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन कोर्स करने के बाद आप केवल एंकर या न्यूज रीडर ही बन सकते हैं। जबकि ऐसा नहीं है। यह एक बहुत बड़ा क्षेत्र है और इसमें आपके पास करियर ऑप्शन की कोई कमी नहीं नहीं है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही करियर ऑप्शन के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन कोर्स करने के बाद चुन सकते हैं-

## बनें जर्नलिस्ट

जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन कोर्स करने के बाद बतौर जर्नलिस्ट अपना करियर देख सकते हैं। आप किसी न्यूज पोर्टल, अखबार या चैनल के साथ जुड़ सकते हैं और किसी एक फील्ड में काम कर सकते हैं। इस तरह आप पुख्ता जानकारी के साथ सच्ची घटनाओं को जनता के सामने पेश कर पाएंगे।

## करें कंटेंट राइटिंग

जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन कोर्स करने के बाद कंटेंट राइटिंग करना यकीनन एक अच्छा विचार है। अगर आपमें लेखन का कौशल पहले से ही है तो जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन कोर्स आपके इस स्किल्स को और भी अधिक निखारने में मदद करेगा। आप अलग-अलग मीडिया हाउस से लेकर डिजिटल मार्केटिंग एजेंसियों, विज्ञापन एजेंसियों और अन्य प्रमुख संगठनों के साथ जुड़कर उनके लिए कंटेंट राइटिंग कर सकते हैं। आज के समय में कंपनियां अच्छे कंटेंट राइटर की तलाश में रहती हैं, जो उनके लिए इफेक्टिव कंटेंट लिख सकें और अधिक से अधिक बिजनेस ला सकें।

## रेडियो जॉकी

अगर आपकी आवाज में दम है और आपको ऐसा लगता है कि लोग आपको सुनना पसंद करेंगे तो आप बतौर रेडियो जॉकी भी अपना करियर देख सकते हैं। जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन कोर्स करने के बाद आप बतौर आरजे अपने करियर को शेप दे सकते हैं। एक सफल रेडियो जॉकी बनने के लिए सिर्फ अच्छी आवाज होना ही काफी नहीं है, बल्कि आप उतने ही क्रिएटिव भी हों और लीक से हटकर कुछ नया करने की क्षमता रखते हों।

## पब्लिक रिलेशन प्रोफेशनल्स

अगर आपने जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन कोर्स किया है और आप न्यूज की दुनिया में कदम नहीं रखना चाहते हैं तो ऐसे में आप बतौर पब्लिक रिलेशन प्रोफेशनल्स भी अपना करियर देख सकते हैं। आप किसी व्यक्ति, आर्गेनाइजेशन या कंपनी के लिए पीआर का काम संभाल सकते हैं। दुनिया भर में कंपनियां हमेशा ऐसे कुशल लोगों की तलाश में रहती हैं जो सफलतापूर्वक उनके ब्रांड को रिप्रेजेंट कर सकें और एक बेहतरीन नेटवर्क और रिलेशन बना सकें। इस फील्ड में करियर बनाने के लिए आपके कम्युनिकेशन स्किल्स बेहतरीन होने चाहिए।

## संभालें डिजिटल मीडिया

आज का जमाना ऑनलाइन का है। ऐसे में अगर आप चाहें तो टीवी या न्यूजपेपर के अलावा ऑनलाइन की दुनिया में भी अपने लिए अवसरों की तलाश कर सकते हैं। मसलन, आप सोशल मीडिया अकांउट्स पर नजर रखें और उनके लिए कंटेंट लिखें। आप ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के लिए आर्टिकल से लेकर वीडियो आदि तैयार कर सकते हैं।




**गौतम का फिजिक्स में इंजिनियरिंग करने का सपना था। जब वह अपने इस सपने को पूरा करने के लिए निकले तो कभी नहीं सोचा था कि इसकी वजह से वह अलग-अलग सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के लोगों से मिल सकेंगे और खुले विचारों वाला बन सकेंगे। उन्होंने हॉन्ग कॉन्ग में पढ़ने के विकल्प को चुना, अलग-अलग परिस्थिति में अलग-अलग तरह के लोग क्या सोचते हैं यह सीखा, विविधता के अनुकूल खुद को ढाला और उन्होंने खुद को पूरी तौर पर बदल लिया।**

# हॉन्ग कॉन्ग में अगले 3 सालों तक आपको क्यों पढ़ना चाहिए

2022 के ग्लोबल फाइनैंशल सेंटर इंडेक्स में हॉन्ग कॉन्ग को तीसरा रैंक मिला है। यह एक उभरता हुआ मेट्रोपोलिस है और उच्चतर शिक्षा का बड़ा केंद्र है। अमेरिका और इंग्लैंड की कई यूनिवर्सिटियों के मुकाबले यहां ट्युशन फीस कम हैं और वीजा पॉलिसी भी काफी आसान है। नीचे कुछ कारण दिए गए हैं जो हॉन्ग कॉन्ग को भारतीय छात्रों के लिए उच्चतर शिक्षा का बेहतर स्थान बनाते हैं।

## वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त संस्थान से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

हॉन्ग कॉन्ग एक प्रतिष्ठित शिक्षा केंद्र है। क्यूएस सर्वश्रेष्ठ छात्र शहर रैंकिंग में इसको 14वां स्थान मिला है। इसने यूनिवर्सिटी रैंकिंग इंडिकेटर में खासतौर पर अच्छा प्रदर्शन किया है। इसका कारण है कि यहां अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग प्राप्त कई यूनिवर्सिटी हैं। एशिया की टॉप 10 यूनिवर्सिटी में से 4 और दुनिया की टॉप 100 यूनिवर्सिटी में से 5 यहां हैं। **हॉन्ग कॉन्ग पॉलिटेक्निक यूनिवर्सिटी** जैसे संस्थान उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मजबूत रिसर्च नेटवर्क मुहैया कराते हैं।

## संस्कृति और व्यापार के मिश्रण का अनोखा गढ़

इस चमक-दमक भरे शहर में दुनिया भर के लोग रहते और काम करते हैं। इससे संस्कृति और धरोहर का अनोखा मिश्रण तैयार हुआ है जहां पूरब की संस्कृति का मिलन पश्चिम की संस्कृति से होता है। ऐसा कहीं और नहीं है। इसके अलावा आकर्षक टैक्स स्ट्रक्चर, आधुनिक आधारभूत ढांचे और चीन एवं अन्य एशियाई बाजार के करीब होने के कारण हॉन्ग कॉन्ग कॉर्पोरेशंस और स्टार्ट अप्स के लिए आकर्षक स्थान है। इसलिए हॉन्ग कॉन्ग में पढ़ने से मजबूत सामाजिक और पेशेवर संबंध बनता है जो अवसरों के इस गढ़ में किसी को करियर की शुरुआत करने में अहम साबित हो सकते हैं।

## यूनिवर्सिटी का चुनाव?

अगर आप विदेश से अंडरग्रैजुएट डिग्री करना चाहते हैं तो हॉन्ग कॉन्ग की पॉलिटेक्निक यूनिवर्सिटी आपकी बेस्ट चॉइस हो सकती है। इसकी प्रफेशनल एजुकेशन में मजबूत पकड़ है और हॉन्ग कॉन्ग के बिजनस एवं इंडस्ट्रियल लीडर्स से पार्टनरशिप है। यह यूनिवर्सिटी देश के अंदर और बाहर अपने लिंक के लिए भी जानी जाती है जिससे आपको चीन की सीमा के बाहर जाकर भी रोजगार खोजने में आसानी होगी।

## बाहरी ग्रैजुएट्स के लिए इमिग्रेशन

बाहरी ग्रैजुएट जिन्होंने हॉन्ग कॉन्ग में फुल टाइम और स्थानीय तौर पर मान्यता प्राप्त प्रोग्राम में अंडरग्रैजुएट या हायर क्वॉलिफिकेशन हासिल किया है और रोजगार के लिए एचकेएसएआर में प्रवेश करना /रहना चाहते हैं, वे आईएएनजी के लिए प्रफेशनल के तौर पर आवेदन कर सकते हैं। उनको 12 महीने की अवधि तक रहने की अनुमति मिल जाएगी बशर्ते कि उन्होंने इमिग्रेशन से जुड़ीं आम जरूरतों को पूरा किया हो।

### हॉन्ग कॉन्ग में पढ़ने के कुछ और फायदे निम्नलिखित हैं...

- मेरिट आधारित पॉलीयू एंट्री स्कॉलरशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके तहत 1,90,000 हॉन्ग कॉन्ग डॉलर यानी करीब 17 लाख 36 हजार रुपये मिलता है। इसको शैक्षिक उपलब्धि के आधार पर रिन्यू किया जा सकता है।
- पॉलीयू में बाहरी छात्रों के लिए दो सालों तक यूनिवर्सिटी की ओर से रहने का प्रबंध किया जाता है।
- इंटर्नशिप की गारंटी (स्थानीय या विदेशी)
- किसी विदेशी यूनिवर्सिटी के कैंपस से स्टडी के अवसर की गारंटी

## संक्षिप्त समाचार

### स्वतंत्रता दिवस पर सामाजिक एकता का संकल्प लिया, शंभू चौधरी ने फहराया तिरंगा

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा के भावी प्रत्याशी शंभुनाथ चौधरी ने तिरंगा फहराया। साथ ही यह संकल्प लिया कि उस ताकतों का मुंह तोड़ जवाब देंगे जो भाई को भाई से लड़ाने का, हिंदू को मुस्लिम से लड़ाने का, अमीर को गरीब से और अगड़ो को पिछड़ों से लड़ाने का काम करते हैं। लोगों ने सामाजिक एकता का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि आज हम भले आज़ाद हैं, लेकिन ये नहीं भूलना चाहिए कि 78 साल पहले हम ग़ुलाम थे। भारत के लोगों में आपस में फूट डाल कर ब्रिटिश हुकूमतों ने 200 वर्षों तक इस देश पर राज किया। ठीक उसी प्रकार आज बड़े पदों पर आसीन कुछ लोग आपस में लोगों को लड़वा कर गुलाम बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

### फर्जी बैंक अधिकारी बन कई राज्यों के लोगों को ठगे, झारखंड में जीजा-साला गिरफ्तार

**धनबाद, एजेंसी।** जीजा और साला बैंक अधिकारी बन कर लोगों से साइबर ठगी कर रहे थे। रांची सीआईडी की इनपुट पर धनबाद साइबर थाना और बरवाअड्डा थाना की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर दोनों को दबोचा। उनके पास से ठगी में प्रयुक्त छह मोबाइल और नौ सिम जब्त किए गए हैं। दोनों के खिलाफ साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस ऑफिस में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए साइबर डीएसपी संजीव कुमार और साइबर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने उनकी गिरफ्तारी की जानकारी दी। डीएसपी ने बताया कि भगतू रविदास का पुत्र मंतोष रवानी बरवाअड्डा जयनगर बस्ती स्थित अपने घर में अपने जीजा चिरकुंडा नीचे बाजार दासपाड़ा निवासी रोहित रविदास के साथ मिलकर साइबर ठगी करते रंगेहाथ पकड़े गए। दोनों के पास मिले पांच मोबाइल सिम से पश्चिम बंगाल, ओडिशा और महाराष्ट्र के 15 लोगों से साइबर ठगी की गई है। रांची सीआईडी के प्रतिबिंब ऐप के माध्यम से ठगी में इस्तेमाल उनके पांचों मोबाइल सिम को चिह्नित किया गया था। सीआईडी से मिली जानकारी के आधार पर एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने पुलिस टीम का गठन कर दोनों की गिरफ्तारी के आदेश दिए। पुलिस ने मंतोष रविदास के जयनगर स्थित घर में छापेमारी की तो रोहित भी वहीं था। डीएसपी ने बताया कि दोनों बैंक अधिकारी बनकर लोगों को फोन करते थे। उन्हें केवाईसी अपडेट करने और एटीएम बंद होने की बात कह कर उनसे ओटीपी ले लेते थे। इस ओटीपी के आधार पर साइबर ठग भुक्तभोगियों के खाते से अपना मोबाइल नंबर लिंक कर लेते थे। इसके बाद उनके खातों से रकम उड़ा ली जाती थी। दोनों करीब एक साल से ठगी के काम में जुटे थे। पूछताछ में दोनों ने लाखों की ठगी की बात स्वीकारी है। जल्द उन्हें दूसरे राज्यों के कांडों में भी रिमांड किया जाएगा। डीएसपी ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति को किसी भी सूरत में ओटीपी न बताएं और न ही किसी अनजान लिंक को टच करें।

### शिक्षा मंत्री ने दिया 2 हजार का ऑफर, पारा शिक्षक 6 हजार मानदेय बढ़ाने पर अड़े

**रांची, एजेंसी।** मानदेय वृद्धि को लेकर शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम और विभागीय अधिकारियों की झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की बुधवार को हुई एक और बैठक बेनतीजा रही। बैठक में शिक्षा मंत्री प्रतिमाह दो हजार रुपये मानदेय बढ़ाने को तैयार थे, लेकिन पारा शिक्षक नहीं माने। पारा शिक्षक वेतनमान के समलुल्य मानेदय (लगभग छह हजार रुपये) बढ़ाने की मांग पर अड़े थे। अंत में तय हुआ कि रक्षाबंधन के बाद फिर से बैठक होगी और मानदेय बढ़ोतरी पर मंथन होगा। बैठक में कहा गया कि पारा शिक्षकों का सेवाकाल 62 वर्ष करने पर मुख्यमंत्री की सहमति के बाद विचार किया जाएगा। आकलन परीक्षा से प्रभावित 5000 सहायक अध्यापक के त्रुटिपूर्ण उत्तर के अंक का निष्पादन करने के लिए शिक्षा मंत्री ने जैक अध्यक्ष से बात करने की बात कही। इसके अलावा, अनुकंपा में संशोधन करते हुए अनुबंध स्तरीय पदों पर पारा शिक्षकों के परिजनों को लाभ देने पर सहमति जताई गई। शहरी क्षेत्र के पारा शिक्षकों के मानदेय में चार प्रतिशत वार्षिक वृद्धि का प्रस्ताव अगली कैबिनेट से पारित किए जाने का आश्वासन भी मिला। प्रतिवर्ष सेवा संपुष्टि की बाध्यता से मुक्ति मिलेगी तथा जेटेट परीक्षा में सभी विषयों में उत्तीर्ण होने की बाध्यता समाप्त की जाएगी। इसके अलावा, कल्याण कोष में सेवानिवृत्त राशि, दुर्घटना बीमा, मेडिकल की सुविधा बहाल करने का विचार होगा। यह भी सहमति बनी कि सेवा शर्त नियमावली 2021 में संशोधन कर सीटेट को जेटेट के समतुल्य लाभ दिया जाएगा।

# जमशेदपुर में दूध का काला कारोबार, लोगों की सेहत से हो रहा खिलवाड़, नकली दूध पी रहे शहरवासी

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर में प्रतिदिन 375000 लीटर दूध की जरूरत है। इसके एवज में विभिन्न स्रोतों से 270000 लीटर की आपूर्ति होती है। बाकि बचे 105000 लीटर दूध की आपूर्ति पाउडर के बने दूध से की जाती है।

यदि आप भी नकली दूध का इस्तेमाल कर रहे हैं तो सावधान हो जाइए, क्योंकि आपके स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है, मिलावटी दूध का खतरा। इस संबंध में पशु चिकित्सक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि अब तक दूध में केवल पानी की मिलावट के बारे में सुना होगा।

लेकिन हम आपको बता दें कि दूध को सफेद और गाढ़ा बनाने के लिए आजकल साबुन व डिटर्जेंट और बेहद हानिकारक केमिकल्स का धड़ल्ले से प्रयोग हो रहा है।

नकली दूध की पहचान कर पाना है मुश्किल

बताया जा रहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि मिलावटी दूध और असली दूध में फर्क समझ पाना आपके लिए बेहद मुश्किल है। इस तरह से बनाया जाने वाला नकली दूध, आपकी सेहत को बुरी तरह से प्रभावित कर सकता है। हम यह सोचते हैं कि पैकेट वाला दूध अच्छा होगा लेकिन उसमें भी सिंथेटिक की मिलावट की जाती है।

कुछ लोग दूध में स्टार्च मिलाते हैं तो कुछ लोग दूध में डिटर्जेंट मिलाते हैं। इससे दूध की क्वांटिटी जरूर बढ़ती है, लेकिन क्वॉलिटी खराब हो जाती है। दूध में पानी मिलाने, यूरिया और फार्मोलिन डालकर बेचने का फार्मूला अब पुराना हो चुका है।

अब दूध कारोबारी नकली दूध बनाकर उसे असली दूध में मिलाकर धड़ल्ले से बेच रहे हैं। यह नकली दूध शैंपू,




रिफाइन, ग्लूकोज और फैब्रिक्स कलर के मिश्रण से बनता है, जो बिल्कुल असली दूध की तरह दिखता है।

50 रुपये के खर्च में कारोबारी इसे इस तरह तैयार करते हैं कि दूध की गुणवत्ता जांच करने वाली मशीन लैक्टोमीटर भी नकली दूध को असली बताती है।

ऐसे करें मिलावटी दूध की पहचान

पशु चिकित्सक डॉ. आरके सिंह कहते हैं कि नकदी दूध को पहचान करना बहुत जरूरी है। इसलिए उन्होंने असली व नकली दूध की पहचार कैसे करें। इस पर कुछ जानकारी दिया है। सिंथेटिक दूध स्वाद में कड़वा लगता है।

उंगलियों के बीच रगड़ने पर साबुन जैसा चिकनापन लगता है। गर्म करने पर पीला पड़ जाता है। यदि दूध उबालने के बाद उसकी छाली प्लास्टिक जैसी पतली उतरे तब समझिए दूध में मिलावट है।

टाइल्स के टुकड़े पर कच्चे दूध की कुछ बूंदें गिराएं। यदि एक लाइन में उसकी धार नहीं गिरती है, तब समझिए दूध में मिलावट है। अरहर की दाल के पाउडर को पांच मिनट तक कच्चा दूध में डालें। यदि रंग लाल होता है, तो समझिए कि दूध में मिलावट है।

बर्तन या टेस्ट ट्यूब में थोड़ा दूध लें और पानी मिलाएं, फिर हिलाएं, अगर सर्फ, सैंपू होगा तो हल्का झाग बनेगा। दूध में एक-दो बूंद आयोडिन टिंचर डालें। यदि दूध का रंग हल्का ब्लू दिखता है तो समझें मिलावट है।

दो उंगलियों के बीच दूध की बूंदें लें और उसे मसलें, साबून जैसी फील आएगी और अंगुलियों में लगा दूध हल्का पीला दिखेगा। कच्चा दूध यदि चखने पर कड़वा लगे या दूध का रंग पीला दिखे तो वह मिलावटी होगा।

पशु चिकित्सक डॉ. आरके सिंह कहते हैं कि दुधारू पशुओं से अधिक दूध निकालने में इस्तेमाल किया जाने वाला ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन कभी-कभी या सही मात्रा में दिया जाए तो उससे खतरा नहीं है। लेकिन आज अधिक कमाई की लालसा ने बच्चों की सेहत को खतरे में डाल दिया है।

यह खतरा मवेशी पर भी मंडरा रहा है, जिसका कारण ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन है। जिसका उपयोग पशु पालक बेखौफ करते हैं। इसके दुष्प्रभाव से बच्चों में हार्मोनल परिवर्तन व दुधारू पशुओं में बांझपन का खतरा बढ़ रहा है। ऑक्सीटोसिन मिला दूध जहर से कम नहीं है।

जमशेदपुर के फूड इंस्पेक्टर मंजर हुसैन समय-समय पर मवेशियों के खटाल से निकलने वाले दूध की जांच कराई जाती है। दो दिनों पूर्व भी खटाल से दूध लेकर जांच के लिए भेजा गया। कई बार जांच रिपोर्ट आया है, जिसमें दूध में पानी मिलावट की रिपोर्ट आया है। सिंथेटिक दूध रिपोर्ट में अब तक नहीं आया है।

## गोपाल मैदान में 18 अगस्त को होगी पूजा:21 लाख पार्थिव शिवलिंग का 125 लीटर दूध से होगा अभिषेक



**जमशेदपुर, एजेंसी।** मिथिला समाज की ओर गोपाल मैदान में 18 अगस्त को पार्थिव शिवलिंग पूजन का आयोजन किया जाएगा। इसमें 351 महिलाएं 21 लाख पार्थिव शिव लिंग बनाएंगी और 125 लीटर दूध से अभिषेक किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पूजा के लिए दरभंगा से 25 पंडितों के साथ स्थानीय पंडित पूजा संपन्न कराएंगे। पूजा पर कुल 51 जजमान बैठेंगे। पूजन के लिए 15000 स्क्वायर फीट का भव्य पंडाल निर्माण कराया जाएगा।

16 अगस्त को एकादशी के दिन विधिवत मिट्टी की पूजा के बाद 15 हजार घरों में मिट्टी वितरित की जाएगी, जिसका पार्थिव शिवलिंग निर्माण के बाद संग्रहण कर रीगल मैदान पहुंचाया जाएगा। यह जानकारी आयोजित समिति के संयोजक शंकर पाठक ने दी। उन्होंने बताया कि 15000 लोगों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी। सुबह 7 बजे से मैदान में शिवलिंग का निर्माण प्रारंभ होगा।

ये संस्थाएं करेंगी सहयोग : मिथिला समाज के लोगों के अलावा मारवाड़ी महिला मंच, मारवाड़ी युवा मंच, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, स्वदेशी जागरण मंच, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, क्षत्रिय समाज, अंगिका समिति।

कहां कितना होगा निर्माण आदित्यपुर-गम्हरिया क्षेत्र - 10 लाख, बागबेड़ा - 2 लाख, मानगो - 2 लाख, रघुवरनगर- 5 लाख, - जेम्को, लक्ष्मीनगर, बर्मामाइंस - 1 लाख, बारीडीह, सिदगोड़ा - 1 लाख, कदमा, बिष्टुपुर आदि क्षेत्रों - 2 लाख।

## झारखंड के होटल में पकड़ी गई आधा दर्जन लड़कियां, स्पा में भी पुलिस का छापा, सेक्स रैकेट का खुलासा

**रांची, एजेंसी।** रांची के अरगोड़ा इलाके में स्थित होटल मौर्या में छापेमारी कर पुलिस की टीम ने सेक्स रैकेट का खुलासा किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस की टीम ने होटल से आधा दर्जन लड़कियों समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी कि होटल मौर्या में देह व्यापार चल रहा है। अरगोड़ा थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने होटल में छापेमारी की। इस दौरान पांच लड़कियां और दो लड़के आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए। पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है।

तीन माह में दूसरी बार छापेमारी

गौरतलब हो कि होटल मौर्य में तीन महीने के भीतर रांची पुलिस की यह दूसरी रेड है। इससे पहले जून महीने में भी इस होटल में रेड की गई थी, उसे दौरान भी देह व्यापार के धंधे में शामिल दो लड़कियां पकड़ी गई थीं।

**स्पा में भी पुलिस का छापा :** बुधवार को ही रांची पुलिस ने मौर्य होटल के पास स्थित एक स्पा सेंटर में भी छापेमारी की। हालांकि वहां कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला। पुलिस को सूचना मिली थी कि स्पा सेंटर में भी अनैतिक देह व्यापार चल रहा था।

**क्यूआर कोड स्कैन करते ही मदद को पहुंचेगी पुलिस :** राजधानी रांची की पुलिसिंग को बेहतर करने के लिए लगातार प्रयास किए जा



रहे हैं। इसी के तहत अब डायल 112 को क्यूआर कोड से जोड़ दिया गया है। डायल 112 के क्यूआर कोड को राजधानी के 10 हजार ऑटो, बस, दर्जनों एटीएम सहित स्कूल-कॉलेज में लगाया जा रहा है। बुधवार को रांची डीआईजी अनूप बिरथरे, एससपी चंदन कुमार सिन्हा सहित कई पुलिस अधिकारियों ने खुद फील्ड में उतर कर ऑटो सहित कई जगह 112 के क्यूआर कोड को लगाया।

रांची डीआईजी ने बताया कि डीजीपी अनुराग गुप्ता के प्रयास से डायल 112 के लिए पुलिस के टेक्निकल सेल ने क्यूआर कोड डेवलप किया है। क्यूआर कोड को अगर आप मोबाइल से स्कैन करेंगे तो तुरंत वह 112 से कनेक्ट हो जाएगा। इस दौरान आप अगर विपत्ति में हैं या फिर किसी तरह की कोई समस्या में फंसे हुए हैं तो तुरंत आपको पुलिस की सहायता मिलेगी। रांची डीआईजी ने बताया कि वर्तमान में सभी लोग स्मार्टफोन रखते हैं और मोबाइल फ्रेंडली भी हैं। अगर ऐसे लोग थोड़े से जागरूक होंगे तो खुद की मदद तो कर ही पाएंगे, साथ ही जिन लोगों के पास स्मार्टफोन नहीं हैं, उनकी मदद भी कर पाएंगे।

## झारखंड के 10 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, किसानों के लिए विशेष चेतावनी जारी

**रांची, एजेंसी।** बंगाल की खाड़ी में बन रहा साइक्लोनिक सर्कुलेशन के चलते झारखंड में फिर से मौसम बिगड़ने वाला है। इसका असर राज्य के कई जिलों में देखा जा रहा है। इसके चलते राजधानी रांची में बीते 24 घंटे में जमकर बारिश हुई है। रांची के अलावा नेतरहाट, जमशेदपुर, बोकारो में कुछ स्थानों पर बारिश हुई।

झारखंड के 10 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में रांची, जमशेदपुर, बोकारो,गढ़वा, गुमला, लातेहार, लोहरदगा, खूंटी, पश्चिमी व पूर्वी सिंहभूम जिले हैं। इस भारी बारिश को देखते हुए किसानों के लिए विशेष चेतावनी जारी की गई है। किसानों को खुले में जाने से बचने की सलाह दी गई है। झारखंड में भारी बारिश के चलते स्वर्णरेखा व खरकई नदी डेंजर जोन के करीब पहुंच गई हैं। इसे देखते हुए जिला प्रशासन भी अलर्ट पर है। निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क किया गया है। वहीं, बिजली विभाग ने भी अलर्ट जारी किया है। बिजली विभाग ने कहा है कि शहर में लगातार वर्षा हो रही है।ऐसे में बिजली जनित हादसे से बचने के लिए विशेष रूप से सतर्क होने की जरूरत है। बुधवार को शहर का अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री व न्यूनतम तापमान 24.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, गुरुवार को भी शहर में हल्की वर्षा हो सकती है।बुधवार को मानगो, साकची, जुगसलाई, बर्मामाइंस, बिष्टुपुर सहित अन्य क्षेत्रों के प्रमुख सड़कें जलमग्न हो गई है। जुगसलाई ओवर ब्रिज और साकची एमजीएम अस्पताल गोलचक्कर के समीप घुटने भर पानी भर गया।

## बैंक भी किसानों का 50 फीसदी का लोन करें माफ कृषि मंत्री दीपिका की बड़ी डिमांड

**राज्य ब्यूरो, रांची।** राज्य सरकार के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने बुधवार को स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि राज्य में सामूहिक प्रयास से सीडी रेशियो (ऋण-जमा अनुपात) 49.5 प्रतिशत तक पहुंचा है।

उन्होंने कहा कि बैंकिंग सिस्टम ना रहे तो देश का आर्थिक विकास रुक जाएगा। राज्य की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में बैंक की महती भूमिका है।

प्रोजेक्ट भवन सभागार में उन्होंने कहा कि राज्य में सीडी रेशियो टेक ऑफ स्टेज में आ गया है। अब यहां से नीचे नहीं जा सकता है, ऊपर ही जाएगा। उन्होंने कहा कि पांच साल पहले 2019-20 में सीडी रेशियो 39-40 प्रतिशत के बीच था, जो वर्तमान में बढ़कर 49.5 हो गया है।



उन्होंने आगे कहा कि बैंक अब नॉलेज सेक्टर पर काम कर रहा है। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से गरीब परिवारों के बच्चों को उच्च शिक्षा दी जा रही है। बैठक में वित्त और कृषि विभाग के अधिकारी और कई बैंकों के प्रतिनिधि शामिल थे।

एसएलबीसी की बैठक में मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि आदिवासी संस्कृति को बचाने की जरूरत है। ट्राइबल कल्चर को बचाने के लिए काम नहीं हुआ है। उरांव ने कहा कि बैंकों को सीएसआर फंड से इसके लिए प्रबंध करना चाहिए। सरकार भी अब इसकी शुरुआत कर रही है। आदिवासियों के वाद्य यंत्र मांदर-नगाड़ा महंगे हो गए हैं। पांच-पांच हजार में एक मिल रहा है। वह खरीद नहीं सकता है।

लोहरदगा में बैंक के द्वारा 100 मांदर और 75 नगाड़ा बांटा गया है। दूसरे क्षेत्र में भी बैंक भी इस पर कार्रवाई करें। सरकार में भी अब वाद्य यंत्रों के लिए बजट का प्रविधान किया गया है।

कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि किसानों को पूर्व में दिए गए कृषि ऋण को माफ करने का निर्णय सरकार ने लिया है और इस क्रम में 1900 करोड़ रुपये की माफी दी गई है। आगे भी ऋण माफी की तैयारी है।

झारखंड सरकार 50 प्रतिशत ऋण माफ कर रही है, तो बैंक भी 50 फीसदी का लोन माफ करें। इतना ही नहीं आगे भी किसानों को आसानी से लोन दिए जाने का प्रबंध होना चाहिए। इस पर बैंकों से सहयोग की सरकार अपेक्षा रखती है।

उन्होंने कहा कि अधिकतर असफल योजनाओं के पीछे बैंकों का असहयोग ही कारण है। इसे कैसे आसान बनाया जाए इसपर विचार की जरूरत है। लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर की भी आवश्यकता है, जिससे वो अपनी परेशानी बैंक को बता सकें।

# 23 अगस्त को अपना अधिकार मांगने के लिए सीएम आवास पर पहुंचेंगे झारखंड के लाखों युवा : बाबूलाल

**रांची, एजेंसी।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को युवा आक्रोश रैली की तैयारी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 23 अगस्त को झारखंड के लाखों युवा अपना हक मांगने मुख्यमंत्री आवास पहुंचेंगे। राज्य के युवक जब तक धोखेबाज सरकार को हटा नहीं लेते, चैन की सांस नहीं लेंगे। रांची महानगर और ग्रामीण जिला की बैठक मरांडी ने कहा कि अब युवा शक्ति हेमंत सरकार से आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। इस सरकार ने युवाओं, किसानों, पारा शिक्षकों, संविदाकर्मियों आदि सभी को ठगा है।

पांच साल पहले अपने घोषणा पत्र में चिल्ला-चिल्ला कर वादे किए। लेकिन, घोषणाएं केवल घोषणाएं ही बनकर रह गईं। हेमंत सरकार से राज्य का युवा हिसाब मांग रहा है। अपने भविष्य के साथ खिलवाड़ किए जाने पर जवाब मांग रहा है। 23 अगस्त को राज्य के लाखों युवा मुख्यमंत्री से पूछेंगे कि उनकी सरकारी नौकरी का क्या हुआ। बेरोजगारी भत्ता कहां गया। पारा शिक्षकों अपने नियमितीकरण और वेतनमान की जानकारी मांगेंगे। संविदा कर्मी सहायक पुलिसकर्मी भी अपने-अपने हिसाब मांगेंगे। युवा शक्ति यह भी जानना चाहेगी कि वादा नहीं पूरी करने पर इस्तीफा देने, गद्दी छोड़ देने के वादे का क्या हुआ। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन का ट्रैक रिकॉर्ड केवल ठगने का है, जबकि भाजपा की सरकार चाहे केंद्र की हो या विभिन्न राज्यों में, अपने संकल्प पत्रों को धरातल पर उतारती है। वरुण साहू ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, रांची विधायक सी पी सिंह ,हटिया विधायक नवीन जायसवाल, कांके विधायक समरी लाल, झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, केके गुप्ता,



सतनारायण सिंह, रमेश सिंह, शोभा यादव, गुरविंदर सिंह शेट्टी, बलराम सिंह ,जितेंद्र वर्मा, राजू सिंह, विनय सिंह, अनीता वर्मा, विकास रवि, पूनम जायसवाल, रंजीत नाथ शाहदेव, ओम प्रकाश पांडे, अशोक मिश्रा आदि उपस्थित थे।

आदिवासी हवलदार की हत्या पर सीएम ने अपने मुंह पर टेप साटा... प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि आदिवासी हवलदार चोहन हेंब्रम की हत्या पर सीएम ने अपने मुंह पर टेप साट लिया है। बांग्लादेशी घुसपैठियों के पक्ष में छाती पीटनेवाले हेमंत सोरेन आदिवासियों की हत्या पर चुप्पी साध लेते हैं। आदिवासियों की हत्या के खिलाफ बोलने में उनके मुंह पर फेविकोल चिपक जाता है। राज्य की विधि-व्यवस्था पर मंगलवार को मरांडी ने बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज आदिवासियों की जमीनें हड़पी जा रही हैं। आदिवासी बेटियां घुसपैठियों के हाथों प्रताड़ित हो रही हैं और प्रदेश के मुख्यमंत्री उत्सव मना रहे हैं।

विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की गतिविधियां तेज हैं। बैठकों का दौर लगातार जारी है। 16 अगस्त को एक बार फिर पार्टी के मंडल अध्यक्षों की सामूहिक बैठक रांची में होनेवाली है। बैठक में प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी मौजूद समेत प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्रनाथ त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह समेत सभी सांसद और विधायक मौजूद रहेंगे।प्रदेश और जिलों के पदाधिकारियों के अलावा राज्य के सभी मंडल अध्यक्ष भी बैठक में रहेंगे। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी और 23 अगस्त को रांची में होनेवाली युवा आक्रोश रैली को देखते हुए इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मंडल अध्यक्षों से जमीनी हकीकत जानने के बाद पार्टी के दिग्गज उन्हें चुनाव जीतने का मंत्र देंगे। उल्लेखनीय है कि झारखंड का विधानसभा चुनाव समय के पूर्व होने जा रहा है। राज्य निर्वाचन कार्यालय जोर-शोर से तैयारियों में लगा है। ऐसी संभावना है कि 10 सितंबर के आसपास चुनाव की घोषणा हो सकती है। इसे देखते हुए भाजपा की जमीनी तैयारियों को पुख्ता किया जा रहा है। जिलों और प्रदेश के निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटा कर उनके स्थान पर नए लोगों को जिम्मेवारी सौंपी गई है। राज्य सरकार के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने 23 अगस्त को राजधानी में एक बड़ी रैली आयोजित की है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत ने जुलाई में रूस से 2.8 अरब डॉलर मूल्य का कच्चा तेल आयात किया

#### रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल उपभोक्ता और आयातक भारत ने जुलाई में रूस से 2.8 अरब डॉलर का कच्चा तेल खरीदा। इस लिहाज से भारत चीन के बाद दूसरे स्थान पर है, जो रूसी तेल का सबसे बड़ा आयातक बना हुआ है।



एक रिपोर्ट के अनुसार, रूस भारत के लिए कच्चे तेल का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा है। इस तेल को रिफाइनरियों में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में परिवर्तित किया जाता है। फरवरी, 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद कुछ यूरोपीय देशों द्वारा रूस से खरीद से परहेज करने के बाद रूसी तेल छूट पर उपलब्ध था। रूस से कच्चे तेल का आयात यूक्रेन युद्ध से पहले कुल आयातित तेल का एक प्रतिशत से भी कम था। यह अब भारत की कुल तेल खरीद का लगभग 40 प्रतिशत हो गया है।
सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) ने एक रिपोर्ट में कहा कि चीन ने रूस के कच्चे तेल निर्यात का 47 प्रतिशत खरीदा, उसके बाद भारत (37 प्रतिशत), यूरोपीय संघ (सात प्रतिशत) और तुर्किये (छह प्रतिशत) रहा। रिपोर्ट के अनुसार, पांच दिसंबर, 2022 से जुलाई, 2024 के अंत तक चीन ने रूस के कुल कोयला निर्यात का 45 प्रतिशत खरीदा, उसके बाद भारत (18 प्रतिशत) का स्थान रहा। तुर्किये (10 प्रतिशत), दक्षिण कोरिया (10 प्रतिशत) और ताइवान (पांच प्रतिशत) शीर्ष पांच खरीदार हैं।

#### रिपोर्ट

### पाम और सोया तेल आयात एक साल के उच्च स्तर पर, इंडोनेशिया-मलेशिया के भंडार में आएगी कमी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कीमतों में कमी और रिफाइनर्स की ओर से त्योहारों के लिए खरीद से देश का पाम तेल और सोया तेल आयात जुलाई में बढ़कर करीब एक साल के शीर्ष पर पहुंच गया है। इस भारी खरीद से शीर्ष उत्पादक इंडोनेशिया और मलयेशिया के तेल भंडार में कमी आएगी। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के आंकड़ों के अनुसार, पाम तेल आयात जुलाई में जून की तुलना में 37 फीसदी बढ़कर करीब 11 लाख टन रहा। यह अगस्त, 2023 के बाद सबसे अधिक है। सोया तेल आयात 42 फीसदी बढ़कर 391,791 टन रहा। यह 13 महीनों में सबसे अधिक है। सूरजमुखी तेल का आयात 21.3 फीसदी गिरकर 366,541 टन पर आ गया।

### मंगलम वर्ल्डवाइड का वित्त वर्ष 25 की प्रथम तिमाही में शुद्ध लाभ 143 प्रतिशत उछला

**मुंबई, एजेंसी।** एक पूर्ण समन्वित स्टेनलेस स्टील कंपनी, मंगलम वर्ल्ड वाइड लिमिटेड (एमडब्ल्यूएल) ने वित्त वर्ष 25 की प्रथम तिमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की रिपोर्ट दी है.
**वित्त वर्ष 25 की प्रथम तिमाही की कंसोलिडेटेड मुख्य वित्तीय विशेषताएं** ̵ कुल आय 13.88 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के साथ 230.21 करोड़ हुई एबिटडा 78.50 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के साथ 12.88 करोड़ हुआ। एबिटडा मार्जिन 203 बीपीएस वार्षिक वृद्धि के साथ 5.60 प्रतिशत हुई। ज़ शुद्ध लाभ 143.28 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के साथ 6.01 करोड़ हुआ। शुद्ध लाभ मार्जिन 139 बीपीएस वार्षिक वृद्धि के साथ 2.61 प्रतिशत हुई।

# हिंडनबर्ग के आरोप तो मामूली हैं

## कांग्रेस बोली- जेपीसी जांच से होगा पूरा खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि अदाणी समूह से जुड़े कथित घोटाले को लेकर अमेरिकी संस्था हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए आरोप तो मामूली हैं और पूरा सच संयुक्त संसदीय समिति की जांच से ही सामने आ सकता है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की जांच से ही पूरी सच्चाई सामने आ सकती है। कांग्रेस हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट को लेकर अदाणी समूह पर पिछले कई महीनों से हमलावर है। अदाणी समूह ने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है।



रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, अदाणी महाघोटाले में संयुक्त संसदीय समिति की जांच की मांग, हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में किए गए खुलासों से आगे तक के लिए है। ये खुलासे तो बहुत ही मामूली हैं। जेपीसी जांच से पूरा सच सामने आएगा।

उन्होंने कहा कि अदाणी समूह से जुड़ी अनियमितताएं और गलत कार्यों का राजनीतिक अर्थव्यवस्था के हर पहलू से संबंध है। हमारी 100 सवालों की शृंखला हम अडानी के हैं कौन में हमने इन्हें उजागर किया था।

कांग्रेस महासचिव ने दावा किया, हवाई अड्डा, बंदरगाह, सीमेंट और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अदाणी का एकाधिकार सुनिश्चित करने के लिए भारत की जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया गया। भारत की प्रतिष्ठा को ताक पर रखकर पड़ोस में अदाणी एंटरप्राइजेज की ज़रूरतों के लिए भारत की विदेश नीति के हितों के साथ समझौता किया गया।

रमेश ने आरोप लगाया, इजराइल के साथ भारत के रणनीतिक संबंधों को एक ही कंपनी अदाणी के सुपुर्द कर दिया गया। कोयला और बिजली उपकरणों के बिल में बढ़ोतरी की गई, जिसने न केवल धनशोधन और बेतहाशा मुनाफे को बढ़ावा दिया है बल्कि आम लोगों के बिजली के बिलों में भी वृद्धि कर दी है।

उन्होंने कहा कि इन मामलों का जिक्र हिंडनबर्ग के आरोपों में नहीं हैं। कांग्रेस महासचिव ने कहा, हिंडनबर्ग के आरोप पूंजी बाजार से संबंधित मामलों तक ही सीमित हैं, और ये स्टॉक हेरफेर, अकाउंटिंग धोखाधड़ी तथा नियामक एजेंसियों में हितों के टकराव से जुड़े हैं। ये आरोप तो मामूली हैं। उन्होंने कहा, मोदानी महाघोटाले की पूरी तरह से जांच और खुलासा सिर्फ जेपीसी ही कर सकती है।

### ईडी ने अवंता ग्रुप की 678 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की, बैंक धोखाधड़ी का मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़ी जांच के तहत अवंता समूह की 678 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की भूसंपत्तियां धनशोधन रोधी कानून के तहत कुर्क की हैं। निदेशालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

हरियाणा, महाराष्ट्र और उत्तराखंड में स्थित संपत्तियों को कुर्क करने के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया है। ये संपत्तियां अवंता समूह की विभिन्न कंपनियों की हैं। अवंता समूह का स्वामित्व और नियंत्रण व्यवसायी गौतम थापर के पास है। ईडी ने एक बयान में कहा, ''19 अगस्त 2019 को 'सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड' ने सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 30 के तहत 'बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज' और 'नेशनल स्टॉक एक्सचेंज' के समक्ष उन जानकारियों का खुलासा किया था, जिनका कंपनी की वित्तीय स्थिति पर संभावित प्रभाव था।'' ईडी ने बयान में कहा, '' 'सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड' द्वारा किए गए खुलासे से पता चला है कि कंपनी की संपत्तियों और देनदारियों को काफी कम करके दिखाया गया है।'' एजेंसी के अनुसार, इस खुलासे पर ऋणदाता बैंकों ने गौर किया और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा की गई शिकायत के आधार पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने जून 2021 में 'सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशन लिमिटेड', गौतम थापर, के एन नीलकंठ, माधव आचार्य, बी हरिहरन, ओंकार गोस्वामी और अज्ञात लोक सेवकों और अन्य व्यक्तियों के खिलाफ 2,435 करोड़ रुपये की ''बैंक धोखाधड़ी'' करने का मामला दर्ज किया था। ईडी का धनशोधन का मामला सीबीआई की इसी प्राथमिकी से संबंधित है।

### दिल्ली-एनसीआर रियल एस्टेट में जनवरी-जून में सबसे अधिक 63.33 करोड़ डॉलर का निवेश: कुशमैन एंड वेकफील्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर के रियल एस्टेट बाजार ने इस साल जनवरी-जून में 63.33 करोड़ अमेरिकी डॉलर का सर्वाधिक निजी निवेश आकर्षित किया। निवेशकों का प्रमुख कार्यालय स्थल और लग्जरी आवास की उच्च मांग को भुनाना इसकी मुख्य वजह रही। रियल एस्टेट सलाहकार कुशमैन एंड वेकफील्ड की नई पूंजी बाजार रिपोर्ट के अनुसार, इस कैलेंडर वर्ष के पहले छह महीने में दिल्ली-एनसीआर में 63.33 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में कुल निवेश में से कार्यालय परिसंपत्तियों को 48.36 करोड़ डॉलर और आवासीय परिसंपत्तियों को 14.96 करोड़ अमरीकी डॉलर मिले। दिल्ली-एनसीआर में निवेश में उछाल मुख्य रूप से कार्यालय खंड की वजह से आया है। शहर के रिहायशी क्षेत्र में खास तौर पर हाई-एंड और लग्जरी खंड में भी दिलचस्पी बनी हुई है। इसमें कहा गया, जनवरी-जून 2024 में छह प्रमुख शहरों में रियल एस्टेट में कुल निवेश 3.9 अरब डॉलर रहा। बहु-नगरीय सौदों में करीब 1.9 अरब डॉलर का निवेश हुआ। बेंगलुरु में 50.95 करोड़ डॉलर, हैदराबाद में 31.99 करोड़ डॉलर, चेन्नई में 23.47 करोड़ डॉलर, पुणे में 15.17 करोड़ डॉलर और मुंबई में 14.7 करोड़ डॉलर का निवेश हुआ। कुशमैन एंड वेकफील्ड के मूल्यांकन एवं परामर्श तथा पूंजी बाजार प्रबंध निदेशक सोमी थॉमस ने कहा, ''2024 की पहली छमाही में 3.9 अरब अमेरिकी डॉलर का निजी इक्विटी प्रवाह, (जो पहले ही पिछले वर्ष के कुल प्रवाह का 70 प्रतिशत पार कर चुका है) भारत के रियल एस्टेट बाजार में उल्लेखनीय वृद्धि और निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है।



# अमेरिका मोनोपोलिस्टिक गूगल को तोड़ने पर कर रहा है विचार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के न्याय विभाग ने गूगल को तोड़ने का प्रस्ताव विचाराधीन रखा है, इसके बाद एक अदालत ने कंपनी को ऑनलाइन सर्च मार्केट में मोनोपॉली का दोषी ठहराया। पिछले दो दशकों में माइक्रोसॉफ्ट को तोड़ने के असफल प्रयासों के बाद, यह कदम अमेरिका का पहला प्रयास होगा किसी कंपनी को अवैध मोनोपोलाइजेशन के लिए तोड़ने का।

कम कठोर विकल्पों में गूगल को प्रतिस्पर्धियों के साथ अधिक डेटा साझा करने और ढ्ढ उत्पादों में अनुचित लाभ प्राप्त करने से रोकने के उपाय शामिल हैं। न्याय विभाग विशेष अनुबंधों पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश करेगा, जो गूगल के मामले का केंद्र रहे हैं।

#### संभावित विभाजन

यदि गूगल को तोड़ा जाता है, तो सबसे संभावित विभाजन एंड्रॉयड ऑपरेटिंग सिस्टम और गूगल का वेब ब्राउजर क्रोम हो सकता है। अधिकारियों ने एडवर्ड्स की बिक्री पर भी विचार किया है।

#### अदालत का निर्णय

जज अमित मेहता ने 5 अगस्त को फैसला सुनाया कि गूगल ने ऑनलाइन सर्च और सर्च टेक्स्ट बाजारों में अवैध मोनोपॉली जमा ली है। गूगल इस फैसले के खिलाफ अपील करेगा और सरकार को प्रतिस्पर्धा बहाल करने के प्रस्ताव के लिए दूसरे चरण की योजना बनाने का आदेश दिया गया है।

#### शेयरों में गिरावट

अल्फाबेट के शेयर बुधवार को प्रीमार्केट ट्रेडिंग में 1.4 प्रतिशत गिरकर .161.95 पर आ गए।

#### विशेषज्ञों की चिंताएं

न्याय विभाग के वकीलों ने गूगल की सर्च डॉमिनेंस को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी के विकास में लाभकारी बताया है और इस पर रोक लगाने के उपाय सुझाए हैं।

एंड्रॉयड ऑपरेटिंग सिस्टम को विभाजित करने की योजना पर चर्चा की जा रही है, जो लगभग 2.5 बिलियन डिवाइसेस पर उपयोग होता है।

#### पिछला मामले

मेहता ने पाया कि गूगल डिवाइस निर्माताओं को अपने ऐप्स जैसे जीमेल और गूगल प्ले स्टोर तक पहुंच प्राप्त करने के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता करता है।

# घर पर आराम कर रहा था और फास्टैग से फुर्र हो गए पैसे...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोचिए कि आप घर में आराम फरमा रहे हैं और अचानक आपके मोबाइल पर एक मेसेज आता है। यह मेसेज बताता है कि आपके फास्टैग अकाउंट से पैसे कट गए हैं। आपके कोई टोल पार नहीं किया और पैसे कट गए? लुधियाना के एक शख्स के साथ ऐसा ही हुआ। प्रिंसपायर टेक्नोलॉजीज के सीईओ सुंदरदीप सिंह ने एक्स पर अपनी व्यथा शेयर की है। उनका कहना है कि वह घर पर आराम कर रहे थे कि तभी उन्हें फास्टैग अकाउंट से 220 रुपये कटने का मेसेज मिला। पंजाब के किसी टोल प्लाजा पर ट्रांजैक्शन हुआ था। सिंह ने पोस्ट के साथ-साथ मेसेज का स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है। फास्टैग टोल प्लाजा पर ऑनलाइन फीस कलेक्ट करने का सिस्टम है। इसमें रेडियो फ्रीवेंसी आइडेंटिफिकेशन के जरिए गाड़ी के मालिक से जुड़े अकाउंट से पैसे कट जाते हैं। सिंह का कहना है कि वह तो अपने घर में आराम कर रहे थे और उन्होंने किसी भी टोल बूथ को क्रॉस नहीं किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, जब मेरे अकाउंट से पैसे कटे तो उस समय मैं घर पर आराम कर रहा था और मैंने इस महीने इस रूट पर ट्रेवल भी नहीं किया है। ये सब क्या हो रहा है? उन्होंने मेसेज का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए नेशनल हाइवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया से इस बारे में स्पष्टीकरण मांगा है। उनका यह पोस्ट वायरल हो गया है। अब तक पांच लाख से अधिक लोग इसे देख चुके हैं।

#### टेक्नोलॉजी पर निर्भरता के नुकसान

कई यूजर्स ने भी इसी तरह की शिकायत करते हुए कहा है कि पूरी तरह टेक्नोलॉजी पर निर्भर रहने के भी नुकसान हैं। सिद्धार्थ गुप्ता नाम के एक यूजर ने लिखा कि पिछले एक साल से हमारे साथ ऐसा हो रहा है। कोई और हमारी कार के रजिस्ट्रेशन का यूज कर रहा है। उनके सभी चालान और फास्टैग डिडक्शन हमारे मत्थे पड़ रहे हैं। पुलिस और बैंक के कई चक्कर लगाने के बाद हम हार चुके हैं। फास्टैग एनइटीसी ने सुंदरदीप सिंह के पोस्ट का जबाव देते हुए उन्हें बैंक से संपर्क करने को कहा है।

# एसबीआई ने सभी अवधि के लिए ब्याज दरों में 0.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी की, उपभोक्ता ऋणों पर पड़ेगा यह असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने सभी अवधियों के लिए 'मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स-बेस्ड लेंडिंग रेट' (एमसीएलआर) में 0.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी का एलान किया है। इसके असर से ज्यादातर उपभोक्ता ऋण अब महंगे हो जाएंगे। बैंक ने लगातार तीसरी बार ब्याज दर में वृद्धि की घोषणा की है। एसबीआई की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के अनुसार, एक वर्ष की अवधि के लिए मानक एमसीएलआर अब 8.95 प्रतिशत निर्धारित की गई है, जबकि पहले यह दर 8.85 प्रतिशत थी। एमसीएलआर का इस्तेमाल मोटर वाहन और व्यक्तिगत जैसे अधिकतर उपभोक्ता ऋणों के मूल्यांकन में किया जाता है। तीन साल के लिए एमसीएलआर 9.10 प्रतिशत और दो साल के लिए 9.05 प्रतिशत तय की गई है। इसके अलावा एक महीने, तीन महीने और छह महीने की अवधि के लिए ब्याज दरें 8.45-8.85 प्रतिशत के दायरे में हैं। 'ओवरनाइट' अवधि के लिए अब एमसीएलआर 8.10 प्रतिशत के मुकाबले 8.20 प्रतिशत होगी। नई दरें 15 अगस्त 2024 से लागू हो गईं। ब्याज दरों में यह वृद्धि ऐसे समय में की गई है जब कुछ दिन पहले ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस महीने की शुरुआत में लगातार नौवीं बार अपनी नीतिगत दर को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखा था।



### यात्री वाहनों की बिक्री ढाई साल में सबसे कम, कमजोर मांग के कारण सालाना आधार पर 2.5 फीसदी घटी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मांग में नरमी व उच्च आधार प्रभाव के कारण देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री जुलाई, 2024 में सालाना आधार पर 2.5 फीसदी घटकर 3,41,510 इकाई रह गई। यह इसका फरवरी, 2022 के बाद करीब ढाई साल का निचला स्तर है। उस समय 3,02,965 यात्री वाहन बिके थे। जुलाई, 2023 में यह आंकड़ा 3,50,355 इकाई था।

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के आंकड़ों के मुताबिक, यात्री कारों की बिक्री भी पिछले महीने 12 फीसदी की गिरावट के साथ 96,652 इकाई रह गई। सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा, अधिक बारिश व त्योहारों के मद्देनजर निकट अवधि में बिक्री बढ़ने की संभावना है।

**दोपहिया वाहनों में 12.5 फीसदी का उछाल–** दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री जुलाई में 12.5 फीसदी बढ़कर 14,41,694 इकाई पहुंच गई। जुलाई, 2023 में 12,82,054 दोपहिया वाहन बिके थे। तिपहिया वाहनों की बिक्री 5.1 फीसदी बढ़कर 59,073 इकाई पहुंच गई। यूटिलिटी वाहनों की बिक्री में 4.1 फीसदी की तेजी।

# वॉरेन बफे का निवेश से कैश की ओर झुकाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे पिछले कुछ महीनों से लगातार अलग-अलग कंपनियों से अपना निवेश घटाकर कैश इकठ्ठा कर रहे हैं। उनकी कंपनी बर्कशायर हैथवे के पास इस समय लगभग 276.9 अरब डॉलर कैश जमा हो चुका है। आमतौर पर निवेश करने के बाद बचे हुए पैसों से खर्च चलाने की सलाह देने वाले बफे का यह रुख पूरी दुनिया को चौंका रहा है।

#### बर्कशायर के पास 276.9 अरब डॉलर का कैश

**एप्पल और बैंक ऑफ अमेरिका में हिस्सेदारी घटाई –** वॉरेन बफे की बर्कशायर होल्डिंग्स ने हाल ही में तेजी से एप्पल और बोफा जैसी कंपनियों के शेयर बेचे हैं। पिछली बार यह ट्रेंड साल 2005 में देखा गया था। बर्कशायर ने 3 अगस्त को जानकारी दी थी कि उसने एप्पल इंक में अपनी हिस्सेदारी लगभग 50 फीसदी कम कर दी है। साथ ही जुलाई में बैंक ऑफ अमेरिका में भी अपनी हिस्सेदारी लगभग 8.8 फीसदी घटाई है। बर्कशायर की एजीएम मई में हुई थी। इसमें वॉरेन बफे ने इस बारे में संकेत दे दिया था। उन्होंने कहा था कि वह अब और इक्विटी नहीं खरीदना चाहते। उन्होंने कहा था कि जब तक मुझे नहीं लगता कि हम कहीं पैसा लगाकर बहुत ज्यादा कमाने वाले हैं तब तक हम और निवेश नहीं करेंगे।

**अमेरिका में मंदी की आशंका को बताया जा रहा जिम्मेदार –** बर्कशायर ने साल 2016 में बताया था कि उनके पास एप्पल के करीब 90 करोड़ शेयर हैं। इन्हें करीब 31 अरब डॉलर में खरीदा गया था। अब उनके पास एप्पल के लगभग 40 करोड़ शेयर ही बचे हैं, जिनकी कीमत लगभग 84 अरब डॉलर आंकी जाती है। पिछले दो साल में ही बर्कशायर ने अपनी कैश होल्डिंग लगभग दोगुनी कर ली है।

**बफे क्यों बेच रहे हैं शेयर–** जानकारों का कहना है कि बर्कशायर ऐसे समय शेयरों की बिक्री कर रही है जबकि अमेरिका में मंदी की आशंका सिर उठा रही है। हाल में आए कई आंकड़े अमेरिका की इकॉनमी की कमजोरी को उजागर करते हैं। हालांकि एक वर्ग ऐसा भी है जो मानता है कि आने वाले दिनों में कॉरपोरेट टैक्स बढ़ने की आशंका के कारण बर्कशायर शेयरों की बिक्री कर रही है। अमेरिका में अगले कुछ महीनों में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। बफे ने भी मई में कहा था कि नई सरकार टैक्स नीतियों में बदलाव कर सकती है।

बर्कशायर हैथवे का शेयर दुनिया में सबसे महंगा है। अभी कंपनी मार्केट कैप 944.60 अरब डॉलर है और यह दुनिया की आठवीं सबसे मूल्यवान कंपनी है। इससे आगे ऐपल, माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया, अल्फाबेट (गूगल), सऊदी अरामको, ऐमजॉन और मेटा प्लेटफॉर्म (फेसबुक) है। बफे 138 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के नौवें बड़े रईस हैं।

# कबड्डी पहली बार ग्लोबल महिला लीग के लिए तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (एचआईपीएसए) वर्ल्ड कबड्डी के सहयोग से सितंबर में पहली बार वैश्विक महिला कबड्डी लीग का आयोजन कर रहा है।

इस लीग में 15 से अधिक देशों की महिला एथलीट भाग लेंगी। ये पहला मौका होगा जब ग्लोबल प्रवासी महिला कबड्डी लीग (जीपीकेएल) जैसे बड़े मंच पर महिला कबड्डी आयोजित होगी। हरियाणा में शुरू होने वाली इस लीग का उद्देश्य विश्व स्तर पर महिला कबड्डी को बढ़ावा देना और उसका विकास करना है। इसमें 15 से अधिक देशों की टीमें भाग लेंगी। इंग्लैंड, पोलैंड, अर्जेंटीना, कनाडा और इटली जैसे देशों सहित कई एथलीटों ने लीग में भाग लेने की इच्छा व्यक्त की है। एचआईपीएसए के अध्यक्ष कांथी डी सुरेश ने कहा, ÷यह लीग हमारी सरकार की भारतीय धरती पर ओलंपिक की मेजबानी करने की इच्छा और हमारे स्वदेशी खेल कबड्डी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को व्यक्त करेगी। इस टूर्नामेंट को आयोजित करने की दिलचस्पी विभिन्न महाद्वीपों से टीमों के भाग लेने की इच्छा से उपजी है, जिसमें भारत एक स्वाभाविक शक्ति है, जो हमारे स्वर्ण पदकों की संख्या में इजाफा करेगा। लीग का उद्देश्य कबड्डी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देना है, जिससे



इस खेल को ओलंपिक खेलों में शामिल करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा और 2036 में इस ऐतिहासिक आयोजन की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी को समर्थन मिलेगा। इस सपने को साकार करने के लिए एचआईपीएसए ने हरियाणा सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए हैं। कबड्डी सबसे पुराना खेल है और यह प्राचीन काल से भारतीय उपमहाद्वीप में रहा है। इसे 1990 में एशियाई खेलों में एक पूर्ण खेल के रूप में शामिल किया गया था, जबकि 2010 में महिलाओं के लिए इसे शामिल किया गया था।

एशियाई खेलों 2023 में, भारत ने कबड्डी में पुरुष और महिला दोनों वर्ग के खिताब जीते, जिससे इस खेल में उनका दबदबा कायम हुआ। पूर्व भारतीय खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने भी कबड्डी को ओलंपिक में शामिल करने के लिए अपना समर्थन जताया है। भारत 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है, इसलिए ओलंपिक में कबड्डी को शामिल करना सोने पर सुहागा वाली बात होगी। वैश्विक प्रवासी महिला कबड्डी लीग देश की महत्वाकांक्षाओं को साकार करने की दिशा में पहला कदम है, जिसमें 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने और कबड्डी को आधिकारिक ओलंपिक खेल के रूप में

चेसः

## भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद का रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में निराशाजनक प्रदर्शन

नई दिल्ली, एजेंसी। रैपिड स्पर्धा के तीसरे और आखिरी दिन से पहले उन्होंने तीन मुकाबले हारे और तीन ड्रॉ खेले थे। वह सातवें दौर में अमेरिका के लेनियेर डोमिनिगेज से हार गए और आखिरी मुकाबले में उन्हें अमेरिका के ही हिकारू नकामूरा ने हराया। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद का सेंट लुई रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वह रैपिड वर्ग में आखिरी स्थान पर रहे। रैपिड स्पर्धा के तीसरे और



आखिरी दिन से पहले उन्होंने तीन मुकाबले हारे और तीन ड्रॉ खेले थे। वह सातवें दौर में अमेरिका के लेनियेर डोमिनिगेज से हार गए और आखिरी मुकाबले में उन्हें अमेरिका के ही हिकारू नकामूरा ने हराया। आठवें दौर में उन्होंने फ्रांस के अलीरजा फिरोजा से ड्रॉ खेला। उनके कुल 18 में से चार अंक रहे। रूस के इयान नेपाम्नियाश्चि और फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव और फिरोजा संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहे। उनके बाद अमेरिका के लेवोन आरोनियन एक अंक पीछे थे। अब प्रज्ञानंद को वापसी के लिए ब्लिट्ज वर्ग में चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा। टूर रैंकिंग में वह तीसरे स्थान पर हैं। भारत के ही डी गुकेश चौथे स्थान पर हैं और इस टूर्नामेंट के बाद होने वाले सिनक्यूफील्ड कप में खेलेंगे।

## केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शूटर मनु भाकर को किया सम्मानित, 10 लाख रुपये का चेक भी दिया

नई दिल्ली, एजेंसी। सोनोवाल ने मनु, उनकी मां सुमेधा भाकर और पिता राम किशन भाकर को सम्मानित किया। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने मनु को सम्मान के तौर पर 10 लाख रुपये का चेक भी दिया। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतकर इतिहास रचने वाली निशानेबाज मनु भाकर को सम्मानित किया है। सोनोवाल ने मनु, उनकी मां सुमेधा भाकर और पिता राम किशन भाकर को सम्मानित किया। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने मनु को सम्मान के तौर पर 10 लाख रुपये



का चेक भी दिया। इसके अलावा मनु के पिता, जो मर्चेंट नेवी में चीफ इंजीनियर के रूप में काम करते हैं, को भी सोनोवाल ने सम्मानित किया।

इस अवसर पर सोनोवाल ने कहा, आज देश के लोग मनु भाकर पर गर्व महसूस करते हैं। निकट भविष्य में वह देश के लिए कई और पदक जीतने वाली हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है! उनमें क्षमता है, दूरदर्शिता, समर्पण, प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत भी दिखती है। मुझे विश्वास है कि ईमानदारी और प्रतिबद्धता की महान भावना के साथ मनु भाकर बार–बार चमकेंगी। वहीं, डबल ओलिंपिक पदक विजेता मनु भाकर कहती हैं, मुझे जो प्यार और सम्मान मिल रहा है, उसके लिए मैं आभार व्यक्त करती हूं। मेरे लिए अब तक का सफर लंबा रहा है। इस खेल में मुझे 8.5 साल हो गए हैं। बचपन से ही मैं लगी हुई थी खेल में। मुझे लगता है कि यह इस पल के लिए मेरी तैयारी का एक हिस्सा था।

मुझे लगता है कि मैं इस परिवार का हिस्सा हूं क्योंकि मेरे पिता मर्चेंट नेवी में चीफ इंजीनियर हैं। इस बार मेरा एक ही लक्ष्य था– प्रदर्शन करना क्योंकि टोक्यो ओलंपिक में मेरा प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं था।

बांग्लादेश टेस्ट सीरीज आते ही सरफराज खान बोले

# 'मुझे कोई उम्मीद नहीं है'

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के 26 वर्षीय मध्यक्रम के बल्लेबाज सरफराज खान ने कहा है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ डैब्यू सीरीज में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद बांग्लादेश की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के खिलाफ होने वाली आगामी टेस्ट सीरीज के लिए सिलेक्शन की उम्मीद नहीं कर रहे हैं। सरफराज को घरेलू क्रिकेट में सनसनीखेज प्रदर्शन करने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में जगह मिली थी। तभी विराट कोहली, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर टेस्ट टीम में नहीं थे जिसका फायदा सरफराज को मिला था।



सरफराज खान ने इंग्लैंड के खिलाफ 2 तेज अर्धशतक (62 और 68*) बनाकर अपने पहले गेम को यादगार बना दिया। दूसरे टेस्ट में वह (14 और 0) विफल रहे। लेकिन पांचवें और अंतिम टेस्ट में उन्होंने शानदार अर्धशतक (56) लगाया। भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज खेलनी है। पहला टेस्ट 19 सितंबर से तो दूसरा टेस्ट 27 सितंबर से क्रमश- चेन्नई और कानपुर में होगा। सरफराज खान के सामने अब एक ही रास्ता बचा है कि वह विराट कोहली और केएल राहुल की टीम इंडिया में वापसी के बाद दलीप ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करें और चयनकर्ताओं को प्रभावित करें। बहरहाल, बांग्लादेश सीरीज से पहले सरफराज ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि वह आगामी सीरीज में सिलेक्शन पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सरफराज ने कहा कि मैं बांग्लादेश श्रृंखला के बारे में नहीं सोच रहा हूं। लेकिन मुझे प्रक्रिया का पालन करना होगा और तैयार रहना होगा। यह (मैच खेलना) मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। बारिश के कारण मुझे मुंबई में इस स्तर का अभ्यास नहीं मिला है। आप इनडोर सुविधाओं में सिर्फ बॉलिंग मशीन, साइड-आर्म थ्रोअर या कभी-कभी गेंदबाजों का सामना कर रहे होते हैं, लेकिन मुझे इनडोर बल्लेबाजी करना पसंद नहीं है क्योंकि गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से आती है क्योंकि यह आपके लिए बहुत चुनौती होगी और आप केवल कठिन अभ्यास करके ही सुधार कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि उन्हें बांग्लादेश टेस्ट से कोई उम्मीद नहीं है लेकिन अगर उन्हें खेलने का मौका मिलेगा तो वह तैयार रहेंगे। सरफराज ने कहा कि मेरी कोई अपेक्षा नहीं है... लेकिन यदि अवसर आएगा तो मैं तैयार रहूंगा। मैं हमेशा से यही करता आ रहा हूं और मुझे इसे बदलने का कोई कारण नजर नहीं आता। उन्होंने टीम इंडिया में देरी से हुए डैब्यू पर कहा कि इसने उन्हें बेहतर क्रिकेटर बनाया। सरफराज बोले- कुछ को अपने करियर में बहुत जल्द ब्रेक मिल जाता है। कुछ को इंतजार करना होता है। मेरे मामले में, मैं भाग्यशाली रहा कि इसमें समय लगा। मुझे घरेलू क्रिकेट में काफी समय बिताने का मौका मिला और इस अनुभव ने मुझे एक बेहतर बल्लेबाज बनने में मदद की

दक्षिण अफ्रीका वर्सेस वेस्टइंडीज टेस्ट

## दक्षिण अफ्रीका 160 रन पर ढेर, शमर जोसेफ के 5 विकेट

**गुआना, एजेंसी।** गुआना के मैदान पर विंडीज तेज गेंदबाज शमर जोसेफ ने पांच विकेट लेकर साऊथ अफ्रीका को दूसरे टेस्ट के पहले ही दिन 160 पर ढेर कर दिया। प्रोविडेंस स्टेडियम में चल रही तेज हवाओं के बीच शमर के अलावा जेडन सील्स की गेंदें दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों पर कहर बनकर टूट पड़ी। अफ्रीका के लिए ट्रिस्टन स्टंब्स, डेविड, काइल और डेन ही 20 से ज्यादा रन बना पाए। शमर जोसेफ ने महज 33 रन देकर 5 विकेट लीं।

### दक्षिण अफ्रीका-160 (54 ओवर)

दक्षिण अफ्रीका की ओर से ऐडन मार्करम और टोनी ने ओपनिंग की। लेकिन चौथे ही ओवर में जेडन सील्स ने टोनी को बोल्ड कर दिया। 11वें ओवर में ऐडन भी 14 रन बनाकर शमर की गेंद पर बोल्ड हो गए। कप्तान बावुमा 0 पर आऊट हो गए। इस दौरान ट्रिस्टन स्टंब्स 26, डेविड 28, काइल 21 रन ही बना पाए। वियान मुल्डर 0, केशव महाराज 0, कागिसो रबाडा 0 पर आऊट हो गई। अंत में डेन पीड्ट ने 38 तो नार्दे बर्गर ने 23 रन बनाकर स्कोर 160 तक पहुंचा दिया। शमर जोसेफ ने महज 33 रन देकर 5 विकेट लीं जबकि जेडन सील्स ने 3 विकेट लीं।

### कभी सुरक्षा गार्ड था शमर जोसेफ



विंडीज तेज गेंदबाज शमर जोसेफ गुयाना के रहने वाले हैं। उन्होंने गुयाना के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला। उन्होंने जनवरी 2024 में एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेस्टइंडीज के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। अपने पेशेवर क्रिकेट करियर से पहले, उन्होंने एक सुरक्षा गार्ड के रूप में काम किया। वह ऐसे गांव में पला पढ़ा जहां पर इंटरनेट सुविधा या टेलीफोन कनेक्शन नहीं थे। जोसेफ ने अपने टेस्ट करियर की पहली गेंद पर एक विकेट भी लिया जब उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को 12 रन पर आउट कर दिया।

## बीसीसीआई ने महिला टी20 विश्व कप की मेज़बानी का प्रस्ताव ठुकराया

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की तरफ़ से दिए गए महिला टी 20 विश्व कप की मेज़बानी के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। आईसीसी को अब मेज़बानी पर अंतिम फ़ैसला 20 अगस्त को लेना है। 3 से 20 अक्तूबर के बीच होने वाली इस प्रतियोगिता की मेज़बानी से पीछे हटने के बाद श्रीलंका और यूएई दूसरे विकल्प बचे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने कहा, उन्होंने (आईसीसी) हमारे सामने विश्व कप की मेज़बानी का प्रस्ताव रखा था। लेकिन मैंने साफ़ तौर पर मना कर दिया, हमारे यहां ये समय बरसात का है और उससे अहम है कि अगले साल हमें ही विमेंस वनडे विश्व कप की मेज़बानी करनी है। मैं किसी को भी ग़लत संदेश नहीं देना चाहता कि हम लगातार दो विश्व कप की मेज़बानी करना चाहते हैं।



बांग्लादेश इस समय सरकार विरोधी आंदोलनों के कारण हिंसा और सुरक्षा चुनौतियों से जूझ रहा है, और यही वजह है कि आईसीसी बांग्लादेश की जगह किसी और को मेज़बानी देने पर विचार कर रही है। बांग्लादेश में कई लोगों की मौत हो गई है और उनकी प्रधानमंत्री शेख हसीना को गद्दी से हटा दिया गया है। आईसीसी के एक अधिकारी ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि बांग्लादेश की स्थिति पर नज़र रखी जा रही है और सभी विकल्प खुले रखे गए हैं।

आईसीसी के एक बयान में कहा गया था, हम बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड( बीसीबी), उनकी सुरक्षा एजेंसियों और हमारे अपने स्वतंत्र सुरक्षा सलाहकारों के साथ समन्वय में वहां हो रही गतिविधियों की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। हमारी प्राथमिकता सभी प्रतिभागियों की सुरक्षा और भलाई है। जबकि बांग्लादेश में नई अंतरिम सरकार टूर्नामेंट को बचाने के लिए अंतिम प्रयास कर रही है, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत सहित कई भाग लेने वाली टीमों की सरकार द्वारा जारी की गई यात्रा सलाह बीसीबी के लिए सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है।

सुरक्षा चुनौतियों के अलावा, बीसीबी भी संकट में है। उनके अध्यक्ष और पूर्व खेल मंत्री नजमुल हसन 5 अगस्त को अवामी लीग सरकार के पतन के बाद से प्रभावी रूप से कार्यालय से बाहर हैं। कई बोर्ड निदेशक, जिनके राजनीतिक संबंध हैं, वह भी संपर्क में नहीं हैं।

बांग्लादेश की पुरुष टेस्ट टीम इस समय दो मैचों की सीरीज़ के लिए पाकिस्तान दौरे पर है। बांग्लादेश में आंदोलन के कारण अभ्यास बाधित होने के बाद वे प्रस्तावित पाकिस्तान दौरे से कुछ दिन पहले ही पाकिस्तान पहुंच गए। बांग्लादेश की पुरुष टीम अगले महीने दो टेस्ट और तीन टी20 मैचों के लिए भारत का दौरा करने वाली है।

बांग्लादेश के भारत दौरे को लेकर शाह ने कहा, हमने उनसे (बांग्लादेश अधिकारियों से) बात नहीं की है। वहां एक नई सरकार ने कार्यभार संभाला है। वे हमसे संपर्क कर सकते हैं या फिर मैं उनसे संपर्क करूंगा। बांग्लादेश श्रृंखला हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

## रिकी पॉन्टिंग के इस दावे से सचिन का सपना रह जाएगा अधूरा, रोहित-विराट नहीं कर पाएंगे ये बड़ा काम


**नईदिल्ली, एजेंसी।** सचिन तेंदुलकर ने अपने 24 साल के करियर में कई रिकॉर्ड्स बनाए. सबसे ज्यादा शतक हो या रन उन्होंने क्रिकेट के लगभग सभी रिकॉर्ड्स अपने नाम किए. उन्होंने 463 वनडे मैच में 18426 रन बनाए, वहीं 200 टेस्ट मैच में 15921 रन बनाए. इन दोनों फॉर्मेट में उन्होंने कुल 100 शतक और 164 अर्धशतक जड़े हैं. इसके अलावा भी उन्होंने अपने करियर में कई बड़े कमाल किए. मुंबई में एक फंक्शन के दौरान सचिन ने इच्छा जताई थी कि उनके इन रिकॉर्ड्स को कोई भारतीय खासतौर से विराट कोहली या रोहित शर्मा तोड़े. हालांकि, रिकी पॉन्टिंग कुछ अलग विचार रखते हैं. उन्होंने हाल ही में एक बड़ा दावा किया है, जो सच साबित हुआ तो सचिन का सपना अधूरा रह जाएगा.



### क्या है पॉन्टिंग का दावा?

विराट कोहली पहले ही वनडे में 50 शतक लगा चुके हैं. 2023 के वनडे वर्ल्ड कप के दौरान उन्होंने सचिन तेंदुलकर के 49 वनडे शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ा था. उस वक्त 'लिटिल मास्टर' भी वहीं मौजूद थे और विराट के लिए जमकर तालियां बजाई थीं. लेकिन टेस्ट मैच में वो सचिन के आसपास भी नहीं दिखते हैं. वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रुट तेजी से इस फॉर्मेट में शतक और रन बना रहे हैं. इसी को देखते हुए रिकी पॉन्टिंग ने दावा किया है कि वो टेस्ट में सचिन से भी ज्यादा रन बना सकते हैं. हालांकि, इसके लिए उन्हें मौजूदा फॉर्म और रनों की भूख को अगले 4 सालों तक जारी रखना होगा.

# वीवीएस लक्ष्मण बने रहेंगे एनसीए के प्रमुख



एक साल के लिए बढ़ा कार्यकाल, आईपीएल कोच का ऑफर ठुकराया

नईदिल्ली, एजेंसी। वीवीएस लक्ष्मण ने साल 2021 में एनसीए प्रमुख की जिम्मेदारी संभाली थी, इस साल के सितंबर में उनका कार्यकाल खत्म् हो रहा है।

पूर्व भारतीय बैटर वीवीएस लक्ष्मण नेशनल क्रिकेट एकेडमी के प्रमुख बने रहेंगे। उनका कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ाया जाएगा। लक्ष्मण का तीन साल का करार अगले महीने सितंबर में समाप्त हो रहा है। इससे पहले यह कहा जा रहा था कि अगले साल के आईपीएल सीजन के लिए वह किसी फ्रेंचाइजी के मुख्य कोच बन सकते हैं।

लक्ष्मण ने इन सभी संभावनाओं को नकार कर एनसीए प्रमुख के रूप में कार्यकाल बढ़ाने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। उनके साथ उनके सहयोगियों सितांशु कोटक, साईराज बहुतुले और ऋषिकेश कानितकर का भी कार्यकाल बढ़ाया जाएगा। लक्ष्मण को सौरव गांगुली ने बीसीसीआई का प्रेजिडेंट रहते साल 2021 में एनसीए की कमान सौंपी थी।

### एनसीए नए कैम्पस में शिफ्ट होने वाला है

नेशनल क्रिकेट एकादमी अब नए कैम्पस में शिफ्ट होगा। पहले यह चिन्नास्वामी स्टेडियम में संचालित किया जा रहा था। इस अत्याधुनिक एनसीए परिसर में कम से कम 100 पिच होंगी, जिसमें 45 इनडोर पिच शामिल हैं। तीन अंतरराष्ट्रीय आकार के मैदान, एक आधुनिक पुनर्वास केंद्र, आवास सुविधाएं और ओलिंपिक आकार के पूल के अलावा कई अन्य सुविधाएं शामिल हैं। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में ये सारे काम अपने आखिरी स्टेज में है। खिलाड़ियों को ये सारी सुविधा अगले साल की शुरुआत से मिलने की संभावना है।

# सचिन 2.15 करोड़ में सबसे महंगे खिलाड़ी बने, आठ खिलाड़ियों ने 1 करोड़ का आंकड़ा पार किया

**मुंबई, एजेंसी।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 11 के लिए गुरुवार को मुंबई में हुई खिलाड़ियों की नीलामी के पहले दिन सचिन सबसे महंगे खिलाड़ी बनकर उभरे। उन्हें तमिल थलाइवाज ने 2.15 करोड़ रुपये में खरीदा था। मोहम्मदरेज़ा शादलुई चियानेह नीलामी के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बनकर उभरे, जिन्हें हरियाणा स्टीलर्स ने 2.07 करोड़ रुपये में खरीदा। वह लगातार खिलाड़ियों की नीलामी में 2 करोड़ रुपये से अधिक में खरीदे जाने वाले पहले विदेशी खिलाड़ी बन गए। 12 फ्रेंचाइजी टीमों को कुल 20 खिलाड़ी बेचे गए, जिसमें पहले दिन तीन फाइनल बिड मैच (एफबीएम) कार्ड का इस्तेमाल किया गया। बंगाल वारियर्स, तेलुगु टाइटंस और गुजरात जायंट्स ने क्रमश: मनिंदर सिंह, पवन सहरावत और सोमबीर के लिए एफबीएम कार्ड का इस्तेमाल किया।



### पीकेएल के सितारों ने तोड़ा रिकॉर्ड!

इस खिलाड़ी नीलामी में पीकेएल के इतिहास में 1 करोड़ रुपये के क्लब में रिकॉर्ड संख्या में खिलाड़ी शामिल हुए। गुरुवार को हुई प्लेयर ऑक्शन में सचिन, मोहम्मदरेज़ा शादलुई चियानेह, गुमान सिंह, पवन सहरावत, भरत, मनिंदर सिंह, अजिंक्य पवार और सुनील कुमार 1 करोड़ क्लब का हिस्सा थे। 1.15 करोड़ रुपये में यू मुंबा में गए सुनील कुमार अब तक के सबसे महंगे भारतीय डिफेंडर बन गए।

# शाहरुख खान को रोमांटिक हीरो कहे जाने से परहेज

हाल ही में स्विट्जरलैंड में 77वें लोकार्नो फिल्म फेस्टिवल में शीर्ष सम्मान पाने वाले बॉलीवुड आइकन शाहरुख खान ने कहा कि एक दर्शक के तौर पर उनके लिए अन्य सभी फिल्म शैलियां रोमांटिक फिल्मों से अधिक महत्वपूर्ण हैं। वो किसी खाके में फिट होना नहीं चाहते। रोमांस के बादशाह के रूप में मशहूर इस अभिनेता ने सिनेमा में अपने योगदान के लिए लोकार्नो फिल्म महोत्सव में पार्डो अला कैरियरा पुरस्कार जीता और एक्शन फिल्मों की शैली में अपने बदलाव के बारे में खुलकर बात की। अभिनेता ने 'वैरायटी' से कहा कि वह रोमांटिक हीरो कहे जाने वाले शब्द से हैरान हैं और ईमानदारी से कहूं तो उन्होंने कभी खुद को इस रूप में नहीं सोचा था। उन्होंने कहा, मैं (निर्देशक) आदित्य चोपड़ा के साथ बैठा था, जिन्होंने 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' से अपने करियर की शुरुआत की थी।


आदित्य ने मुझसे कहा कि अगर हम गिनती करें तो आपने लगभग पांच या छह रोमांटिक फिल्में की हैं जिन्हें क्लासिक रोमांटिक माना जाता है। मुझे लगता है कि मैं उनसे सहमत हूं, लेकिन ये भी सच्चाई है कि मुझे उसी तरह की श्रेणी में रखा जाता है। मेगास्टार ने आगे कहा कि उनका एक सपना है, और वह चाहते हैं कि उनके पास तस्वीरों वाला एक कमरा हो जहां वह अपने काम को देखें, तस्वीरें हर उस शैली की लगे जिसे देखकर वह बड़े हुए हैं। उन्होंने 'वैरायटी' से कहा, मैं एक दर्शक के तौर पर किसी शैली तक सीमित नहीं हूं। मुझे एक्शन फिल्में देखना पसंद है। अजीब बात है कि मुझे रोमांटिक फिल्में सबसे कम पसंद हैं। मुझे साइंस-फिक्शन फिल्में, डायस्टोपियन वर्ल्ड फिल्में, ऑफ-बीट, ह्यूमन ड्रामा फिल्में पसंद हैं। उन्होंने कहा, मुझे कोर्ट रूम ड्रामा पसंद हैं। मुझे थ्रिलर पसंद हैं। मुझे कभी-कभी हॉरर फिल्में भी पसंद हैं। मैंने ऐसा महसूस किया कि मैंने लंबे समय से कोई एक्शन फिल्म नहीं की है। मुझे टॉम क्रूज की फिल्में पसंद हैं। मिशन इम्पॉसिबल वह फिल्म हैं, जहां आपको चिंता नहीं करनी पड़ती, आप अधिकतर संतुष्ट होकर वापस आते हैं।





## श्रद्धा ने अपने लाईफ पार्टनर के बारें में बताया

डायरेक्टर अमर कौशिक की फिल्म 'स्त्री 2' को 15 अगस्त के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर फर्स्ट डे शानदार ओपनिंग की है। इसके आगे 'वेदा' और 'खेल खेल में' का रंग फीका पड़ गया है। इसमें राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी की एक्टिंग को काफी पसंद किया गया है। ऐसे में फिल्म की रिलीज से पहले ही फिल्म की दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी गई थी, जिसमें मूवी की स्टारकास्ट और मेकर्स पहुंचे थे। इस दौरान श्रद्धा कपूर ने बताया कि उन्हें कैसा लाइफ पार्टनर चाहिए। एक्ट्रेस ने अपने पार्टनर की खूबियों के बारे में भी बताया है। चलिए बताते हैं कि उन्होंने क्या कुछ कहा। पहले तो 'स्त्री 2' की प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्रद्धा कपूर से उनके कैरेक्टर को सवाल किया जाता है तो इस पर उन्होंने बताया कि उनके रोल में कुछ मिस्ट्री तो है। इस पर राजकुमार राव ने भी कहा कि उनके किरदार में कुछ मिस्ट्री है, जो फिल्म में देखने पर ही पता चलेगा। इसके साथ ही बात करते हुए श्रद्धा ने अपने लाइफ पार्टनर के बारे में भी बताया कि उसमें क्या खूबियां होनी चाहिए। दरअसल, श्रद्धा से सवाल किया गया था कि वो फिल्म के एक गाने में वरुण धवन और राजकुमार राव के साथ रोमांस कर रही हैं ऐसे में रियल लाइफ में अगर वो किसी की गर्लफ्रेंड या पार्टनर बनती हैं तो कैसी बनेंगी, रेड फ्लैग या फिर क्या इस पर श्रद्धा ने बात करते हुए कहा कि वो ईमानदारी से रेड फ्लैग वाली गर्लफ्रेंड बनना चाहेंगी। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने आगे पार्टनर के बारे में बात करते हुए कहा, 'जब लड़का और लड़की बड़े हो रहे होते हैं तो वो लिस्ट बनाते हैं कि उन्हें कैसा पार्टनर चाहिए।' श्रद्धा ने अपनी लिस्ट के बारे में बात करते हुए कहा, 'मैं एक अच्छा पार्टनर चाहती हूं। क्योंकि मुझे पूरी तरह से फेयरटेल रोमांस में विश्वास है इसलिए, मुझे बेस्ट पार्टनर चाहिए। जैसी मैं हूं मुझे वैसा ही पार्टनर चाहिए।' आपको बता दें कि श्रद्धा कपूर पिछले कुछ दिनों से अपने ब्रेकअप की खबरों को लेकर चर्चा में हैं। पहले खबरें रही हैं कि एक्ट्रेस काफी समय से राहुल मोदी को डेट कर रही थीं वहीं, अब बीते कुछ दिनों से खबर है कि इनका ब्रेकअप हो गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो एक्ट्रेस ने राहुल को अनफॉलो कर दिया है। तभी से इनके अलग होने की चर्चा जोरों पर है। गौरतलब है कि श्रद्धा ने राहुल के साथ अपनी एक फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की थी। इसे शेयर करने के साथ ही उन्होंने लिखा था, 'दिल रख ले नींद तो वापस दे दे यार।' तभी से दोनों की डेटिंग की खबरें मीडिया में खूब रही हैं। दोनों को कई बार साथ में स्पॉट भी किया जाता रहा है, जिसने रिलेशनशिप की अफवाहों को हवा दी।




## शाहिद कपूर की फिल्म कमीने के 15 साल पूरे

### फैंस ने की सीक्वल की मांग

**बॉलीवुड** के हैंडसम स्टार शाहिद कपूर अपनी एक्शन फिल्म कमीने के 15 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। इसको लेकर एक्टर ने फिल्म से एक मोंटाज वीडियो शेयर किया है। इंस्टाग्राम पर शाहिद के 46.9 मिलियन फॉलोअर्स हैं। एक्टर ने इस फोटो शेयरिंग एप्लीकेशन पर फिल्म की कुछ तस्वीरें शेयर की। इस फिल्म में शाहिद ने चार्ली और गुड्डू की दोहरी भूमिका निभाई थी। पोस्ट का शीर्षक दिया गया, कमीने के पंद्रह साल! अभिनेता जिबरान खान ने लिखा, क्लासिक।

एक प्रशंसक ने टिप्पणी करते हुए लिखा, इस शाहिद को मिस करता हूं। कबीर सिंह से बहुत बेहतर। एक अन्य उपयोगकर्ता ने कहा, हमें सीक्वल चाहिए।

2009 की एक्शन फिल्म कमीने विशाल भारद्वाज द्वारा लिखी और निर्देशित की गई थी और यह यूटीवी मोशन पिक्चर्स के तहत रॉनी स्क्रूवाला द्वारा निर्मित है। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और अमोल गुप्ते भी मुख्य भूमिकाओं में थे। मुंबई अंडरवर्ल्ड की पृष्ठभूमि पर आधारित कमीने में दो जुड़वां बच्चों के बीच प्रतिद्वंद्विता को दिखाया गया है, जिनमें से एक तुतलाता है और दूसरा हकलाता है।

विशाल भारद्वाज द्वारा बनाए और गुलजार द्वारा लिखे गए गीतों वाली इस फिल्म के साउंडट्रैक में आठ ट्रैक शामिल थे। इसके गाने विभिन्न प्लेटफॉर्म पर चार्ट में सबसे ऊपर थे। इस एल्बम में धन ते नान, फाटक, रात के ढाई बजे और पहली बार मोहब्बत जैसे हिट गाने शामिल थे। निजी जीवन की बात करें तो शाहिद ने जुलाई 2015 में मीरा राजपूत से शादी की थी। इस जोड़े के दो बच्चे बेटी मीशा और बेटा ज़ैन है। पेशेवर मोर्चे पर शाहिद ने 2003 में केन घोष द्वारा निर्देशित रोमांटिक कॉमेडी फिल्म इश्क विश्क से अपनी शुरुआत की थी इस फिल्म में अमृता राव और शेनाज ट्रेजरीवाला भी थीं।




## अभिनेत्री निया शर्मा ने बताया, कौन है उनके पसंदीदा को-स्टार

**फिल्म** अभिनेत्री निया शर्मा अपने पसंदीदा सह-कलाकार अभिनेता रवि दुबे को याद करते हुए भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि वो अपने पसंदीदा अभिनेता को पर्दे पर बहुत याद करती हैं। अभिनेत्री निया शर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें वो कहती हुई नजर आ रही हैं कि, पिछले 13 साल में मैंने इतना काम किया है। अब मुझे अभिनेता रवि और मेरे तालमेल को देखकर अत्यधिक उत्साहित होती हूं।

मेरी और रवि की एक अच्छी जोड़ी रही और हमने हर तरह की भावनाएं साझा कीं। हम दुश्मन भी रहे और दोस्त भी रहे, इसलिए उनके साथ काम करने का लंबा सफर मुझे बहुत याद आता है। अब वो समय वापस नहीं आएगा। निया के इस वीडियो को अभिनेता रवि ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। उन्होंने इसके कैप्शन में लिखा, निया, इसके साथ ही दिल वाली इमोजी भी लगाई। निया ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर रवि के लिए लिखा आपके अच्छे व्यवहार की वजह है कि मैं यह कर रही हूं।

बता दें कि निया शर्मा और रवि दुबे 2014 के टीवी ओपेरा जमाई राजा में सह-कलाकार रहे हैं। इसका निर्माण अभिनेता अक्षय कुमार ने किया था और सह-निर्माता अश्विनी यार्डी और मीनाक्षी सागर थे। इसमें शाइनी दोशी और अचिंत कौर ने भी मुख्य भूमिका निभाई थी।

जमाई 2.0 जमाई राजा का सीक्वल है जो ओटीटी प्लेटफॉर्म जी पर स्ट्रीम हो रहा है। निया शर्मा सेलिब्रिटी कुकिंग शो लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट में नजर आ रही हैं। इस शो में कृष्णा अभिषेक, राहुल वैद्य, करण कुंद्रा, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, जन्नत जुबैर रहमानी, रीम शेख, सुदेश लहरी और कश्मीरा शाह भी हैं। इस शो की मेजबानी की कमान भारती सिंह ने संभाली है और जज की भूमिका में शेफ हरपाल सिंह हैं। निया थ्रिलर-रोमांस सुहागन चुड़ैल में निशिगंधा की भूमिका भी निभा रही हैं। निया को एक हजारों में मेरी बहना है, बहनें, मेरी दुर्गा, काली - एक अग्निपरीक्षा में उनकी भूमिकाओं के लिए भी जाना जाता है। साल 2020 में उन्होंने खतरों के खिलाड़ी मेड इन इंडिया में भाग लिया और विजेता बनकर उभरीं।




### वेदा के फैन हुए

## विक्की कौशल और कैटरीना कैफ

### सोशल मीडिया पर की जमकर तारीफ

**फैंस** के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार वेदा ने सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। कई फिल्मी सितारों ने इस फिल्म की जमकर तारीफ की है। हाल ही में कैटरीना कैफ और विक्की कौशल ने भी फिल्म देखकर वेदा की टीम का हौसला बढ़ाया है। जॉन अब्राहम औ शरवरी वाघ अभिनीत फिल्म वेदा आज यानी 15 अगस्त 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस एक्शन ड्रामा फिल्म को लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। कई फिल्मी सितारों ने भी वेदा और उसके कलाकारों की जमकर तारीफ की है। सनी कौशल के बाद अब इस लिस्ट में उनके भाई विक्की कौशल और भाभी कैटरीना कैफ का नाम भी शामिल हो गया है। हाल ही में दोनों सितारों ने सोशल मीडिया पर फिल्म की जमकर तारीफ की। विक्की कौशल ने शरवरी की एक तस्वीर साझा करते हुए उनकी प्रतिभा की जमकर तारीफ की। इस पोस्ट में उन्होंने अभिनेत्री को फाइटर वेदा बताया।

### गदर सिर्फ एक फिल्म नहीं देश की भावना है:अनिल शर्मा



**सनी** देओल और अमीषा पटेल अभिनीत फिल्म 'गदर 2' को रिलीज हुए एक साल पूरा हो गया है। फिल्म के निर्देशक अनिल शर्मा ने कहा कि यह ब्लॉकबस्टर सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि देश की भावना है। गदर फ्रेंचाइजी के बारे में बात करते हुए शर्मा ने कहा, गदर सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह भारत की भावना है। यही फिल्म की जान है।

ये देश की भावना है और भारत इसके साथ जुड़ा हुआ है। ये गदर का ब्रांड है। मैं इसे देशभक्ति या परिवार कह सकता हूं। ये भारत की भावना है। पीरियड ड्रामा फिल्म गदर 2 2001 में रिलीज हुई गदरः एक प्रेम कथा का सीक्वल है। सनी, अमीषा और अभिनेता उत्कर्ष शर्मा ने पिछली फिल्म से अपनी भूमिकाएं दोहराई है। जहां उन्होंने पिछली बार तारा सिंह, सकीना और जीते की भूमिकाए निभाईं थी। गदर 2 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर बनाई गई है। इसमें सनी का किरदार अपने बेटे चरणजीत को बचाने के लिए पाकिस्तान जाता है। यह फिल्म 2023 की पाचवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म थी और इसे अब तक की आठवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म का तमगा भी मिला है। पिछले साल के जश्न को याद करते हुए अनिल ने कहा, इस फिल्म को रिलीज हुए एक साल हो गया है। मुझे याद है कि यह 15 अगस्त की सुबह थी और इस दिन फिल्म ने 55 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की थी। निर्देशक अनिल शर्मा ने ब्लॉकबस्टर गदर को प्यार देने के लिए दर्शकों को धन्यवाद दिया।

### तीस साल बाद वापसी करना चाहती हैं सोनम



**बीते** जमाने की एक्ट्रेस सोनम खान ने 30 साल के अंतराल के बाद फिर से अभिनय में करियर बनाने की इच्छा जताई है। उन्होंने इसके साथ ही 1992 की थ्रिलर फिल्म विश्वात्मा के गाने दिल ले गई तेरी बिंदिया की शूटिंग के दौरान की अपनी एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर शेयर की। फिल्म विश्वात्मा के समय मेरी शादी हो चुकी थी। उस समय में महज 18 साल की थी। एक सफर खत्म हुआ, जिसे अब मैं पूरी गंभीरता के साथ और आगे बढ़ाना चाहती हूं। मैं फिर से काम करना चाहती हूं। विश्वात्मा का निर्देशन राजीव राय ने किया था।

वहीं गुलशन राय ने इसे प्रोड्यूस किया था। इसमें सनी देओल, नसीरुद्दीन शाह, चंकी पांडे, दिव्या भारती और ज्योस्तना सिंह ने अभिनय किया था। बॉलीवुड और तेलुगु इंडस्ट्री में अपने काम के लिए मशहूर सोनम दिग्गज अभिनेता मुराद की पोती हैं। उन्होंने 1987 में तेलुगु फ़िल्म सम्राट से डेब्यू किया था। अभिनेत्री ने फिल्म त्रिदेव के लोकप्रिय गाने ओए ओए...तिरछी टोपी वाले से प्रसिद्धि पाई। एक्शन थ्रिलर फिल्म का निर्देशन और सह-लेखन राजीव राय ने किया था और इसमें नसीरुद्दीन शाह, सनी देओल, जैकी श्रॉफ, माधुरी दीक्षित, संगीता बिजलानी, अनुपम खेर और अमरीश पुरी थे। वह आखिरी अदालत, आखिरी गुलाम, मिट्टी और सोना, सच्चाई की ताकत, ना-इंसाफी, हम भी इंसान हैं, प्यार का कर्ज, क्रोध, चोर पे मोर, अपमान की आग, स्वर्ग जैसा घर, अजूबा कुदरत का, दुश्मन देवता, अजूबा दो मतवाले, बाज़, दो फंटूश जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

### अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स की रिलीज टली



**अक्षय** कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म स्काई फोर्स का प्रोमो स्त्री 2 से नहीं जोड़ा जाएगा। यह खबर कई लोगों के लिए आश्चर्य की बात है, खासकर तब जब स्काई फोर्स इंडस्ट्री में काफी चर्चा का विषय रही है। प्रदर्शनी क्षेत्र के एक सूत्र ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा, स्काई फ़ोर्स का प्रोमो अभी तैयार नहीं है, यही वजह है कि इसे स्त्री 2 से नहीं जोड़ा जाएगा।

पहले की रिपोर्टों से पता चला था कि निर्माताओं ने स्त्री 2 के साथ प्रोमो रिलीज़ करने की योजना बनाई थी, लेकिन उन्होंने इस निर्णय को टाल दिया है। इस अप्रत्याशित बदलाव ने प्रशंसकों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि उन्हें अक्षय कुमार के अगले बड़े प्रोजेक्ट की पहली झलक कब मिलेगी।

फिल्म को लेकर अनिश्चितता को बढ़ाते हुए, वितरण क्षेत्र के एक सूत्र ने खुलासा किया कि स्काई फोर्स को विलंबित कर दिया गया है और यह 2 अक्टूबर को रिलीज़ नहीं होगी, जैसा कि पहले घोषणा की गई थी। सूत्र ने कहा, फिल्म को आगे बढ़ा दिया गया है और यह 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में नहीं आएगी। अक्षय कुमार अपनी हालिया रिलीज़ और बॉक्स ऑफिस पर उनके प्रदर्शन को देखते हुए स्काई फोर्स की शूटिंग में आगे बढ़ने से पहले खुद को फिर से तरोताजा करना चाहते हैं। निर्माता अक्षय कुमार की दो रिलीज़ के बीच कुछ अंतराल चाहते हैं।